वाराणसी, गुरुवार, 5 दिसम्बर, 2024

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 13, अंक 297, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : कहीं भी खेल सकता हूं, बस प्लेइंग 11 में रहना चाहता हूं : केएल राहुल

अन्दर : दक्षिण एशिया में नेतृत्व की चुनौतियां

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सस्पेंस खत्म : फडणवीस अगले सीएम

## एकनाथ शिंदे और अजित पवार होंगे डिप्टी सीएम, शपथ ग्रहण समारोह आज



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस खत्म होने के बाद डिप्टी सीएम को लेकर भी सस्पेंस खत्म हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, एकनाथ शिंदे आखिरकार मान गए हैं। वह गुरुवार को डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने को तैयार हो गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में फडणवीस ने शिंदे से सरकार में शामिल होने की गुजारिश की थी। शिंदे ने फैसला लेने के लिए शाम तक का इंतजार करने को कहा था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह खुद और राकांपा प्रमुख अजित पवार भी गुरुवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे, शिवसेना प्रमुख ने कहा कि शाम तक इंतजार करें। अब सूत्रों के हवाले से जो खबर सामने आई है उसके अनुसार एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने को तैयार हो गए हैं। इससे पहले शिंदे को धन्यवाद

**हो गया फैसला**

**फडणवीस ने कहा-सीएम पद हम सबके बीच एक तकनीकी समझौता**

देते हुए फडणवीस ने कहा कि मैंने एकनाथ शिंदे से कैबिनेट में बने रहने का अनुरोध किया था। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा करेंगे। मुख्यमंत्री पद हमारे बीच सिर्फ एक तकनीकी समझौता है। हम निर्णय लेने के लिए साथ रहे हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे। इससे पहले शिंदे ने कहा कि ढाई साल पहले, फडणनवीस ने मुख्यमंत्री बनने के लिए मेरे नाम की सिफारिश की थी। इस बार हम मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके नाम की सिफारिश करते हैं। एकनाथ शिंदे ने 27 नवंबर को बड़ा त्याग कर दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम पद का दावा छोड़ दिया। शिंदे ने कहा, ‘मैंने कभी भी अपने आप को मुख्यमंत्री नहीं समझा। मैंने हमेशा आम आदमी बनकर काम किया। राज्य को चलाने के लिए केंद्र सरकार का साथ जरूरी है। मुझे पद की लालसा नहीं है। हम लड़ने वाले लोग नहीं हैं।हम काम करने वाले लोग हैं। सरकार बनाने में हम अड़चन नहीं बनेंगे।



शिंदे ने कहा था, मैंने पीएम और गृह मंत्री से भी कह दिया है कि महाराष्ट्र में कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है। कोई नाराज नहीं है। कोई गायब नहीं है। यहां कोई मतभेद नहीं है। एक स्पीड ब्रेकर था- महा विकास अघाड़ी।अब वो भी हटा दिया गया है। पीएम मोदी-अमित शाह का जो भी फैसला लेंगे, वो हमें स्वीकार है। बीजेपी की बैठक में आपका कैंडिडेट चुना जाएगा, वो भी हमें स्वीकार है। हम सरकार बनाने में अड़चन नहीं हैं। फडणवीस और शिंदे ने कहा कि कितने और कौन कौन मंत्री शपथ लेगें, इसकी जानकारी दे दी जाएगी । शपथ ग्रहण गुरुवार को शाम 5.50 बजे आजाद मैदान में होगा। मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे? इस पर अजित पवार ने कहा कोई ले रहा है या नहीं, ये अलग बात है। इन लोंगो का शाम तक होगा। मैं तो कल शपथ ले रहा हूँ, यह तय है। इस पर शिंदे ने कहा कि अजित दादा को दिन में और शाम को शपथ लेने का अनुभव है। इस पर जमकर ठहाका लगा।

# आईआईटी बीएचयू छात्रा गैंगरेप के आरोपी को हाईकोर्ट ने दी बेल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत गिरफ्तार एक व्यक्ति को जमानत दे दी। कोर्ट ने जिस शख्स को जमानत दी वो आईआईटी-बीएचयू छात्रा से गैंगरेप मामले में भी आरोपी है। आरोपी शख्स का नाम सक्षम पटेल है। जो कथित तौर पर बीजेपी आईटी सेल का सदस्य है। उसको पिछले साल दिसंबर में गिरफ्तार किया था और तब से वो जेल में है। हालांकि, इस साल अक्टूबर में हाई कोर्ट ने बलात्कार के मामले में उसे जमानत दे दी थी, लेकिन गैंगस्टर एक्ट मामले (वर्तमान मामला) में जमानत याचिका लंबित होने के कारण वह जेल से बाहर नहीं आ सका। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की पीठ ने उसे यह कहते हुए राहत प्रदान की कि गैंग चार्ट में दर्शाए गए एक मामले में आवेदक को पहले ही ट्रायल कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसके अलावा, उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी को इस शर्त पर जमानत दी गई है कि वह मुकदमे के

**ये भी छूटे**

**कोर्ट ने लगाईं कुछ शर्तें**



दौरान सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेगा, अभियोजन पक्ष के गवाह पर दबाव नहीं डालेगा और न ही धमकाएगा। साथ ही वह यूपी गैंगस्टर्स और असामाजिक क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा 19(4)(बी) की आवश्यकता के अनुसार एक वचन भी दाखिल करेगा कि वह किसी भी मामले में शामिल नहीं होगा या जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा। तीनों आरोपियों-आनंद उर्फ अभिषेक चौहान, कुणाल पांडे और सक्षम पटेल (आवेदक) पर छात्रा के साथ बलात्कार करने का आरोप है। जब छात्रा 1 नवंबर, 2023 की रात को अपने दोस्त के साथ छात्रावास से बाहर आई थी। हालांकि इस मामले में चौहान और पांडे को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# यूपी के गुंडा ऐक्ट पर एससी नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का गुंडा और गैर सामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून बहुत सख्त है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मई 2023 में गुंडा एक्ट के तहत लंबित कार्यवाही रोकने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी थी। इस पर याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर बीते साल नवंबर में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। साथ ही शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत किसी कार्रवाई पर भी रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल और अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिए

**कहा-बहुत सख्त है कानून**

**प्रावधानों की संवैधानिकता पर होगी सुनवाई**



याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि यूपी गैंगस्टर्स एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार है और पिछली प्राथमिकी से उपजी है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राथमिकी दर्ज करना कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गैंगस्टर्स एक्ट लगाना पक्षपातपूर्ण है और यह पुलिस एवं न्यायिक मशीनरी का दुरुपयोग है।

बुधवार को याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क देते हुए कहा कि उनके खिलाफ पहले 1986 एक्ट की धाराओं में अवैध खनन का मामला दर्ज किया गया। एक ही आरोप में दो बार मामला दर्ज किया गया। गुंडा एक्ट की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा कि इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। पीठ ने ये भी कहा कि इस कानून के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती वाली एक अन्य याचिका पर भी अदालत सुनवाई करेगी। इससे पहले हाईकोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि उसे गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। उनके वकील ने हाई कोर्ट के समक्ष दावा किया था कि गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला केवल एक अन्य मामले के आधार पर दर्ज किया गया है जिसमें याचिकाकर्ता का नाम नहीं है।

# नोएडा जा रहे टिकैत को हिरासत में लेने पर भड़की भाकियू

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल से किसानों को हटाकर जेल भेजे जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन ने आज ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर महापंचायत बुलाई गई। इस महापंचायत में शामिल होने बुधवार को नोएडा जा रहे किसान नेता राकेश टिकैत को यमुना-एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने रोक लिया। पुलिस उन्हें टप्पल थाने ले आई।

किसान नेता ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर वह लखनऊ तक ट्रैक्टर यात्रा शुरू करेंगे। अब आरपार की लड़ाई होगी। वहीं पश्चिमी यूपी में भाकियू कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। मेरठ के परतापुर थाने में जहां कार्यकर्ता थाने में धरना देकर बैठ गए तो वहीं रोहटा में भी कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। महापंचायत में शामिल होने जा रहे राकेश टिकैत को हिरासत में

**नाराजगी**

**वेस्ट यूपी में कार्यकर्ताओं ने घेरे थाने, हंगामा, कहासुनी**

लेने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने प्रतापपुर थाने में धरना दिया। सनी सिसोला प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों किसान परतापुर थाने परिसर मे पहुंचे और त्रिपाल बिछाकर धरने पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़ आगरा और मुरादाबाद के किसानों के साथ आज ग्रेटर नोएडा कूच करने का एलान कर दिया था। मेरठ और सहारनपुर मंडल के किसान परतापुर में एकत्र होकर नोएडा जाने के लिए निकले तो उन्हें पुलिस ने रोक दिया।

# सुखबीर बादल पर हमला, बाल-बाल बचे

**अमृतसर।** स्वर्ण मंदिर के बाहर बुधवार को सेवादार के रूप में सेवा दे रहे शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर एक पूर्व आतंकवादी ने गोली चला दी। हालांकि, बादल की सुरक्षा के लिए साधारण कपड़ों में तैनात एक पुलिसकर्मी ने आरोपी को काबू में कर लिया, जिससे उसका निशाना चूक गया और बादल बाल-बाल बच गए। आरोपी को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पंजाब में शिअद सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई गलतियों के लिए स्वर्ण मंदिर में सेवादार के रूप में बादल की सजा का यह दूसरा दिन था। इसके कवरेज के लिए पहुंचे मीडियाकर्मियों के कैमरे में हमले का पूरा दृश्य रिकॉर्ड हो गया। टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित दृश्यों में बादल एक पैर में फ्रैक्चर के चलते व्हीलचेयर पर बैठकर सेवा करते दिखते हैं। हमलावर

**पुलिस ने बचाया**

**स्वर्ण मंदिर के बाहर दे रहे थे सेवा, आरोपी गिरफ्तार**



धीरे-धीरे उनकी ओर बढ़ता दिखता है और अपनी जेब से हथियार निकालता है। इस बीच, बादल के पास साधारण कपड़ों में खड़े एक पुलिसकर्मी ने तुरंत हमलावर के हाथ पकड़ लिए। इस दौरान चली एक गोली बादल के पीछे की दीवार पर लगी। घटना में वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्य बल के सदस्य भी बचाव करने लगे। बादल को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। पूर्व उपमुख्यमंत्री की पत्नी और बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल अपने पति से मिलने स्वर्ण मंदिर पहुंचीं।

अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस की सतर्कता से यह हमला विफल हो गया। आरोपी नारायण सिंह चौरा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी। भुल्लर ने कहा कि चौरा स्वर्ण मंदिर में अकेले ही आया था। उससे पूछताछ के बाद हमले के मकसद का पता लगाया जाएगा।

# असम में गोमांस खाना व परोसना बैन

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्यभर के होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस न तो खाया जाएगा और न ही परोसा जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जाएगा। बिस्वा के आदेश पर असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने असम कांग्रेस को इस फैसले का स्वागत करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गोमांस मत खाओ या पाकिस्तान चले जाओ। बुधवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस सेवन पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधानों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। सरमा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने तथा खाने पर रोक लगाने का

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

**प्रतिबंध**

**होगा कड़ा ऐक्शन, सीएम हिमंत बिस्वा का आदेश**

फैसला किया है। सरमा ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने तीन साल पहले गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून पास किया था। अब हमने पूरे राज्यभर में गोमांस खाने पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। यह आदेश सभी होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक आयोजनों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि पहले हमने मंदिर के पांच किलोमीटर दूर तक गोमांस खाने या परोसने पर बैन लगाया था, लेकिन अब नए आदेश में हम इस आदेश को पूरे राज्य में जारी कर रहे हैं।

## कार पर लिखा था भारत सरकार, अंदर मिला पैसों से भरा बैग

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक बिहार के सीतामढ़ी के डुमरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शंकर चौक से एक लग्जरी कार से पैसों से भरा बैग के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए लोग जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। वहीं जिस वाहन से पैसे से भरा बैग बरामद किया है उसपर भारत सरकार लिखा है।

## ट्रेन के पार्सल वैन में बम!

**नई दिल्ली।** अमृतसर से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 11058 को बम से उड़ाने की धमकी मिली है जिसके बाद हड़कंप मच गया। ट्रेन के पार्सल वैन में बम रखे होने की सूचना मिलने जीआरपी में भी खलबली मच गई।

# संसद में उठा बांग्लादेश का मुद्दा

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के आठवें दिन बुधवार सुबह 11 बजे लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही फिर से शुरू हुई। दोनों सदनों में आज सामान्य रूप से कामकाज हुआ। हालांकि, विपक्ष का कुछ मुद्दों को लेकर हंगामा भी देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बॉयलर अधिनियम, 1923 को बदलने के लिए राज्यसभा में बॉयलर विधेयक, 2024 पेश किया। बुधवार को संसद के दोनों सदनों में प्रश्नकाल के दौरान अपेक्षाकृत सुचारु कार्यवाही देखने को मिली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि देश में हर रेल यात्री को यात्रा टिकट पर 46 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने लोकसभा में

**चिंता जताई**

**किसानों को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा**

प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि रेल मंत्रालय यात्रियों के लिए सब्सिडी पर हर साल 56,993 करोड़ रुपये की राशि खर्च करता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1989 के रेलवे अधिनियम के साथ 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम को एकीकृत करने के प्रावधान वाला एक विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया और कहा कि इसके पारित होने से रेलवे की क्षमता में इजाफा होगा। वैष्णव



ने रेल संशोधन विधेयक, 2024 को सदन में चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों द्वारा अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने की पृष्ठभूमि में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि सदस्यों को संसद के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए। बिरला ने सदन में कहा, मैंने पूर्व में भी आग्रह किया था, फिर आज आग्रह कर रहा हूं... संसद भवन के प्रवेश द्वार पर अवरोध होने की शिकायत कई सदस्यों ने की है। मेरा सभी राजनीतिक दलों से आग्रह है कि संसद भवन में आगमन के समय प्रवेश द्वार को अवरुद्ध नहीं करें। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार और एक हिंदू पुजारी को गिरफ्तार करने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाते हुए हेमा मालिनी समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की।

# राहुल व प्रियंका को संभल जाने की नहीं मिली इजाजत

**रोका गया**

**गाजियाबाद बॉर्डर से लौटे दिल्ली**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को संभल के लिए निकले थे लेकिन उन्हें यूपी बॉर्डर पर ही रोक दिया गया और उनका काफिला आगे नहीं बढ़ सका। अब राहुल और प्रियंका के काफिले को वापस दिल्ली भेज दिया गया। इसके बाद, सभी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता दिल्ली की तरफ लौट गए। संभल जाने के लिए राहुल और प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, केएल शर्मा, उज्जल रमन सिंह, तनुज पूनिया और इमरान मसूद साथ निकले थे। राहुल और प्रियंका, पिछले दिनों हुई हिंसा में मारे गए लोगों से मुलाकात करने के इरादे से जाना चाहते थे। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने संभल में 10 दिसंबर तक नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं के प्रवेश पर बैन है। कांग्रेस नेताओं के



रवाना होने से पहले ही, दिल्ली के बॉर्डर पर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद थी और बैरिकेडिंग की गई। पुलिस प्रशासन ने राहुल और प्रियंका गांधी के काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोका दिया गया। दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर पुलिस के द्वारा रोके जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा, पुलिस की गाड़ी में ही हममें से पांच लोगों को संभल ले चलिए। इसके बाद राहुल गांधी ने पुलिस से मांग की है कि मुझे अकेला संभल जाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने पुलिस से कहा, मैं आपकी गाड़ी में संभल जाऊंगा, ले चलिए मुझे। राहुल की इस मांग पर भी प्रशासन ने अभी तक हामी नहीं भरी और राहुल गांधी के काफिले को उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर रोक दिया गया।

राहुल गांधी ने कहा, हम संभल जाना चाहते है, पुलिस रोक रही है। नेता विपक्ष के नेता होने के नाते मैं जा सकता हूं। मैं अकेला जाने को तैयार हूं, मैं पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं। मेरा अधिकार है कि मैं वहां जाऊं। संविधान के तहत मैं जा सकता हूं, हम देखना चाहते है कि संभल में क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं, मेरा अधिकार मुझे नहीं दिया जा रहा है। ये लोग लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, हम लड़ते रहेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, जो संभल में हुआ वो गलत है। राहुल जी नेता विपक्ष हैं, उनको नहीं रोक सकते। पुलिस उनका अधिकार छीन रही है। सोचिए कि यूपी की स्थिति क्या है, यूपी का लॉ एंड ऑर्डर खराब है। राहुल और प्रियंका के साथ संभल के लिए निकले इमरान मसूद ने कहा, आप इसको जल्दी से खोलिए। आप लोगों को क्यों परेशान कर रहे हैं। अगर आप हमें नहीं जाने देना चाहते हैं, तो रोक लीजिए लेकिन लोगों का रास्ता नहीं बंद करिए। वहीं, तनुज पूनिया ने कहा कि आज नहीं जाने देंगे, तो बाद में जाएंगे, 10 तारीख के बाद जाएंगे। इससे पहले यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने कहा था, हम 5 लोग जाएंगे, 5 लोगों को तो परमिशन है। धारा 163 में परमिशन होती है कि 5 लोग जा सकते हैं।

हम लोग सियासी रोटी नहीं सेंक रहे हैं, संभल में अत्याचार को दबाने का प्रयास है। पुलिस के द्वारा रास्ता रोके जाने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता गाजीपुर एनएच 9 पर बैठ गए और रघुपति राघव गाने लगे थे।

## अखिलेश यादव ने उठाया सवाल

राहुल गांधी को यूपी बॉर्डर पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार क्या छिपा रही है? सभी का ये मानना है कि संभल में जो भी हुआ है, वो प्रशासन की गलती थी। किसी भी दल के नेता को जाने नहीं दे रहे हैं। लोगों पर दबाव बना देंगे और सुबूत छिपा देंगे। उसके बाद जाने से क्या फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि यूपी पुलिस का कमाल है, जो कारतूस की बात कर रहे है कि वो पाकिस्तान के हैं। पुलिस वो काम किसी को छिपाने के लिए कर सकती है। पुलिस न्याय नहीं पर लोगों को फंसाने में लगी रहती है।

## कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा को लखनऊ में किया गया हाउस अरेस्ट, घर के बाहर फोर्स तैनात

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज संभल जा रहे हैं। उनके साथ ही कांग्रेस के कई अन्य नेता भी संभल जाने की तैयारी में हैं। लखनऊ में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें 9:30 पर संभल के लिए रवाना होना था। इसके पहले, राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, संगठन महासचिव अनिल यादव सहित आदि नेता मंगलवार शाम दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। यह सभी राहुल गांधी के साथ संभल जाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो रास्ते में ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारी हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार हैं। बता दें कि सोमवार को ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पार्टी नेताओं के साथ संभल जाने की तैयारी में थे। किंतु पुलिस-प्रशासन ने उन्हें प्रदेश मुख्यालय में ही हाउस अरेस्ट कर लिया था। जबकि अन्य नेताओं व कार्यकताओं को हिरासत में लेकर ईको-गार्डेन भेजा गया था।

# प्रियंका गांधी ने अमित शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में केरल के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रियंका गांधी मुलाकात के दौरान केंद्र सरकार से वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने गृहमंत्री से आपदा प्रभावित लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के साथ क्षेत्र में आवश्यक बुनियादी ढांचा बहाल करने का भी अनुरोध किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि इस त्रासदी पर दलगत राजनीति से परे विचार करने की जरूरत है। प्रियंका गांधी ने गृह मंत्री से आपदा की गंभीरता को देखते हुए पुनर्वास प्रयासों के लिए आवश्यक धनराशि जारी करने पर तत्काल विचार करने का आग्रह किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने विनाशकारी प्राकृतिक आपदा के बाद वायनाड की जमीनी हकीकत को गृह मंत्री

**मीटिंग**

**वायनाड के लिए वित्तीय सहायता की मांग**

अमित शाह को अवगत कराया। इस भूस्खलन में एक बड़ा क्षेत्र प्रभावित हुआ है और कई लोग मारे गए हैं। कुछ परिवार पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अगर केंद्र सरकार कोई राहत नहीं देती है तो इससे गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आपदा प्रभावित इलाकों के दौरे के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि उन्हें केंद्रीय सहायता मिल सकती है। लेकिन चार महीने बाद भी उन्हें केंद्र से कोई राहत नहीं मिली है। प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री के अलावा प्रधानमंत्री को भी ज्ञापन दिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से पक्षपातपूर्ण राजनीति से ऊपर उठकर वास्तव में उस दर्द और पीड़ा को महसूस करने का आग्रह किया जिससे वायनाड के लोग गुजरे हैं।

# पैमाइश में दरोगा की खुली पोल

**सख्ती**

**एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने विवादित भूमि की पैमाइश की तो निर्माण अवैध पाया गया**



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनियारीपुर में थाना प्रभारी जंसा दुर्गा सिंह व हल्का दरोगा पवन यादव द्वारा जिस भूमि पर जबरन नागेंद्र यादव का अवैध निर्माण करवाया जा रहा था,वह जमीन बुधवार को हुई पैमाइश में गोवर्धन पांडे की आराजी नंबर 296 निकली। बता दे कि एसडीएम राजातालाब के कड़े निर्देश पर थाना प्रभारी जंसा दुर्गा सिंह की मौजूदगी में राजस्व निरीक्षक गुलाब विश्वकर्मा व लेखपाल जितेंद्र जायसवाल द्वारा की गई पैमाइश के दौरान थाना प्रभारी दुर्गा सिंह व हल्का दरोगा पवन यादव की पोल खुल गई। राजस्व टीम ने मौके पर ही थाना प्रभारी दुर्गा सिंह व हल्का दरोगा पवन यादव को बता दिया कि नागेंद्र यादव द्वारा जो निर्माण करवाया जा रहा है वह 298 पर नहीं बल्कि 296 पर हो रहा है। इस पर थाना प्रभारी ने अवैध ढंग से हो रहे निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोक दिया। थाना प्रभारी व हल्का दरोगा गोवर्धन पांडे की जमीन पर दीवानी से स्टे होने के बावजूद भी जबरन अवैध निर्माण करवा रहे थे। बड़ी बात तो यह है कि थाना प्रभारी पुलिस अधिकारियों को भी झूठी रिपोर्ट देकर गुमराह कर रहे थे। बताते चलें कि जंसा थाना प्रभारी दुर्गा सिंह व हल्का दरोगा पवन यादव का कारनामा इन दिनों पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दीवानी से स्थगन आदेश हो या कहीं और से उसके नेचर को परिवर्तन करना इन दिनों इन लोगो के लिए बहुत ही आसान हो चुका है। इसी कड़ी का हिस्सा जंसा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनियारीपुर में गोवर्धन पांडे का है, जहां गोवर्धन के पक्ष की ओर से दीवानी ने आराजी नंबर 296 पर स्थगन आदेश पारित किया है। वहीं दूसरे तरफ से नागेंद्र यादव के पक्ष द्वारा दीवानी से आराजी नंबर 298 पर इस आशय का आदेश प्राप्त हुआ है कि उनके भूमि पर किसी भी निर्माण कार्य में कोई हस्तक्षेप न करें। पीड़ित गोवर्धन पांडे का आरोप है कि विपक्षी नागेंद्र यादव के परिजन आराजी नंबर 296 पर अवैध तरीके से अपना निर्माण करवा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी के साथ यह कह रहे हैं कि मेरा निर्माण 298 की आराजी पर हो रहा है। पीड़ित गोवर्धन पांडे का कहना है कि बीते रविवार को पूर्वाहन मै जंसा थाने पर पहुंचकर थाना प्रभारी दुर्गा सिंह व हल्का दरोगा पवन यादव से मिलकर अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो उपरोक्त दोनों अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि वे निर्माण 296 पर नहीं बल्कि 298 पर करवा रहा है। मैं किसी भी कीमत पर निर्माण को नहीं रोकूंगा। तुम्हें जहां भी जाकर शिकायत करना हो करो जवाब मुझे देना है,दे देंगे। पीड़ित का कहना है कि पिछले दिन भी लेखपाल ने मेरे समक्ष ही हल्का दरोगा पवन यादव को फोन पर बताया था कि जो निर्माण करवाया जा रहा है वह 296 की आराजी पर हो रहा है। इसके बावजूद भी थाना प्रभारी व हल्का दरोगा कह रहे थे कि मैं लेखपाल की बात नहीं मानता हूं। मेरे समझ में जो आता है वही करता हूं।

# चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर शिवशक्ति का होगा सम्मान



**वाराणसी।** चौबीसवा विद्वत अलंकरण समारोह 22 दिसंबर रविवार को काशी में सम्पन्न होगा, जिसमे देश भर के अलग-अलग विधा के विद्वानों को उनके द्वारा किये गए विशिष्ट योगदान के लिए विद्वत परिषद सम्मानित करेगा।

वाराणसी के राजकीय चिकित्साधिकारी डॉ. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी को चिकित्सा में अभूतपूर्व कार्यो के लिए अखिल भारतीय विद्वत परिषद सम्मानित करेगी। डॉक्टर द्विवेदी ने पूरे देश के अनेक राज्यो व प्रदेश सहित में लगभग एक करोड़ लोगो को जीवनदायनी तकनीक सीपीआर से अवगत कराया यही नहीं उनके द्वारा किए जा रहे इस अनवरत कार्यो को देखते हुए देश की पहली महिला राष्ट्रपति रही श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने भी उनका अभिनंदन किया ,एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक व पूर्व मुख्यसचिव उत्तर प्रदेश रहे श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने भी उनको सराहा एवं अभिनंदन किया , प्रदेश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यो को देखते हुए उनका अभिनंदन किया इतना ही नहीं पूर्वांचल के लगभग 32 जिलों के जिलाधिकारियों पुलिस अधिकारियों , विश्वविद्यालय के कुलपतियों, नई दिल्ली की ऑल इंडिया एनडीआरएफ इंस्टिट्यूट, सीआरपीएफ के जवानों, अग्निशमन दलों, धार्मिक मदिरों जिनमें विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिरों के सभी अर्चकों, प्रतिष्ठित एनजीओ, काशी के राजपरिवार द्वारा काशीराज डॉ विभूतिनारायण सिंह अलंकरण से भी सम्मानित हुए।

**संक्षेप**

### डीजे वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के कछवांरोड-कपसेठी मार्ग पर बुधवार की शाम मिल्कीपुर गांव के सामने रोड पर कपसेठी के तरफ से बाइक से आ रहे भदोही जिले के अठगोड़वा गांव निवासी पन्नेलाल के बाइक में कछवांरोड की ओर से जा रहा डीजे वाहन ने धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार पन्नेलाल पत्नी धर्मा देवी व बहु राधा देवी घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से डीजे वाहन सवार चालक द्वारा घायलों को कछवांरोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।बाइक सवार पन्नेलाल पत्नी के साथ बहु का अल्ट्रासाउंड करवाने कछवांरोड आ रहे थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगापुर चौकी अंतर्गत केसरीपुर भास्कर तालाब के समीप टड़िया स्थित गांव में खुशीपुर बाईपास निवासी सुनीता नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसकी जानकारी उसके पति दीपक ने उसके मायके वालों को दि सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति पर ही फांसी लगाकर मारने का आरोप लगाया व पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराईद्ध परिजनों का आरोप है कि शादी के दस वर्ष बाद भी कई बार दीपक दहेज के लिए प्रताड़ित करता था जिस पर पति दीपक ने उसे रस्सी का फंदा कसकर उसे मार दिया दीपक ने बताया कि वह बढ़ई का काम करता है दोपहर 3 बजे सूचना मिली कि उसकी पत्नी फांसी लगा ली है जिस पर मैं काम बंद करके घर आया तो देखा कि वह फांसी लगाई हुई थी जिसे मैं उतार कर नीचे रख दिया व उसके मायके वालों को सूचना दिया जिस पर परिजनों ने मुझ पर ही आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दे दिया।

### चक्कर आने से गिरा गंगा में, नाविकों ने बचाया

**वाराणसी।** रामनगर स्थानीय थाना क्षेत्र के विश्वसुंदरी पुल से बुधवार की अपरान्ह तीन बजे एक युवक गंगा नदी में गिर पड़ा। संयोग अच्छा था कि गंगा किनारे मौजूद कुछ नाविकों की निगाह उस पर पड़ गई और उन्होंने तत्परता दिखाते हुए उसे सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया। मिली जानकारी के अनुसार जक्खिनी का रहने वाला 26 वर्षीय युवक प्रभात विश्वकर्मा पुत्र विक्रमा अचानक विश्वसुंदरी पुल से गंगा में गिर गया। उस समय रविदास घाट बघेली टोला के रहने वाले रामप्रकाश, सूरज, सुनील साहनी, सनी आदि ने सोचा कि किसी ने आत्महत्या की नीयत से गंगा में छलांग लगा दी है। नाव से तत्काल पहुँच कर युवक को बाहर निकाल लिया। थोड़ा सामान्य होने पर युवक ने बताया कि वह पुल पर बैठा था कि तभी बहुत जोर से चक्कर आया और वह गंगा नदी में गिर पड़ा। पार्षद पति मनोज यादव ने परिजनों को सूचित कर बुलाया और युवक को उन्हें सौंप दिया।

### जानलेवा हमले में दो घायल

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासनी सुनिता सिंह ने मंगलवार देर शाम को चोलापुर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया । कि उनके दोनो बेटों अमन सिंह ,व आशु सिंह को गांव के ही अनील , शिवम, विरेन्द्र सिंह ,सत्यम ,सचीन , रामबहल, सुमीत उठाकर कहीं ले गए । और उन पर जानलेवा हमला कर मरणासन्न हालात में मारकर फेंक दिया । मेरे दोनों लड़को को गंभीर चोटें आई हैं , उन्हें दीनदयाल हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर ईलाज कराया जा रहा है । जहां उनकी हालत चिन्ता जनक बनी हुई है । सुनीता सिंह ने बताया कि आरोपियों ने साजिश रचकर उनके बेटों पर लाठी डंडे से लैस होकर जानलेवा हमला कर मरणसन्न कर दिए है । यह भी आरोप लगाया गया है कि अनिल सिंह और सत्यम सिंह पहले से अपराधी प्रवृत्ति के हैं, जमानत पर रिहा हुए चल रहे है। चोलापुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार गौतम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुदकमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुट गई है ।

### बस्ती में सोलर लाइट की बैटरी चोरी

**सेवापुरी।** जंसा थाना क्षेत्र के रामेश्वर पुलिस चौकी के समीप पंचक्रोशी मार्ग पर विश्वकर्मा बस्ती के पास लगे सोलर लाइट की बैटरी बीती रात चोर ताला तोड़कर चुरा ले गये। बुधवार की सुबह जब वहां दुकान करने वाले लोग पहुचे तो देखा कि सोलर बॉक्स टूटा पड़ा है और उसमें से बैटरी गायब है तो इसकी जानकारी पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहु जांच पड़ताल कर वापस चली गई। बतादें कि इधर एक माह के के भीतर जंसा थाना क्षेत्र में हौसला बुलन्द चोर दर्जन भर से अधिक जगहों पर चोरी की लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नही कर सकी।

### युवक की मनबढ़ों ने कर दी पिटाई

**वाराणसी।** सिंधोरा थाना क्षेत्र के महगांव निवासी राज मिश्रा 2 दिसंबर की रात्रि छतांव गांव में शादी समारोह में जा रहे थे किछतांव प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचने पर विशाल यादव , अंकित यादव निवासी तारापुर चमरु सिन्धोरा व शुभम राजभर , रमन यादव गांव खुटहां सिन्धोरा ने राज मिश्रा को भद्दी भ?द्दी गाली देते हुये लाठी डण्डे से बुरी तरह मारे- पीटे जिससे सिर व चेहरे पर काफी गम्भीर चोटे आयी है बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिये जाते जाते राज मिश्रा को जान से मारने की भी धमकी भी दी उक्त लोग मनबढ़ किस्म के हैं तथा कुछ दिन पूर्व गांव में दो युवकों के साथ भी मारपीट किए थे। राज मिश्रा के तहरीर पर सिंधोरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### पहले गाड़ी में मारी टक्कर, फिर पीटा

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के सरोज कुमार सुमन ने प्रार्थना पत्र देकर मनबढ़ो से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व वह बाबतपुर से अपने घर तरना जा रहा तभी हरहुआ स्थित एक शो रूम के सामने रात उनकी इनोवा गाड़ी में पीछे से आ रही एक तेज रफ़्तार अर्टिगा गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मेरी गाड़ी घिसटते हुए सामने पोल से टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त ही गई। टक्कर के बाद अर्टिगा सवार 5 मनबढो ने गाड़ी से निकलकर मेरे साथ मारपीट की और धमकी देते हुए कहा कि यदि कही मुकदमा दर्ज करने की कोशिश की तो तुम्हारी हत्या हो जाएगी । वही मनबढो से किसी तरह मेरे परिचित सिदार्थ सिंह व नवीन सिंह ने मनबढो से मुझे किसी तरह से बचाया । वही पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस ने मनबढो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कर मामले की जांच प्रारंभ कर दिए।

### बार व बेंच की बैठक तहसील सभागार में आज

**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन व तहसील प्रशासन के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक गुरुवार को तहसील सभागार में होगी। उक्त जानकारी देते हुए बार अध्यक्ष उदयनाथ भारती ने बताया कि तहसील की समस्याओं और बार व बेंच के बीच उपजे विवाद को हल कराने के लिए एसडीएम पिंडरा की पहल पर गुरुवार 5 दिसंबर को बार व बेंच की बैठक तहसील सभागार में होगी। जिसमें सभी वकील अपनी समस्या को लेकर उपस्थित रहेंगे।

### युवक की बाइक चोरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के गहरपुर गांव में मंगलवार की शाम विनोद पटेल के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए बड़ौरा बाजार निवासी अमरदेव की बाइक पैशन प्रो यूप 65 बीई 5606 का ताला तोड़कर चोर उड़ा ले गए युवक जब खाना खाकर घर जाने के लिए बाइक खड़ी वाली जगह पर पहुंचा तो बाइक गायब थी काफी खोजबीन किया जब नहीं मिली तो जनसा थाना पहुंच अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी है।

# बदमाशों ने लाखों के गहने लूटे



**वाराणसी।** अजगरा गांव में बुधवार की देर रात बदमाशों का गैंग एक घर में घुस गया और लाखों के जेवरात समेत नगदी लूट लिया। परिजनों की आंख में स्प्रे डालकर उन्हें अचेत कर दिया, वारदात के बाद लुटेरे फरार हो गए। कई घंटे बाद दोनों को होश आया तो पड़ोसियों को सूचना दी। जानकारी पाकर पुलिस और फॉरेंसिक टीम समेत डॉग स्क्वायड पहुंचा और जांच की। हालांकि 18 घंटे बाद तक पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा सकी है।चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा गांव में बीती रात ढाई बजे प्रभाकर पांडे के घर में स्प्रे गैंग बदमाश पिछले हिस्से से घर के आंगन में आकर एक कमरे का दरवाजा खटखटाने लगे। प्रभाकर की पत्नी दीपिका और पुत्र अभिषेक ही थे। दीपिका ने दरवाजा खोला तो लाल टी शर्ट पहले और मुंह पर गमछा बांधे हुए दो लोगों ने उनके चेहरे पर स्प्रे छिड़क दिया।स्प्रे से महिला बेहाश हो गई और बदमाश घर में घुस गए। बदमाशों ने 10 लाख से अधिक के सोने की हार, चार चूड़ी, तीन-बाली, सोने के तीन चैन, चार अंगूठी, मंगल सूत्र और पैजनी चुरा लिए। भोर में अभिषेक की नींद खुली तो घर में काफी अंधेरा था। टॉर्च टार्च जलाकर देखा तो घर का सामान बिखरा था और मां दीपिका जमीन पर गिरी हुई थी।बगल के कमरे में चाचा रमेश को जगाया तब जाकर पता चला कि घर में चोरी हुई है। दीपिका को निजी चिकित्सालय लाया गया। सुबह आठ बजे होश आने पर उसने पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जासूसी कुतिया और फॉरेंसिक टीम ने पड़ताल की। वहीं, दिवाकर पाण्डेय ने घटना की तहरीर दी है, जिस पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# हर्बल प्रोडक्ट्स का प्रचार करने आये युवक ने की ठगी

**लोहता।** थाना क्षेत्र के खेवसीपुर गांव में मंगलवार को सायं दो युवक आये और पहले हर्बल प्रोडक्ट्स का प्रचार करने लगे। इसी बीच एक युवक बोला कि हम लोग केमिकल से गहने भी बिना पैसे में साफ कर देते हैं। बताया जाता है कि उचक्कों ने पहले विमला देवी को अपने बातों में भरमाकर मंगलसूत्र मंगवाकर साफ करना शुरू कर दिया । इसके बाद उचक्के विमला की पुत्री चंदा पटेल से भी मंगल सूत्र लेकर साफ करने लगे। उचक्कों के बातों में आकर रोशन पटेल की पत्नी स्नेहा पटेल अपना मंगल सूत्र और कान का टप्स देकर घर में कुछ लेने गयी। उचक्के तीनों महिलाओं के लाखों रुपए के गहने सफाई करने के नाम पर लेकर भाग गए। रोशन पटेल ने मंगलवार को रात में थाने में तहरीर देकर दोनों अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 318(2),319 (4) का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जीआरपी की तत्परता से टला था बड़ा हादसा

**साहस**

**कैंट स्टेशन प्रशासन ने पुलिस मुख्यालय रिवार्ड को भेज पत्र**



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर बीते दिनों सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित कर्मचारियों के लिए बनाये गये दो पहिया वाहन स्टैंड में लगी विकराल आग को बुझाने में अपने साहसिक कर्तव्यों को परिचय देने वाले कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह व उनकी टीम की स्टेशन प्रशासन की ओर से सराहना करते हुए पुलिस मुख्यालय पूरी टीम को रिवार्ड देने का पत्र लिखा गया।

वाराणसी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित जीआरपी कार्यालय के पीछे रेलवे कर्मचारियों के लिए दो पहिया वाहन स्टैंड बनाया गया है, बीते दिनों रात्रि को लगभग नौ बजे के आसपास एक बाइक में शार्ट सर्किट से आग लगी, तो कर्मचारियों ने इसे बुझा दिया। वाहन स्टैंड पर कार्य करने वाले कर्मचारियों ने इसे सामान्य समझते हुए अपने कार्य में लग गये। रात्रि करीब एक बजे के आसपास उसी वाहन स्टैंड में एक बार फिर से शार्ट सर्किट से आग लगी इस बार आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। स्टैंड में खड़ी बाइकों की पेट्रोल की टंकी एक एक कर फटने लगी तो हर तरफ अफरा तफरी मच गयी। आग की ऊंची लपटे देख यात्री भी सहम गये थे। पेट्रोलिंग कर रहे जीआरपी थाना इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच अग्निशमन दल को फोन करते हुए स्टेशन प्रशासन को सूचित किया। अग्निशमन दल के मौके पर पहुंचने से पूर्व जीआरपी की पूरी टीम ने उस स्थान के आसपास से लोगों को सुरक्षित पहुंचाते हुए अन्य गाड़ियों को हटाया, इसके साथ ही अपने साहसिक कर्तव्यों को परिचय देते हुए अग्निशमन दल के साथ पूरी रात राहत कार्य में लगे रहे। जीआरपी के अदम साहस के चलते ना सिर्फ जीआरपी थाना जले से बच गया बल्कि यात्री आश्रय हाल तक आग की आंच नहीं पहुंच पायी। जीआरपी टीम के इस साहस के लिए स्टेशन प्रशासन की ओर से पुलिस मुख्यालय पूरी टीम को रिवार्ड के लिए पत्र भेजा गया है।

# बोलेरो के धक्के से युवक की मौत, लोगों ने किया चक्काजाम



**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के कछवां-कपसेठी मार्ग पर जोगियापुर गांव के सामने रोड पर बुधवार की दोपहर साढ़े तीन बजे कछवांरोड के तरफ से बाइक से घर जा रहे कपसेठी थाना क्षेत्र के बरकी गांव निवासी दिनेश बिन्द उम्र (35) वर्ष पुत्र लालमन बिन्द को कपसेठी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से जोरदार धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार दिनेश के सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गया है।युवक शायद हेलमेट लगाया होता तो जान बच जाती।वही घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत कछवांरोड की तरफ भाग निकला।ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुरादा पुलिस को दिया गया।सूचना पर भारी संख्या पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन गुस्साएं परिजनों व ग्रामीणों ने कछवां-कपसेठी मार्ग पर मृतक युवक के शव को रखकर चक्काजाम कर दिये और गाड़ी समेत चालक की गिरफ्तारी की मांग करने हुए मृतक युवक के परिजनों के मुआवजे देने की मांग करने लगे।वही घटना की सूचना पर एसडीएम राजातालाब साई आश्रित शाखमुरी, तहसीलदार संत विजय सिंह व नायब तहसीलदार संग्राम सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझाने बुझाने के साथ ही मृतक युवक के पत्नी को पांच लाख रुपया मुआवजा व रहने के लिए आवास देने व बोलेरो चालक के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर करीब दो घण्टे बाद परिजन माने जाम समाप्त किये जिसके बाद पुलिस युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी।मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था व गोवा में रहकर पेंटिग का काम करता था कुछ दिन पूर्व घर आया हुआ था किसी काम से झौवा मिजार्पुर गया हुआ था।मृतक युवक प्रिया, शिवानी, सृष्टि व लाडो नामक चार पुत्री का पिता बताया गया।वही घटना के बाद मृतक की पत्नी पार्वती देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा है।मृतक युवक के पिता समाचार पत्र वितरक लालमन बिन्द ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ तहरीर दिया।

# फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**वाराणसी।** चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित पिन्टू अग्रहरि को लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी विवेक कुमार पाठक ने बताया फरार आरोपित पिन्टू अग्रहरि निवासी जगतुपुर, बिल्टई, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकर नगर को बुधवार को गोइठहा रिंग रोड के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह कहीं अन्यत्र फरार होने की फिराक में था। बताते चले 8 नवंबर 24 को चंदन चौहान, अमित मिश्रा, अभिषेक सिंह, विनोद कुमार चौबे, शिवदास व राकेश कुमार गुप्ता को 01 ड्रम मय बिजली केबल, 01 डीसीएम वाहन, 01 हाइड्रा क्रेन-14 व कुल 1500 रुपया नगद के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इन सभी पर आरोप है कि सभी ने 5 नवम्बर 24 को बावन बीघा के पास से एक कंपनी से भारी मात्रा में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# दम्पति की पिटाई करने वालों पर केस

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना के जानकी नगर कालोनी बड़ी पटिया में रहने वाले आशु और उनकी पत्नी की पिटाई जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ पुलिस आयुक्त की निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया। आराजी लाइन सुल्तानपुर चुनार मिजार्पुर का रहने वाला आशु जानकी नगर में हरिकेश त्रिपाठी की निमार्णाधीन मकान की देखभाल रहकर करते है।बीते 19 नवंबर को पड़ोस में रहने वाला अजय ,विजय और उसकी मां गीता देवी छड़ की कटाई करने वाला मशीन बल्ली पटरा चुराकर लेकर जा रहते थे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने आशु और उसकी पत्नी की आरोपियों ने पिटाई कर दिया।

# खोया हुआ मोबाइल वापस कराया

**वाराणसी।** सारनाथ के आशापुर में बुधवार की शाम को एक युवक का मोबाइल गिर गया। शिकायत पर सारनाथ पुलिस ने डेढ़ घण्टे में मोबाइल खोज कर युवक को वापस किया। बताया जाता है कि गाजीपुर के रहने वाले शहजाद बाइक से कजाकपुरा की तरफ जा रहा था तभी कही रास्ते मे मोबाइल गिर गया। जिसकी सूचना आशापुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिंह चंदेल को मिली। जिस पर सर्विलांस से मोबाइल का लोकेशन चन्द्रा चौराहा मिलने पर वहां पहुचे तो मोबाइल की घण्टी बजाने मिल गया। खोया हुआ मोबाइल युवक को वापस किया।

जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2002, अनुक्रमांक 1886009 का अंक पत्र व सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। दिनेश कुमार यादव, पुत्र मूलचन्द यादव ग्राम-मेरुकपुर,पोस्ट-टंडवा, तरवा, जिला-आजमगढ़।

# बाइक सवार हाइवे पर गिरे, घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के उगापुर गांव के समीप बुधवार की शाम 4बजे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर बाइक सवार अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा गये । जिससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घायलों की पहचान अमन यदुवंशी 40 वर्ष, रवि यदुवंशी 35 वर्ष, निवासी सैदपुर ,गाजीपुर के रूप में हुई? ।बाइक सवार किसी कार्य से सैदपुर से वाराणसी जा रहे थे तभी उगापुर के पास दुर्घटना हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस मंगाकर घायलों को अस्पताल भेजा।

# पुरानी एल्डर्स कमेटी से चुनाव कराने का किया आग्रह

**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के चुनाव कराने के लिए गठित एल्डर्स कमेटी के विवाद के मामले में बार कौंसिल ऑफ इण्डिया ने हस्तक्षेप करते हुए पुरानी एल्डर्स कमेटी से चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा, बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के को चेयरमेन त्रिपाठी ने एल्डर्स कमेटी के विवाद को लेकर महामंत्री कमलेश सिंह यादव के पत्र का संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया है कहा कि बनारस बार के महामंत्री चुनाव संबधित सारा रेकर्ड एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन असफाक अहमद को उपलब्ध करावे और एल्डर्स कमेटी से चुनाव कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ावे,इस बीच इन्हीं विवादों के बीच बनारस बार असोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने इस्तीफा दे दिया। बता दे की अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा चुनाव कराने के लिए अलग अलग एल्डर्स कमेटी घोषित कर दी, महामंत्री पुरानी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष असफाक अहमद की कमेटी घोषित कर दी जबकि अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठतम अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में एल्डर्स कमेटी घोषित कर दी, इसी मुद्दे पर विवाद इतना गहराया कि वह बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के को चेयरमैन तक पहुंचा और हस्तक्षेप कर चुनाव कराने के लिए पुरानी एल्डर्स कमेटी को निर्देशित किया। बनारस बार का मतदान 20 दिसंबर को मतगणना 22 को होनी है।



शास्त्री घाट स्थित वरुणा नदी में इस समय जलकुम्भी का आगम दूसरा संदेश दे रहा है

# संशोधित मानक वर्तनी पर हिंदी कार्यशाला

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा बुधवार को महाप्रबंधक एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष नरेश पाल सिंह के निर्देशन में संशोधित मानक वर्तनी विषय पर एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. संजय कुमार सिंह, वरिष्?ठ राजभाषा अधिकारी एवं श्री आलोक कुमार पांडेय ने केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा जारी अद्यतन पुस्तिका के आधार पर देवनागरी लिपि एवं मानक वर्तनी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। पुस्तिका में सम्मिलित परिवर्तनों और अद्यतनों पर विशेष रूप से परिचर्चा की गई। कार्यशाला में वाराणसी स्थित विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश कुमार, जनसंपर्क अधिकारी विजय प्रताप सिंह, वरिष्?ठ अनुवादक एवं अरविन्?द प्रताप सिंह, कनिष्?ठ अनुवादक उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या एस एण्ड टी/कान/ई-टेंडर/16/2024**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेंडर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एस एण्ड टी/कान/ई-टेंडर/16/2024; कार्य का नामः** एल एच एस के लेवल क्रॉसिंग संख्या 8 (सुढ़ियामऊ) पर इंसर्शन के संबंध में यार्ड सिग्नलिंग केबल/क्वैड के शिफ्टिंग कार्य के संबंध में विभिन्न सिग्नलिंग कार्य एवं साथ ही उप मुख्य इंजीनियर निर्माण लखनऊ के अंतर्गत सीतापुर-बुढ़वल खंड हेतु स्पेयर आइटम का प्रोविशन का कार्य; **बयाना की राशि(₹):** ₹1,56,300/-; **अनुमानित लागत(₹):** ₹78,15,655.36; **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 माह; **निविदा बंद होने की तिथिः** दिनांक 24.12.2024 को 15:00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

मु० सि०दू०इं०/निर्माण, गोरखपुर

मुजाधि/सिग्नल-78

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## वाराणसी सर्राफा भाव



सोना (RTGS 999.0)
79350/inc.GST



चांदी (99.50)
91950/- प्रति किलो



चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# वक्फ बोर्ड का अब नहीं है कोई दावा

## सुन्नी वक्फ बोर्ड ने पत्र जारी कर 2021 में ही नोटिस के निरस्त होने की दी जानकारी

**दी सफाई**

### बिना चेकिंग यूपी कॉलेज कैंपस में प्रवेश पर रोक

### पुलिस कमिश्नर ने परिसर का किया मुआयना, बाहरी लोगों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

जनसंदेश न्यूज





**वाराणसी।** यूपी कालेज की जमीन को लेकर सुन्नी वक्फ बोर्ड के दावे के बाद से मचे हो- हल्ला के बीच सुन्नी वक्फ बोर्ड लखनऊ ने पत्र जारी कर यूपी कॉलेज की जमीन पर अपना दावा न होने की घोषणा कर दी है। सुन्नी वक्फ बोर्ड ने पत्र जारी कर कहा है कि वर्ष- 2018 में जारी दावे की नोटिस को 18 जनवरी 2021 को ही निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में अब कोई भी कार्यवाही पत्र वक्फ बोर्ड के कार्यालय में प्रचलित नहीं है। वहीं यूपी कालेज परिसर में छात्रों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने परिसर का जायजा लिया। परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अगले आदेश तक परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। कालेज कैंपस में शिक्षकों, छात्र- छात्राओं व कर्मचारियों को चेकिंग कर प्रवेश देने की व्यवस्था लागू की गयी है। पूरे कैंपस में पुलिस बल तैनात रहेगी।

बीते दिनों सुन्नी वक्फ बोर्ड का 2018 में जारी पत्र तेजी से वायरल हुआ था जिसमें यूपी कालेज की जमीन को वक्फ की जमीन बताई गई थी। इस पत्र के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यूपी कालेज के छात्र आक्रोशित हो गए वहीं परिसर में मजार पर नमाज पढ़ने के लिए दूसरे समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इससे परिसर का माहौल काफी गरम हो गया था। आक्रोशित छात्रों ने मंगलवार को हनुमान चालीसा पढ़कर बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने का विरोध जताया था। तनाव को देखते हुए परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी थी इस दौरान कई छात्रों की गिरफ्तारी भी हुई थी। इससे छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। छात्रों के गुस्से को देखते हुए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल बुधवार को कैंपस पहुंचे और उन्होंने कालेज प्रबंधन से बातचीत कर परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फिलहाल कैंपस में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यूपी कालेज में शिक्षा- दीक्षा से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाती है। ऐसे में इस परिसर में इससे जुड़े लोगों का ही प्रवेश होना चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में पुलिस फोर्स ने कैंपस में प्रवेश करने वालों के परिचय पत्र की भी जांच की। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कालेज के प्रधानाचार्य से भी इस संबंध में बातचीत हुई है।

कालेज में पठन- पाठन से जुड़े लोगों का परिचय पत्र चेक कर प्रवेश देने की व्यवस्था लागू की गयी है। एहतियातन परिसर में पुलिस फोर्स को मुस्तैद किया गया है। उन्होंने बताया कि कैंपस में शांति व्यवस्था कायम है और सुचारू तरीके से कालेज का कामकाज भी चलने की जानकारी कालेज प्रबंधन से मिली है।

यूपी कालेज के प्रधानाचार्य डॉ डीके सिंह ने कालेज के छात्र- छात्राओं से शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पठन- पाठन जारी रखने की अपील की है।

### विधि अधिकारी ने जारी किया पत्र

यूपी कालेज में वक्फ बोर्ड की नोटिस के बाबत वक्फ बोर्ड के विधि अधिकारी अब्दुल मोबीन खां ने पत्र जारी कर बताया है कि छह दिसंबर 2018 को तत्कालीन सहायक सचिव आले अतीक ने नोटिस जारी किया था। मगर, 18 जनवरी 2021 को वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के आदेश पर नोटिस निरस्त कर दिया गया था। उस नोटिस के संबंध में कोई भी कार्यवाही बोर्ड की ओर प्रचलन में नहीं है।

### अंजुमन कमेटी ने की शांति की अपील

यूपी कालेज के मामले में वक्फ बोर्ड की स्थिति को लेकर ज्ञानवापी प्रकरण में पक्षकार अंजुमनइंतेजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव एसएम यासीन ने स्थिति साफ की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यूपी कॉलेज प्रशासन को जारी नोटिस वर्ष 2021 में ही निरस्त किया जा चुका है। उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी भी के उकसावे में न आए और अफवाहों पर जरा भी ध्यान न दें। शहर में अमन चैन कायम है और इस पर किसी प्रकार की आंच नहीं आनी चाहिए।

## विद्यापीठ के छात्रों ने फूंका वक्फ का पुतला



**वाराणसी।** यूपी कालेज के वक्फ प्रकरण को लेकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रों ने भी आक्रोश जाहिर करते हुए बुधवार को वक्फ बोर्ड का पुतला फूंका। छात्र नेताओं ने कहा उनका यूपी कॉलेज के छात्रों को पूरा समर्थन हैं। छात्र नेताओं ने सरकार से वक्क बोर्ड को जल्द से जल्द बैन करने की मांग की। उनका कहना था वक्क बोर्ड का गठन 1954 में हुआ है और यूपी कॉलेज की स्थापना 1909 में हुई थी।

इस पर ध्यान दिया जाए तो यूपी कॉलेज की जमीन बोर्ड की कैसे हो सकती है। आक्रोशित छात्रों ने वक्फ बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान छात्रों ने वक्फ बोर्ड का प्रतीकात्मक पुतला आग के हवाले कर दिया।

इस दौरान शिवम तिवारी, आशुतोष तिवारी, शांतनू, संजीव, कैलाश समेत कई छात्र उपस्थित रहे।

### छात्रों ने बनायी अपनी अदालत

छात्रों ने अवैध कब्जे से बनारस की संस्कृति को मुक्त कराने के लिए छात्र अदालत की घोषणा की है। छात्र अदालत में तीन जज बनाए हैं, जिसमें युवा परिषद के प्रदेश प्रमुख विवेकानंद सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष सुधीर सिंह, शिवम सिंह बाबू मनोनीत किए गए। छात्र अदालत के तीनों छात्र जजो ने सर्वसम्मति से वक्फ बोर्ड को 11 बिंदुओं का नोटिस भेजकर 15 दिनों के अंदर जबाव मांगा।

## डीएम को दिखी लापरवाही ठेकेदार को दी नोटिस



सड़क चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते डीएम एस राजलिंगम

**सड़क चौड़ीकरण**

### पीडब्ल्यूडी के अफसरों को काम में देरी पर लगायी फटकार

### पुलिस लाइन से आजमगढ़ व गाजीपुर मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण

**वाराणसी।** शहर में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए कड़ा निर्देश दिए जाने के बावजूद काम में लापरवाही और देरी पर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के कार्यों में ढिलाई और देरी पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को फटकार लगायी साथ ही संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बुधवार को पुलिस लाइन चौराहा से पहड़िया चौराहा, रुस्तमपुर गाजीपुर रोड, संदहा रोड होते हुए बेलवा बाजार, आजमगढ़ रोड, थाना लालपुर व नर्मदेश्वर मंदिर पांडेयपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्यों का मुआयना किया। उन्होंने इन रूटों पर दोनों तरफ चल रहे नाली निर्माण कार्य, सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्यों को देखकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सवाल- जवाब किया। उन्होंने कई जगहों पर नाली निर्माण कार्य अधूरा होने तथा और सड़कों के चौड़ीकरण में देरी पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। इस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बिजली के खंभे शिफ्ट न होने के कारण सड़क निर्माण कार्य में बाधा आने की बात बतायी। इस पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर जल्द पोल शिफ्टिंग कराने और पीडब्ल्यूडी के अफसरों को बहानेबाजी छोड़कर मार्ग चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराने का निर्देश दिया। सड़क निर्माण के काम में लेटलतीफी, संदहा के पास सड़क के बीच में डिवाइडर पर लगाए गए पौधे की स्थिति ठीक न होने तथा लगाए गए कई विक्टोरिया पोल क्षतिग्रस्त मिलने पर जिलाधिकारी बेहद नाराज हो गए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को कार्यों की मानीटरिंग की हिदायत देते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क निर्माण में बाधक बन रही लालपुर पुलिस चौकी समेत अन्य निर्माण को दूसरी जगह शिफ्ट कराने के लिए संबंधित से बातचीत कर जल्द शिफ्टिंग का काम पूरा कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस दौरान कुछ लोगों से भी बातचीत की जिसपर लोगों ने सड़क चौड़ीकरण के काम में प्रशासन की मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने मार्ग पर अतिक्रमण को तत्काल हटवाने का एडीएम सिटी को निर्देश दिया। उन्होंने एडीएम सिटी को नगर निगम व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में अतिक्रमण निरोधक कार्रवाई कराने का निर्देश दिया।

# ऑनलाइन गेम में हारने वाला एमआर जिंदगी से भी हारा

जनसंदेश न्यूज

**मौत**

### आर्थिक तंगी के चलते फांसी लगाकर दी जान



**वाराणसी।** ऑनलाइन गेम में लाखों रुपए हारने पर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (टफ) ने फांसी लगा ली। कर्जदारों की धमकी और तानों से वह डिप्रेशन में आ गया था। खुद को कमरे में बंद कर पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर उसने सुसाइड किया। बुधवार को कमरा दोपहर तक नहीं खुलने पर मकान मालिक ने खटखटाया तो दरवाजा बंद मिला। खिड़की से देखा तो शव बेड पर फंदे से लटक रहा था।

कमरे का सामान भी इधर-उधर पड़ा था और सिगरेट गुटखा बिस्तर पर बिखरा था। मकान मालिक की सूचना पर कैंट पुलिस पहुंची। मायके से पत्नी भी कमरे पर पहुंच गई। पुलिस को उसके फोन में कई ऑनलाइन गेमिंग ऐप मिले हैं। करीब 3 साल पहले टफपर 12 लाख का कर्ज था।

उसे जान से मारने की धमकियां मिलीं। फिर ससुर ने निकालकर 12 रुपए का कर्ज चुकाया था।

**वाराणसी में किराए पर रहता था**

चंदौली जिले के हुसैपुर बलुआ निवासी अभिषेक यादव एक मल्टीनेशनल दवा कंपनी में एमआर थे। उनका कार्यक्षेत्र वाराणसी समेत आसपास के जिलों में था। अभिषेक ने कैंट थाना क्षेत्र के टकटकपुर की राधापुरम कॉलोनी में किराए पर कमरा ले रखा था। पुलिस के मुताबिक, पिछले दिनों कंपनी के दौरों में उसे ऑनलाइन गेम की लत लग गई, फिर उसने ऑनलाइन बेटिंग शुरू कर दी।

अभिषेक गेम के साथ शराब और सिगरेट का आदी हो गया। नशे में कई बार पत्नी से मारपीट भी की। गेम में लाखों रुपए हारकर जब कर्जदार हो गया तो पत्नी ममता यादव ऐसा करने से मना करने लगी। इस पर अभिषेक ने उसे जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। ममता अपने पिता के घर चली गई। विवादों के बावजूद अभिषेक ने गेम खेलना बंद नहीं किया।पुलिस के मुताबिक, कर्जदारों ने वसूली शुरू कर दी।

धमकी देने लगे। मंगलवार को भी कई लोगों ने उसे फोन कर रुपए की मांग की, जिसके बाद उसका कुछ लोगों से विवाद भी हो गया। इसकी जानकारी उसने अपने एक दोस्त को दी और जल्द ही सबका कर्ज उतारने की बात कही। मंगलवार रात वह घर गया और फिर बुधवार की छुट्?टी ले ली।

उसने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने जब उसका फोन खंगाला तो कई गेमिंग एप की जानकारी मिली, हालांकि कितना कर्ज है इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। गाजीपुर निवासी दरोगा अक्षय लाल यादव ने अपनी बेटी ममता की शादी 2013 में रक्षा मंत्रालय के पूर्व अफसर मुसाफिर सिंह के बेटे अभिषेक यादव से की थी। संपन्न परिवार देखकर उन्होंने बड़ी बेटी की शादी में दान दहेज भी दिया और बीच-बीच में भी मदद करते रहे। दो बेटियां होने के चलते सब कुछ बेटियों में ही बांट दिया।

सोनभद्र में तैनाती के दौरान दरोगा अक्षयलाल को तीन साल पहले उन्हें पता चला कि दामाद गलत संगत में नशे और जुआ का आदी हो गया है। घर जाकर समझाया, लेकिन दामाद नहीं माना और आदतें जारी रखीं। इसके बाद बेटी ने एक दिन बताया कि कुछ लोग अभिषेक को मारने की धमकी दे रहे हैं और उन पर 12 लाख का कर्ज बताया।

इसके बाद दरोगा ससुर ने अपन जीपीएफ अकाउंट से इमरजेंसी फंड को अप्लाई किया और सात दिन बाद 12 लाख रुपए का कर्ज चुकाया। तब अभिषेक ने ऑनलाइन गेमिंग छोड़ने का वादा भी किया था, लेकिन वह नहीं माना।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमला रोकने की पहल करें पीएम मोदी

**की मांग**

### कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज



बांग्लादेश मामले को लेकर एडीएम सिटी को सौंपा गया ज्ञापन।

**वाराणसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले और उत्पीड़न पर पीएम मोदी के एक्शन की मांग को लेकर कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बुधवार को एडीएम सिटी आलोक वर्मा को सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार शोषण हो रहा है, लेकिन भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं।

कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने एडीएम सिटी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को अविलंब रोकने के लिए भारत सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाए।

पीएम मोदी को बांग्लादेश सरकार से बात कर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई कराना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस मुद्दे में भारत सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है जिसके चलते बांग्लादेश में हिंदुओं को अपनी जान गंवाना पड़ रहा है। पीएम मोदी को इस मामले में अब गंभीरता दिखाना चाहिए जिससे की बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा हो सकें।

ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के अशोक कुमार सिंह, लोकेश कुमार सिंह, राम आश्रय, राजीव शुक्ल, सुशील कुमार पाण्डेय, अशोक कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# गोवंश आश्रय स्थलों पर व्यवस्था जांचेंगे बीडीओ

**मिली जिम्मेदारी**

### सीडीओ ने गोवंश आश्रय स्थलों का मुआयना करने का दिया निर्देश

**वाराणसी।** ठंड को देखते हुए गौवंश आश्रय स्थलों पर समुचित व्यवस्था कराने के लिए मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। इस पर सीडीओ हिमांशु नागपाल ने जिले के आठों ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों को गौशालाओं में व्यवस्था की जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने पशुओं को ठंड से बचाने के लिए जरूरी व्यवस्था का मुआयना कर तत्काल समुचित इंतजाम कराने की हिदायत दी। उन्होंने गौशालाओं में टाट- पट्टी लटकाने और ऊर्जा प्रदान करने वाले बल्ब लगवाने की व्यवस्था कराने तथा ठंड को देखते हुए विशेष देखभाल करने की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

सीडीओ ने जिले के सभी आठों ब्लाकों के खंड विकास अधिकारियों को गौशाला का बारीकी से मुआयना कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी बीडीओ को पत्र लिखकर कहा कि ठंड को देखते हुए गौवंश आश्रय स्थलों पर आवश्यक इंतजाम कराए जाएं। गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए प्रत्येक गौवंश आश्रय स्थलों पर चुस्त- दुरूस्त व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्साधिकारी को गौवंश आश्रय स्थलों का मुआयना कर एक- एक व्यवस्था कराने की हिदायत दी है। उन्होंने हिंसक जानवरों से बीमार पशुओं की सुरक्षा के लिए जालीदार व छायादार भवन का निर्माण कराने और परिसर को साफ- सुथरा रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ठंड में संवेदनशील होकर गौवंश की देखभाल की जाए। जरा सी लापरवाही भारी पड़ेगी। ठंड से गौवंश का स्वास्थ्य खराब हो सकता है इसलिए ठंड से बचाव के सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से गौवंशों के स्वास्थ्य की जांच करने और बीमार गौवंश का प्राथमिकता पर इलाज करने का निर्देश दिया है।




# 22 अफसरों का वेतन रोका तीन को प्रतिकूल प्रविष्टि

जनसंदेश न्यूज

**ऐक्शन**

### गृहकर वसूली से असंतुष्ट नगर आयुक्त की बड़ी कार्रवाई



**वाराणसी।** नगन निगम की ओर से की जाने वाली गृहकर वसूली से असंतुष्ट नगरआयुक्त की बड़ी कार्रवाई से पूरे निगम में हड़कम्प मच गया। राजस्व निरीक्षक सहित कुल 22 लोगों का वेतन अग्रिम आदेश तक के लिये रोक दिया गया है, तथा तीन राजस्व निरीक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है।

नगर आयुक्त द्वारा पिछले 28 नवम्बर को गृहकर की समीक्षा बैठक की गयी थी। समीक्षा बैठक में पाया गया कि सभी जोनल अधिकारियों के द्वारा गृहकर वसूली के लिये उदासीन है तथा उनके द्वारा कोई कार्ययोजना नहीं बनायी गयी है, और न ही उनके द्वारा नियमित समीक्षा की जाती है। समीक्षा में पाया गया कि माह नवम्बर तक कुल लक्ष्य का 60 प्रतिशत गृहकर वसूली होनी चाहिये, परन्तु लक्ष्य से काफी है। नगर आयुक्त के द्वारा बार-बार गृहकर वसूली बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है, परन्तु कोई सुधार न होते देख क्रमशः जोनल अधिकारी वरूणापार जितेन्द्र कुमार आनंद, आदमपुर जोनल अधिकारी कृष्ण चन्द्र, सारनाथ जोनल अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, ऋषि माण्डवी जोनल अधिकारी शिखा मौर्य, भेलूपुर जोनल अधिकारी कृष्ण चन्द्र तथा दशाश्वमेध व कोतवाली के जोनल अधिकारी जितेन्द्र कुमार आनंद तथा कर अधीक्षक विनय सागर, चन्द्रशेखर, दिलशाद, जयकुमार, तथा मुन्ना लाल राम सहित कुल 22 लोगों का वेतन अग्रिम आदेश तक के लिये रोक दिया गया है, साथ ही आदमपुर जोन में कार्यरत राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार, नायब मोहर्रिर सुभाष तिवारी तथा दशाश्वमेध जोन के राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार को अत्यन्त खराब वसूली करने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के द्वारा सभी को चेतावनी दी गयी है कि यदि उनके कार्य में सुधार नही होता है तो निलम्बन एवं बर्खास्तगी की कार्यवाही की जायेगी।



# सभी स्कूलों में जांची जाएगी अग्निशमन की व्यवस्था

**निर्देश**

### बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर्स का रद होगा रजिस्ट्रेशन

### डीएम ने नये स्कूलों के भवनों में भी जांच का दिया निर्देश



राइफल क्लब में बैठक करते डीएम एस राजलिंगम

**वाराणसी।** जिले के सभी स्कूलों में फायर आडिट की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों का सर्वे किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिले के सभी स्कूलों का निरीक्षण कर अग्नि से बचाव के इंतजामों को कड़ाई से जांचने का निर्देश जारी किया गया है। इसके अलावा बिल्डिंग के बेसमेंट में संचालित कोचिंग संस्थाओं का पंजीकरण रद कराने का भी निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बुधवार को राइफल क्लब में जिला स्तरीय स्कूल सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक की।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने जनपद में सड़को के आसपास स्थित स्कूलों की सूची तैयार कर जांच करने का निर्देश दिया। जिन स्कूलों के भवनों का नया निर्माण किया गया है या जिनकी जिनकी एनओसी समाप्त हो गयी है, उनकी भी सर्वे कर नवीनीकरण संबंधी रिपोर्ट ली जाएगी। उन्होंने इन स्कूलों में निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी के अलावा बच्चों की रोड सेफ्टी के लिए किए गए इंतजामों के बाबत भी रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी स्कूलों के भवनों की वायरिंग सेफ्टी ऑडिट कराने के लिए इलेक्ट्रिक सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल, फायर व इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग, समाज कल्याण और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# रामजानकी मठ अस्सी में सीताराम विवाह आज से

**तैयारी**

### चित्रकूट रामलीला समिति का दो दिवसीय राम विवाह 6 से

### प्रहलादेश्वर मंदिर में राम विवाह पर शोभायात्रा 6 को

**वाराणसी।** राम विवाह महोत्सव शहर के कई स्थानों पर धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर कई आयोजन भी किये जायेंगे। संत पंजाबी बाबा महाराज की सत्यप्रेरणा व महामंडलेश्वर राजकुमार दास के संरक्षकत्व में इस वर्ष भी अस्सी स्थित श्रीराम जानकी मठ में त्रिदिवसीय सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन 5 दिसम्बर से किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक रामलोचन दास के अनुसार 5 दिसम्बर को सायंकाल चार बजे मटकोर का आयोजन होगा। इसमें महिलाएं सीताजी को लेकर गंगा घाट तक जायेंगी। 6 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे अस्सी स्थित रामजानकी मठ से श्रीराम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। 7 दिसम्बर को रा6 9 बजे राम कलेवा का भोग लगेगा। चित्रकूट रामलीला समिति की अति प्राचीन राम विवाह महोत्सव 6 व 7 दिसम्बर को लोहटिया बड़ागणेश स्थित अयोध्या भवन में आयोजित है। लीला समिति के व्यवस्थापक पं. मुकुंद उपाध्याय ने बताया कि 6 दिसम्बर शुक्रवार को दिन में 2 बजे से अखण्ड रामायण पाठ व सायंकाल छह बजे से विवाह महोत्सव होगा। 7 दिसम्बर अखण्ड रामायण पाठ होगा। इसी तरह प्रहलादघाट स्थित प्रहलादेश्वर राम जानकी मंदिर में 6 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे गाजे-बाजे के साथ राम विवाह की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम संयोजक व महंत अरुण तिवारी मुन्ना ने बताया कि शोभायात्रा प्रहलादघाट, तेलियानाला, मुकीमगंज, मच्छोदरी, स्वामी नारायन मंदिर, होते हुए पुनः प्रहलादेश्वर मंदिर पहुंच कर समाप्त होगी। जहां पर राम विवाह के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। 7 दिसम्बर को मारुति किंकरजी महराज का सायंकाल 4 से रात्रि 8 बजे तक संगीतमय रामकथा आयोजित है।

## संक्षेप

### नर सेवा नारायण सेवा का दिया संदेश



**वाराणसी।** नर सेवा नारायण सेवा का संदेश देते हुए गरीब बेसहारा लाचार लोगों में ठंड के बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। मछोदरी स्थित श्रीस्वामीनारायण मंदिर के महंत स्वामी प्रेम स्वरूप दास के नेतृत्व में स्वर्गीय मिथलेश जायसवाल के स्मृति में सुबह-ए-बनारस क्लब के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अनिल केसरी के नेतृत्व में नीचीबाग स्थित संकट दहन हनुमान मंदिर के पास जरूरतमंद असहाय गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बेसहारा लोगों को मुकम्मल रूप से व्यवस्था के अभाव में सर्द भरी रात में अपना जीवन यापन करना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन से मांग किया गया कि वह मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार इस बार पड़ने वाले कड़ाके की सर्दी के मौसम को देखते हुए वह जगह-जगह व्यापक स्तर पर रैन बसेरा के साथ अलाव जलाने की व्यवस्था पूर्णतया तैयारी के साथ करने के लिए कटिबद्ध रहे।

### कांग्रेसियों ने भृगुनाथ पाण्डेय को दी श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** बीएचयू के विधि विभाग के पूर्व संकाय अध्यक्ष भृगुनाथ पांडेय के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया। महानगर कांग्रेस कमेटी के ने कहा भृगुनाथ पांडेय का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है, वो गांधीवादी विचारधारा के संवाहक थे। उनकी विनम्रता, विद्वता और सादगी लोगों को उनका कायल बना देता था। कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अरुण सोनी, वकील अंसारी, डॉ राजेश गुप्त, सतनाम सिंह, शमशाद खान, राजेन्द्र गुप्त, चंचल शर्मा, प्रमोद वर्मा, सच्चिदानंद तिवारी, मित्तल साहनी आदि उपस्थित रहे।

### फातमान और शिवपुर में उठा ताबूत, हाय जनाबे फातिमा की गूंजीं सदाएं

**वाराणसी।** बीबी फातिमा को खेराजे अकीदत पेश करने के लिए दरगाहे फातमान में 150 साल पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए शिया समुदाय ने शहर भर में मजलिस मातम के जरिए गम मनाया। अंजुमन हैदरी चौक के जेरे इंतेजाम मौलाना अकील ने मजलिस को खिताब किया। दोपहर 12 बजे खवातीन ने बीबी फातमा का ताबूत उठाया । हाय जनाबे सैयदा की सदाओं के साथ मातम किया गया। इस अवसर पर शायरों ने कलाम पेश किया और सोजखानी भी पढ़ी गई। शिवपुर में भी अंजुमन पंजीतनी ने हसन अली के संयोजन में बीबी फातमा का ताबूत उठाया। रामनगर जमा मस्जिद गोला घाट में नमाजियों द्वारा आयोजित मजलिस को मौलाना फरमान रजा ने खिताब किया। दोषीपुरा , दुल्हाईपुर, पठानीतोला, कच्चीबाग , बजरडीहा, दालमंडी आदि स्थानों पर मजलिसे आयोजित हुई। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि गुरुवार 5 दिसंबर को नौचंदी जुमेरात पर कई स्थानों पर दरगाहों और इमामबाड़ों में अलम उठाकर बीबी फातमा को खेराजे अकीदत पेश किया जाएगा। इस अवसर पर जिन शायरों ने कलाम पेश किए उनमें मुख्य रूप से रेहान , अतश ,शाद , समर, तफसीर जौनपुरी, जैन, रोशन बनारसी, मेंहदी बनारसी, आदि ने बीबी फातमा के शान में कलाम पेश किए।

# श्री रुद्र महायज्ञ ध्वजारोहण प्रारम्भ



**चौबेपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित मारकण्डेय महादेव के गंगा तट पर 24 वॉ शतचंडी महायज्ञ से पहले नव दिवसीय महायज्ञ का ध्वजारोहण कर श्री गणेश किया गया। इस दौरान मारकण्डेय महादेव के पुजारी और कार्यक्रम संयोजक विनोद गिरी ने बताया कि कथा 3 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2025 तक रोजाना दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित है। जिसमें कथावाचक राधे जी महाराज व्यास श्रीप्रकाश पांडेय आचार्य पं कुंज बिहारी पांडेय और यज्ञाचार्य रमेश महाराज महंत दुर्गा मंदिर दुर्गाकुंड वाराणसी प्रमुख रूप से रहेंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर वीर बहादुर सिंह अन्नू कादीपुर सुभाष चंद्र सिंह गुड्डू पूर्व अध्यक्ष विद्यापीठ डीएवी कॉलेज और हरिश्चंद्र अजय गोयल श्यामू महराज पुजारी मार्कण्डेय महादेव प्रेमदास महाराज महंत दुर्गा मंदिर अलीपुर सुल्तानपुर के साथ अनेकों लोग मौजूद रहे।

## शिवपुर फलाहारी बाबा आश्रम में लग रहा तांता

**शिवपुर।** फलाहारी बाबा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वहीं शाम में रामलीला मैदान चल रहा श्रीमद् भागवत कथा के में कथावाचिका बाल विदुषी शिवांगी किशोरी बुधवार को चौथे दिन कथा में ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथावाचिका ने कहा कि भागवत कथा सही मार्ग दिखाता है, भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो. भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। यदि भक्ति सच्ची हो तो ईश्वरीय शक्ति अवश्य सहायता करती है.
कथा वाचिका ने कहा कि मनुष्य को दिखावा न करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए।कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।कथा में उपस्थित मुख्य यजमान विनोद कुमार दूबे, मंहत रामदास त्यागी, प्रचार मंत्री कमलेश केशरी, डा.अजय मिश्रा कोषाध्यक्ष आंनद अग्रवाल महंतश्री रामकरण दास मौजूद रहे।

# बच्चों में पढ़ने की आदत बनाये रखना जरूरी

**बोले-वल्लभाचार्य**

### संस्था की ओर से अब तक 15 आशा बाल पुस्तकालय प्रदान किये गये



**चौबेपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित संविलियन विद्यालय डुढ़ूंवा एवं प्राथमिक विद्यालय चंद्रावती तथा दुर्गवा में बुधवार को सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से बच्चों की रोचक पुस्तकें प्रदान करते हुए आशा बाल पुस्तकालय की श्रृंखला प्रारंभ की गयी है । एक देश समान शिक्षा अभियान के अंतर्गत सभी को समान और बेहतर शिक्षा के अवसर की उपलब्धता के लिए संस्था द्वारा विगत तीन वर्षों से सरकारी स्कूलों में बाल साहित्य प्रदान किया जा रहा है । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि बदलते समय के साथ बच्चों में पढ़ने की रूचि कम हो रही है। जबकि पढ़ने की आदत से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे जागरूक होंगे। कार्यक्रम संयोजक दीन दयाल सिंह ने कहा कि हमने देश के विभिन्न प्रकाशकों से रोचक बाल साहित्य का चयन किया है।, अब तक कुल 15 आशा बाल पुस्तकालयों का संचालन किया गया है । चन्द्रावती विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र सरोज ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए किताबों का बहुत महत्व है। शिक्षिका डॉ सुमन कुमारी ने कहा कि तकनीक के इस दौर में बाल साहित्य से बच्चों की दिनों दिन बढ़ती दूरी को कम करना आवश्यक है । इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदीप सिंह, बृजेश कुमार, सौरभ चन्द्र, राजेश रौशन, मदन गोपाल सिंह, सुरेश राम, रीना वर्मा, प्रवीण चौबे, रेखा दुबे, मनीष जायसवाल, रामाश्रय, संतोष कुमार, विवेक कुमार, किरन यादव, प्रकाश यादव, राम अवतार, धनञ्जय, दीनानाथ यादव, जितेन्द्र, लालमन, रमेश साधना, रामकुमार, संजीव, मुन्नू लाल, धर्मेन्द्र यादव, बनारसी यादव आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही ।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के रंग में डूबा कथास्थल

**प्रवचन**

### सिय पिय मिलन महामहोत्सव में एक साथ मंच पर सजीव हुई ब्रज और मिथिला की लीला

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि में देवकीनंदन ठाकुर की कथा



सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में कथा में भीड़



कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर कथा करते हुए

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षान्त मैदान बुधवार को उत्सव के रंग में रंगा रहा। एक तरफ ब्रज में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनन्द तो दूसरी ओर मिथिला में विवाह पूर्व धनुष यज्ञ का उत्साह। अवसर था ब्रह्मलीन परम पूज्य संत श्री नारायण दास भक्तमाली (बक्सर वाले मामा जी) की सद्प्रेरणा से आयोजित सिय पिय मिलन महामहोत्सव के छठें दिन भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा प्रसंग का। प्रखर भागवत वक्ता देवकीनंदन ठाकुर ने मंच से जैसे ही प्रभु के प्राकट्य का वर्णन किया, सभी भक्तों ने एक दूसरे को बधाई दी और 'नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की', 'ओ साँवरे सबसे बड़ो तेरो नाम रे', ओ जियो श्याम लाला, नीली तेरी पगड़ी, रंग काला' आदि बधाई गीतों पर जमकर उत्सव मनाया। कथा के अंत मे बक्सर से आये त्रिदण्डी स्वामी गंगापुत्र जी महाराज, सिया दीदी, देवेंद्र पाण्डेय, अखिल भारतीय विद्वत परिषद के अध्यक्ष पण्डित कामेश्वर उपाध्याय, अशोक अग्रवाल गुरुकृपा, दीपक बजाज, सुनील अग्रवाल, संचित जैन, गदू भइया, सुरेश तुलस्यान, पुरुषोत्तम जालान, आयुष अग्रवाल, गोविंद शरण अग्रवाल, रवि बूबना, महेश चौधरी, कृष्ण कुमार काबरा, श्याम सुंदर लोहिया, राजेश भाटिया, सुशील लोहिया, श्रेयांश, वैभव, गोविंद, राघव, बादल, मन्नू, प्रेम मिश्रा आदि आरती में शामिल रहे। जन्मोत्सव में कविता भालोटिया, कृष्णा चौधरी, निधि अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, इला भालोटिया, कुसुम अग्रवाल, संपत्ति जैन, निधि केडिया आदि शामिल रही। मंच संचालन जय शंकर शर्मा एवं पंकज ने किया।जजज

# कैंपस सिलेक्शन में 20 छात्रों का चयन

**सेवापुरी।** विकास क्षेत्र के घोसिला गांव में संचालित राष्ट्रवीर निहाला रति कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट कॉलेज के परिसर में बुधवार को कैंपस चयन के तहत देश की नामी गिरामी कंपनियां टाटा मोटर्स ,केयूएएस एस ,फिएट इंडिया प्राइवेट लि एवं उत्कर्ष बैंक ने इस कैंपस सिलेक्शन में भाग लिया। जिसके तहत विद्यालय के स्नातक 2024 बैच के छात्र, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जिसमें कुल 20 छात्रों का चयन भाग लेने वाली कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए किया। जिसमें 9 छात्राएं एवं 11 छात्र चुने गए। चयनित छात्रों में हरिओम त्रिपाठी को टाटा मोटर्स ने बी टेक करवाने का स्पॉन्सरशिप प्रदान किया। विद्यालय के संस्थापक डॉ तेग बहादुर सिंह प्रबंधक डॉ हर्षवर्धन सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्टर स्वाति हर्षवर्धन सिंह ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के निदेशक प्रो आरबी सिंह के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिसर में लगातार दूसरे वर्ष यह प्लेसमेंट टाइप का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रमुखों एवं विद्यालय के कार्यालय कर्मियों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

# विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह की तैयारी पूरी



**चौबेपुर।** विहंगम योग संत समाज का शताब्दी समारोह 6 एवं 7 दिसम्बर को मनाया जायेगा। इस अवसर पर 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ सम्बन्धी सम्पूर्ण तैयारियां अपनी पूर्णता की ओर हैं और पूरे 25000 यज्ञ कुण्ड बनकर तैयार हो चुके हैं। 70 एकड़ भू-खण्ड पर निर्मित यज्ञ क्षेत्र को कुल 108 ब्लाकों में विभक्त किया गया है। जिसमें सभी ब्लाक भारतीय प्राचीन ऋषि-महर्षियों के नाम पर हैं। इस महायज्ञ के निमित्त पथमेडा से भारतीय वेदलक्षणा गाय का शुद्ध बिलोना घृत 11 टन, हिमालय के दुर्लभ जड़ी-बूटियों से निर्मित हवन सामग्री- 150 टन और 250 टन यज्ञ समिधा के साथ ही साथ, कपूर, माचिस, धूपबत्ती, चम्मच, कटोरी, फल, मिष्ठान्न, सूखा मेवा, मधु, इत्र, नारियल आदि जो-जो भी आवश्यक सामग्रियां हैं व्यवस्थित कर ली गयी हैं। प्रत्येक यजमान को उनके निर्धारित कुण्ड पर सारी सामग्रियां पैकेट रूप में प्राप्त होंगी, साथ ही प्रत्येक कुण्ड पर प्रसाद का दो-दो पैकेट भी दिया जायेगा जो सभी यजमान अपने घर तक ले जा सकेंगे। यजमान गणों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी ब्लाक में प्रत्येक कुण्ड पर आसन और वृद्ध तथा रोगी जनों के निमित्त कुर्सी आदि की उपयुक्त व्यवस्था की गयी है। स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज स्वयं यज्ञ स्थल जाकर सम्पूर्ण तैयारियों का निरीक्षण किये और तत्संबंधी सेवकों को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किये।इस महा आयोजन के निमित्त सम्पूर्ण मंदिर परिसर को अत्याधुनिक लाइटों से सुसज्जित किया गया है जो दूर दूर तक प्रकाशित हो रही हैं।

# सीएम ने जन विकास समिति को दिया सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार

**चांदमारी।** हरहुआ ब्लाक के मुर्दहा स्थित जन विकास समिति को वाराणसी जनपद सहित अन्य 14 राज्यों में विगत 27 वर्षो से दिव्यांगजनों, गरीबों, महिला सशक्तिकरण एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास सहित समाज के उत्थान व राष्ट्रहित में अनेकोनेक कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के ने 19 व्यक्तियों और दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों को राज्य पुरस्कार प्रदान किया।

यह पुरस्कार उन लोगों को दिया गया जिन्होंने अपने जीवन में या दिव्यांगता के क्षेत्र में असाधारण काम किया है। जन विकास समिति के सचिव-सह-कार्यकारी निदेशक चंद्रन रैमोन्ड्स ने दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सशक्त बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान (नवाचार) श्रेणी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार बच्चों के विकास में देरी और दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए दूरस्थ पुनर्वास के माध्यम से प्रारंभिक पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेपर कार्यक्रम के लिए दिया गया है।



# अवतरित होने व जन्म लेने में होता है अंतर

**बोले विश्वात्मानंद**

### रामकृष्ण अद्वैत आश्रम लक्सा में दो दिवसीय मानस प्रवचन

**वाराणसी।** रामकृष्ण अद्वैत आश्रम, लक्सा में दो दिवसीय मानस प्रवचन का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ आश्रम अध्यक्ष स्वामी विश्वात्मानन्द ने किया। स्वागत भाषण व प्रवचनकर्ता के परिचय से किया। गुजरात से पधारे रामकृष्ण मठ, भुज के महंत स्वामी सुखानन्द महाराज व्यास पीठ पर विराजमान होते ही रामनाम की पावन गंगा में भक्तों को डुबकी लगवाने लगे। भगवान के रामावतार की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अवतरित होने और जन्म लेने में फर्क होता है।

अवतरित होने का अर्थ है प्रकटीकरण, यानि अचानक से अस्तित्व में आ जाना या सामने आ जाना। इस ब्रह्मांड को एक सर्वोच्च निर्गुण, निराकर सत्ता चला रही है जो अपनी शक्तियों को प्रकट नहीं कर सकती। जब वही निर्गुण और निराकार शक्ति साकार रूप में हमारे सामने आ जाती है और अपनी शक्तियों तथा दिव्यता को प्रकट करने में सक्षम होती है, तो उसे हम अवतार कहते हैं। यही है श्रीहरि की मानव लीला। अवतार को उद्देश्यों के आधार पर पांच श्रेणियों में बांटा गया है। अंशांशावतार, अंशावतार, कलावतार, पूर्णावतार एवं परिपूर्णावतार। यदि अवतार के साथ-साथ चमत्कार भी रहे लेकिन लोकमयार्दा के साथ, तो उसे पूर्णावतार कहते हैं, जैसे कि प्रभु राम। सुखानन्द कहते हैं कि राम इंद्रियों का सूरज है। उसी के तेज से शरीर और उसकी इंद्रियाँ चल रही हैं। जब शरीर रूपी रथ पर चेतना रूपी राम आरूढ़ होकर इस का संचालन अपने हाथों में लेते हैं तभी वह सजीव होकर अभिव्यक्ति करता है। शरीर दथरथ है तो सारथी राम, शरीर शव है तो शिव (चेतना) रामड्ड।

राम से वियोग होते ही दशरथ का अस्तित्त्व समाप्त हो जाता है। इन दोनों का मिलन ही अनुभव और अभिव्यक्ति का, जड़ और चेतना का, परा और प्रकृति का मिलन है। अपने सारथी राम के बिना दशरथ उद्देश्यहीन है और दशरथ के बिना राम अभिव्यक्ति विहीन। संगीतमय राम कथा में भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ रही। कथा की समाप्ति पर प्रसाद वितरण हुआ।

# मां का दिल अपना पराया नहीं होता

**कथा कहानी**

### सुनो मैं प्रेमचंद कहानी पाठ का 1385 दिवस

**वाराणसी।** प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट , लमही की ओर से प्रेमचंद स्मारक स्थल लमही में प्रतिदिन आयोजित सुनों मैं प्रेमचंद कहानी पाठ 1385 दिवस में प्रेमचंद कहानी मां का हृदय का पाठन रंगकर्मी अजय पाठक ने किया । सम्मान ट्रस्ट के प्रो मनोहर व निदेशक राजीव गोंड व राकेश वर्धन ने किया। डा. मनोहर लाल ने कहा कि इस कहानी में प्रेमचंद बताते है कि मां का दिल अपना-पराया, अच्छा-बुरा नहीं समझता। मां तो मां होती है, वह सिर्फ.बच्चे को प्यार करना जानती है, चाहे वह बच्चा उसका हो या किसी और का। जिसके दिल में भी मां की तरह ममता हो, वह कभी किसी के लिए गलत काम नहीं कर सकता। कहानी में देखे तो कुछ ऐसा है कि माधवी ने बड़ी दुःख तकलीफों को झेलते हुए अपने बच्चे को पाल पोस कर बड़ा किया था। अगर मां-बेटे को जुदा करने वाली मौत होती, तो माधवी सब्र कर लेती और उसके मन में किसी के लिए क्रोध न होता, लेकिन उन्हें जुदा करने वाले तो कोई और थे, जिनके अत्याचार को सहना उसके लिए मुश्किल हो रहा था। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, रोहित गुप्ता, अजय यादव, राम अचल,अमन सिंह, राहुल यादव, आदि ने कहानी सुनी। सभी का स्वागत मनोज विश्वकर्मा ने किया। संचालन आयुषी दूबे व धन्यवाद डा राजेश श्रीवास्तव ने दिया।

# जवानों ने दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास

**वाराणसी।** पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस के जवानों ने राइट ड्रिल यानी दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास किया। राइट ड्रिल यानी दंगा नियंत्रण डील का नेतृत्व कैंट एसीपी विदुष सक्सेना के नेतृत्व में ह्0ुआ, यह प्रशिक्षण पुलिस के जवानों को दंगाइयों से निपटने के लिए दिया जाता है। इस ड्रिल में पुलिस कर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए कई तरह के तरीके सिखाए जाते हैं। इस ड्रिल के माध्यम से दंगाइयों से निपटने के लिए रणनीति बनाने और उचित उपकरणों का सही प्रयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# रेल मंत्री से मिले सांसद, रेवती स्टेशन के पूर्ण बहाली की मांग

**रेवती (बलिया)।** सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने दिल्ली में रेल मंत्री से मुलाकात कर रेवती आईबीएस रेलवे स्टेशन को पुनः पूर्ण स्टेशन बहाल करने की मांग किया। सांसद ने रेलमंत्री को पत्रक भी सौंपा।

सांसद ने रेलमंत्री अश्वनि वैष्णव को दिए गये पत्र में लिखा है कि उत्तर प्रदेश के बलिया-छपरा रेल खण्ड पर रेवती आईबीएस स्टेशन पर बीते दो माह से चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन व अनशन किया जा रहा है। अनशन करने वाले हास्पीटल भेजें जा रहे हैं। गंगा तथा सरजू के बीच स्थित नगर पंचायत रेवती तथा विकासखंड रेवती के करीब तीन दर्जन से अधिक गांव, जिनकी आबादी करीब 3 लाख है। स्टेशन का परिक्षेत्र में आती है। इस स्टेशन क्षेत्र में ब्लॉक मुख्यालय,नगर पंचायत कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीयकृत बैंक, पोस्ट ऑफिस, बड़ा बाजार, तीन महाविद्यालय, दर्जनों इंटरमीडिएट कॉलेज, दर्जनों उच्च प्राथमिक तथा प्राथमिक विद्यालय, थाना आदि स्थित है। यह क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ ही व्यवसाय का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। रेवती स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। अगस्त 1942 के दिन सेनानियों ने स्टेशन को अपने कब्जे में लेकर स्वराज का अपना झंडा लहराया था। ऐसे में ऐसे यह स्टेशन प्रारम्भ से ही ऐतिहासिक रहा है। इस स्टेशन से तमाम संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी, पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं,व्यापार करने वाले व्यापारी, सदूर क्षेत्र में तैनात यहां के कर्मचारी सदैव ट्रेनों से आवागमन करते हैं। अकारण इस स्टेशन को हॉट किए जाने के बाद प्लेटफार्म नंबर एक की पटरी हटा ली गई। उसके बाद यहां ट्रेनों पर चढ़ने उतरने वालों को जमीन के सतह से चढ़ना उतरना पड़ता है। इस क्रम में कई लोग चोटिल हो चुके हैं। अभी बीते 14 सितंबर को व्यापारी संतोष केसरी का इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ते समय गिरने से दोनों पैर कट गया और ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। ऐसे में रेवती हाल्ट स्टेशन को पूर्व की तरह पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया जाए तथा हटाई गई ट्रैक को पुनः बिछाया जाय। सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन अप एवं डाउन का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। उक्त स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाया जाए। मृतक व्यापारी संतोष केसरी के परिवार को मुवायजा दिया जाए।


रेलमंत्री को ज्ञापन सौंपते सांसद रमाशंकर राजभर।

## सड़क पर घंटों पड़ा रहा घायल, युवकों ने पहुंचाया अस्पताल

**बैरिया (बलिया)।** रेवती बैरिया मार्ग पर चकिया के डेरा के समीप मोटरसाइकिल पलटने से गिरकर घंटो सड़क किनारे बेहोश पड़े घायल युवक को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां इलाज के बाद उक्त घायल को चिकित्सको ने कड़ी मशक्कत से जान बचाई। बता दे कि बैरिया रेवती मार्ग पर चकिया के डेरा गांव के सामने 45 वर्षीय युवक मोटरसाइकिल से गिरकर बुधवार को घायल हो गया जो घंटो सड़क पर घायल अवस्था में बेहोश पड़ा रहा। बाद में चकिया गांव के कुछ उत्साही युवकों ने उक्त घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहाँ इलाज के बाद होश में आने पर अपना नाम गोपाल सिंह ग्राम सहतवार बताया है। समाचार लिखे जाने तक उक्त युवक का इलाज सोनबरसा अस्पताल पर चल रहा था। परिजनों को इसकी सूचना अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा फोन से दी गई है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** बिजली के निजीकरण को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा बलिया के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा के साथी तथा ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया तथा सरकार की बिजली नीति की आलोचना करते हुए नारेबाजी की। कहा की उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा बिजली का निजीकरण करके अदानी अंबानी तथा टोरंटो को मालोमाल करने की योजना है तथा दूसरी ओर बिजली विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की व्यापक छटनी तथा बिजली उपभोक्ताओं को निरंतर महंगी बिजली देकर संकट में डालने का प्लान है। सभा में बोलते हुए किसान नेताओं ने कहा कि सरकार ने बिजली को पहले ही ठेकेदारों के हवाले करके उपभोक्ताओं को आर्थिक दलदल में डालने का काम किया और अब तक उनसे 34000 करोड़ रुपए अधिक वसूले गए तथा गलत बिल देकर उनका शोषण किया गया। 115825 करोड रुपए का बिजली घाटा जो हुआ उसका बड़ा हिस्सा सरकारी दफ्तरों पुलिस थानों, शिक्षा विभाग के दफ्तरों आदि पर बकाया है जिसे बिजली कंपनियां वसूलने से असफल रही है यदि वह बकाया राशि वसूल हो जाए तो बिजली विभाग 5825 करोड़ की बचत में होगा लेकिन इसका फल आम उपभोक्ताओं को भोगने को मजबूर करने के लिए यह निजीकरण का कार्य उत्तर प्रदेश की सरकार ने किया है जिसकी हम निंदा करते हुए मांग करते हैं की निजीकरण को रद्द करते हुए बिजली उपभोक्ताओं के 34000 करोड रुपए जिसे बिजली निगम ने स्वीकार किया है उसका समायोजन उनके बिल में किया जाए। परमात्मा नंद राय, प्रमोद गौड़, जनार्दन सिंह कन्हैया शाही, तेज नारायण, कृष्णदेव, शिवनाथ, मुनीब, राघवेंद्र, बलवंत आदि मौजूद रहे।


ज्ञापन देने जाते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

# 400 गरीबों में वितरित किया गया कंबल


जरूरतमंदों को कंबल देते अतिथि गण।

जनसंदेश न्यूज

**मझौंवा (बलिया)।** आरके इंडिया कंपनी फरीदाबाद के सीईओ रितेश सिंह ने अपने पैतृक गांव टेंगरही में 24 घंटा श्री हरि नाम संकीर्तन के बाद अपने पिता मदन सिंह के हाथों 400 गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल ओढ़ाया। साथ ही कंबल वितरण के साथ ही अपनी कंपनी का एक कैलेंडर, बिस्कुट और मिष्ठान का पैकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नीरज सिंह, पंकज सिंह, गणेश सिंह, पूर्व प्रधान अभय शंकर सिंह, पूर्व प्रधान हृदयानंद पाण्डेय, प्रधान शुभम सिंह, अमूल सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे। अध्यक्षता फरीदाबाद संजय कॉलोनी के चेयरमैन विपिन बिहारी यादव व संचालन गणेश सिंह ने किया।

## अखंड हरेराम संकीर्तन का आयोजन आज

**बैरिया (बलिया)।** राष्ट्रीय राज मार्ग 31 के किनारे टेंपो मोटर स्टैंड बैरिया पर गुरुवार से अखंड हरे राम संकीर्तन का आयोजन 24 घंटे के लिए चालक संगठन द्वारा किया जाएगा। शनिवार को ब्रह्म भोज के साथ अखंड संकीर्तन का समापन होगा। कार्यक्रम के आयोजक टेंपो चालक संघ के संचालक शैलेश कुंअर ने स्थानीय श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है। बताया कि संकीर्तन के लिए कई बेहतरीन कलाकारो को बुलाया गया है।

# सड़कों से सफेद पट्टी गायब ब्रेकरों पर भी कोई चिह्न नहीं

**यातायात व्यवस्था**

### सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ रहा ग्राफ

**बलिया।** सर्दी का मौसम शुरू होते ही सुबह व शाम धुंध छाने लगा है। जिले की सड़कों की सफेद पट्टी गायब हो गई है। इसके कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ने लगा है। पुरानी सड़कें ही नहीं, नई बनने वाली सड़कों पर भी पट्टी लगाने को लेकर विभाग गंभीर नहीं है।

इसको लेकर डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की हर माह बैठक भी होती है लेकिन शासन के दिशा-निर्देश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। हालत यह है कि गाजीपुर से हाजीपुर तक जाने वाले एनएच-31 के खतरनाक मोड़ पर सफेद पट्टी गायब है। वहां पर कोई सांकेतिक चिह्न भी नहीं लगाया है। यही हाल बांसडीह, सिकंदरपुर, बेल्थरा, नगरा व रसड़ा मार्ग का है। ब्रेकरों पर भी किसी तरह का निशान नहीं है। 18 फीट की सड़क पर सफेद पट्टी लगाने का नियम है। ब्रेकर बनाए गए लेकिन सफेद पट्टी किसी पर नहीं है। अचानक स्पीड ब्रेकर आने पर चालक संतुलन खो देता है और दुर्घटना हो जाती है।

जिले के मुख्य मार्ग बलिया-बैरिया-रसड़ा होते हुए आजमगढ़ व बक्सर जाने वाले मार्ग पर सबसे अधिक हादसे होते हैं। इसके बाद भी इन सड़कों पर कोहरे में हादसे रोकने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। रसड़ा मार्ग पर लगी सफेद पट्टी खत्म हो गई है। इसके चलते वाहन चालकों को कोहरे में परेशानी होगी। बक्सर मार्ग के नरहीं थाने के पहले लखनुवा खतरनाक मोड़ की पट्टी धुंधली हो गई है। यहां पर कोई सांकेतिक चिह्न भी नहीं लगाया गया है। केशरी प्रकाश, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चिह्नित किए गए दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में साइनेज लगाए जा चुके हैं। गड्ढों को भी दुरुस्त कर लिया गया है। जिन सड़कों पर सफेद पट्टी हटी है, उनको जल्द ही ठीक किया जाएगा।

> सभी वाहनों में रिफ़्लेक्टिव टेप लगाना अनिवार्य है। वाहनों पर रिफ़्लेक्टिव टेप लगाने से सड़क हादसों में कमी आती है। कोहरे में दूर से ही वाहन दिखाई पड़ने लगते हैं। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। रिफ़्लेक्टिव टेप न लगाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अरुण कुमार राय, एआरटीओ**

## संक्षेप

### छात्राओं को दी गयी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी




**बलिया।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार गुलाब देवी बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उत्पीड़न अधिनियम-2013 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष कल्पना मिश्रा के द्वारा घरेलू हिंसा तथा हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना (सामान्य),स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली एवं उनसे प्राप्त होने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। काउंसलर अंजली सिंह के द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दिया गया। सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 1090, 1098 1076, 102, 108, 181 के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष कल्पना मिश्रा तथा वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह, बैजंतीमाला, नीलम शुक्ला, रंजना और विद्यालय के अध्यापिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रही।

### चित्तू पांडेय रेलवे क्रांसिंग पर बनेगा अंडरपास, जाम से मिलेगी मुक्ति

**बलिया।** शहर में चित्तू पांडेय चौराहे के पास क्रॉसिंग को बंद कर उसकी जगह पर अंडरपास का निर्माण होगा। इसकी प्रकिया चल रही है। अगले कुछ दिनों में निर्माण शुरू होने का अनुमान है। ओवरब्रिज के नीचे पूरब साइड की दुकानों को तोड़ने का काम मंगलवार से शुरू हो गया है। रेलवे बाउंड्री से सटी सभी दुकानों को जेसीबी से जमींदोज किया जा रहा है। कार्य तेजी से चल रहा है। अंडरपास बनने के बाद क्रॉसिंग बंद होने से हर माह गेटमैन व मेंटेनेंस पर होने वाले रेलवे के करीब एक लाख रुपये बचेंगे। शहर के प्रवेश द्वार चित्तू पांडेय चौराहे से बाहर से आने वाले लगभग सभी वाहन गुजरते हैं। छपरा-वाराणसी रूट का दोहरीकरण होने के बाद फेफना की तरफ से ट्रेन आने पर क्रॉसिंग 25 से 30 मिनट बंद रहती है। अगर दोनों तरफ से ट्रेनों का आवागमन हुआ तो घंटों जाम लग जाता है, प्रतिदिन क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम से लोगों को जूझना पड़ता है। अंडरपास का निर्माण होने से रोडवेज, न्यायालय व सरकारी कर्मचारियों सहित अन्य लोगों को जाम से निजात मिलेगी। अंडरपास 150 मीटर लंबा होगा। रेल पटरी से एक तरफ 80 और दूसरी तरफ 70 मीटर लंबा होगा। करीब छह मीटर चौड़ा और पांच मीटर गहराई होगी। अंडरपास की दोनों लेन में वाहन चलेंगे। इस संबंध में अशोक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल ने बताया कि चित्तू पांडेय चौराहे के पास स्थित समपार के नीचे अंडरपास के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जल्द ही इससे संबंधित कार्य शुरू कराए जाएंगे। इंजीनियर्स ने मौका मुआयना कर लिया है। जल्द ही टेंडर आदि की प्रक्रिया के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# बाजार में धड़ाम से गिरा हरी मिर्च का भाव

**किसान मायूस**

### खरीदार कम होने से लागत निकालना मुश्किल



**बैरिया (बलिया)।** हरा मिर्च का सेंसेक्स लुढ़कने से उत्पादकों में मायूसी छा गई है। आगे बाजार कैसा रहेगा भविष्य के गर्भ में है, किंतु अभी की स्थिति देखने से ऐसा लग रहा है कि हरा मिर्च का भाव आगे अच्छा नहीं हुआ तो अगले साल से किसान हरा मिर्च की खेती का रकबा कम करने पर मजबूर हो जाएंगे।

बता दे कि क्षेत्र के सोनबरसा, भोजापुर, रामनगर, मिजार्पुर, इब्राहिमाबाद, धतूरी टोला, श्रीपतिपुर, दलन छपरा सहित आसपास के दर्जनों गांव के दियारे में सैकड़ो एकड़ हरा मिर्च की खेती किसानों ने किया है। हरा मिर्च निकलने भी लगा है किंतु खरीदार कम होने के कारण भाव लुढ़क गया है। एक माह पहले 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिकने वाला हरा मिर्च इस समय 15 से 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। श्रीपतिपुर के किसान सन्जय विन्द का कहना है कि एक एकड़ हरी मिर्च की खेती में लगभग साठ हजार की खर्च आता है। अगर भाव अच्छा मिला तो दो से ढाई लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मिर्च की खेती में लाभ मिल सकता है किंतु, जिस तरह से भाव अचानक धड़ाम हो गया है फलस्वरुप 15 से 20 हजार प्रति एकड़ किसानों को का बच जाए तो बहुत होगा।

धतुरिटोला के किसान विकास सिंह का कहना है कि इस समय बाहर से मिर्च खरीदने वाले व्यापारिक कम आ रहे हैं क्यों कम आ रहे हैं इसकी जानकारी नहीं है। फलस्वरुप बाहर हरा मिर्च ना के बराबर जा रहा है। वही सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से बलिया सियालदह एक्सप्रेस से आसनसोल व वर्धमान यहां से हरा मिर्च जाता था वह इस समय बंद है। अगर बाहर मिर्च जाना शुरू नहीं हुआ तो भाव और भी नीचे नीचे आ सकते हैं। अगर भंडारण व विदेश निर्यात की सुविधा प्राप्त हो जाए तो यहां के किसान हरा मिर्च की खेती करके मालामाल हो जाएंगे। क्योंकि उत्पादन तो इस क्षेत्र में हो रहा है किंतु, किसानों को बाजार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थानीय किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान अपेक्षित करते हुए उचित कार्रवाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की है।

## माकपा ने बिजली के निजीकरण का किया विरोध

**बलिया।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने बिजली के निजीकरण का विरोध किया तथा कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया तथा पत्रक सौंपा। मांग किया कि फौरन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए अन्यथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व्यापक आंदोलन करने पर उतारू होगी। जिला मंत्री कामरेड रामकृष्ण यादव ने कहा कि बिजली का निजीकरण जन विरोधी है। इसका उपयोग भारत में गरीब और अमीर, किसान, विद्यार्थी, दुकानदार सभी लोग करते हैं, इसे मुनाफा का जरिया नहीं बनाया जा सकता। ऐसा करना संविधान की आत्मा पर प्रहार करना है। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार बनाने के बाद अपने चुनावी वादे को भूलती जा रही है लेकिन जनता को याद है की 300 यूनिट बिजली फ्री करने के लिए, किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए वादा था। यह वादे निजी कंपनियों को देकर पूरा नहीं किया जा सकता। इसलिए निजीकरण का विरोध जिसके तहत स्मार्ट मीटर जनपद में लगाया जा रहे हैं हम उसका विरोध करेंगे। इस दौरान जिला कमेटी के कामरेड रामकुमार, रघुवंश उपाध्याय, एनके सिंह, आदि दर्जनों साथी हाथ में लाल झंडा लिए हुए नारे लगाए तथा आगे भी आंदोलन की राह पर जाने के लिए चेतावनी दिया।

# पुलिस की छापेमारी में शराब बरामद, भट्ठियां नष्ट


बरामद लहन को नष्ट करती पुलिस।

**मनियर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के दियारा टुकड़ा न -2 में आबकारी विभाग बलिया की टीम ने बुधवार 4 दिसंबर को बड़ी कार्यवाही की जिसमें करीब 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया तथा करीब 2500 लीटर लहन को नष्ट किया गया तथा शराब बनाने वाली भट्ठियों को तोड़ा गया। आबकारी की टीम ने बताया कि संयुक्त आबकारी आयुक्त, गोरखपुर जोन, उप आबकारी आयुक्त आजमगढ़ प्रभार के निदेर्शानुसार एंव जिला आबकारी अधिकारी बलिया, सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन एक व दो आजमगढ प्रभार के नेतृत्व मे आबकारी टीम जनपद बलिया तथा प्रवर्तन- 1 व प्रवर्तन-2 की संयुक्त टीमों द्वारा जनपद बलिया के थाना मनियर में घाघरा नदी के किनारे अवैध शराब के निर्माण के अड्डों एवं संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 120 लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई और भारी मात्रा में लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 3 अभियोग पंजीकृत किये गये।

# खेल बच्चों की स्वाभाविक प्रक्रिया है : अभिनव नाथ


कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय परिवार के सदस्य।

जनसंदेश न्यूज

**प्रतियोगिता**

### खेल से बच्चों के शारीरिक विकास, मानसिक विकास सामाजिक विकास एवं नैतिक विकास को मिलता है बढ़ावा

**बलिया।** सेन्ट जेवियर्स विद्यालय धरहरा में बुधवार को अन्तगृर्हीय खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि खेल अधिकारी जवाहर यादव रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. अभिनव नाथ तिवारी ने कहा कि खेल बच्चों की स्वाभाविक प्रक्रिया है। भिन्न-भिन्न आयु वर्ग के बच्चे विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। ये विभिन्न प्रकार के खेल बच्चों के सम्पूर्ण विकास में सहायक होते हैं। मुख्य अतिथि जवाहर यादव ने अपने उद्बोधन में बताया कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, मानसिक विकास, सामाजिक विकास एवं नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सीके सिंह ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में खेल भावना के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक विकास होता है, व खेल से भाईचारा में प्रगाढ़ता आती है। विद्यालय के चेयरमैन एसबीएन तिवारी ने सभी बच्चो व शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

क्रीड़ा सप्ताह के प्रथम दिन सीनियर कबड्डी (बालक/बालिकाओं) के बीच मैच हुआ। इसमें बालिका वर्ग में ब्लू हाऊस की टीम ने ग्रीन हाऊस को हराकर प्रथम स्थान किया, जबकि सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाऊस के टीम ने रेड हाऊस को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस असवर पर खेल संचालक और नियंत्रक वीपी सिंह व उनकी टीम, सभी हाऊस मास्टर एवं सभी शिक्षिकाएं व शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# ददरी मेले में खचाखच रही भीड़, व्यापारियों में दिखी खुशी


ददरी मेले में उमड़ी भीड़।


ददरी मेले में खरीदारी करते लोग।

**बलिया।** ऐतिहासिक ददरी मेला के मीना बाजार में बुधवार को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की। वहीं मेले में भीड़ देखकर व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। ददरी मेले में सबसे ज्यादा भीड़ हर एक माल चार रुपए और 10 रुपए के दुकानों पर रहीं। वहीं बढ़ रही ठंड को देखते हुए लोगों ने मेले में गर्म कपडों की जमकर खरीदारी की। अब मेला की समाप्ति की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे मेले में भीड़ बढ़ने लगी है। भीड़ के चलते चित्तू पांडेय एनएच-31 से कदम चौराहा होकर काशीपुर तक दिनभर जाम की स्थिति रही। दुकानदार भी गदगद दिखे। झूले वालों को अन्य दिनों की अपेक्षा अच्छी आमदनी हुई। भीड़ को देखते हुए पुलिस भी अलर्ट रही। खाने-पीने की दुकानों व चर्खी-झूला पर बैठने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा। अब मेले में दूरदराज से लोगों के आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। मेले में आलमारी, छोटे-बड़े बक्से की दुकानें भी लगी हैं। गांव से आने वाले लोग इन सामान की खरीदारी में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान की खूब खरीदारी की। युवा वर्ग ने फास्ट फूड चाउमिंग, डोसा सहित अन्य आइटम को पसंद किया। मेला घूमने के बाद घर जाते समय खाजा खरीद कर ले गए। खाजा की दुकानें मेले के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी रहीं। ददरी मेले में हर दुकान पर खरीदारों की भीड़ रही। शादी का सीजन होने के कारण महिलाओं ने गर्म कपड़े, क्राकरी के सामान, सौंदर्य सामग्री व घरों के सजावट के सामान की खरीदारी की। सजावट के रंग बिरंगे प्लास्टिक के फूलों की भी ब्रिकी हुई। महिलाओं ने मुरब्बा बनाने के लिए आंवला व अचार के लिए नीबू की खरीदारी की। सर्दी को देखते हुए महिलाओं ने कश्मीरी शॉल, जैकेट व ऊनी वस्त्रों की खरीदारी की।

**जमकर हुई खरीदारी**

### गर्म कपड़ों की दुकानों पर रही भीड़, झूलों का लोगों ने लिया आनंद

### बच्चों व बड़ों ने लिया झूले का आनंद

उधर, बच्चों ने झूला, टोरा-टोरा, नाव झूला, ब्रेक डांस झूला, हथौड़ा झूला, चरखी, नौटंकी का आनंद लिया। छोटे बच्चों ने जंपिंग, घोड़ा, ट्रेन का आनंद लिया। दिन भर मेला घूमने के बाद ग्रामीण शाम ढलते ही घरों को रवाना हुए तो वहीं शाम को शहर के लोगों ने मेले का रुख किया। मेले में प्रतापगढ़ के प्रसिद्ध आंवले का लड्डू, बर्फी की खूब खरीदारी हुई। मेला देखने के बाद लोगों ने गर्म गुड़ही जलेबी व चाट का स्वाद लिया।

## धनुष यज्ञ मेला छह से शुरू, तैयारियां पूरी

**बैरिया (बलिया)।** पूवार्चंल का सबसे एतिहासिक व प्रसिद्ध सुदिष्ट बाबा मेला आयोजन की तैयारी जोरो पर है। ऐसे मे टेंटों का शहर बसने लगा है। शुक्रवार से शुरू से अगहन सुदी पंचमी के अवसर पर सुदिष्ट बाबा का ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेला शुरू हो जायेगा। 6 दिसंबर अगहन सुदी पंचमी से शुरू इस मेले का समापन 29 दिसंबर को होगा। मेला की तैयारी जोरो पर है। द्वाबा के प्रसिद्ध संत सुदिष्ट बाबा द्वारा मयादर्ा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व माता सीता के विवाह के शुभ तिथि पर अगहन शुद्ध पंचमी को इस मेले का शुरूआत किया गया था। जिसमें धनुष यज्ञ के आयोजन के साथ-साथ गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह साधु संतों का जमावड़ा भजन, कीर्तन, कथा, प्रवचन आयोजित होता था। समय बीतने के साथ मेला का स्वरूप बदल गया। अब इस मेले पर अध्यात्म के जगह भौतिकवाद हावी हो गया है। अब इस मेले में नाच, नौटंकी, सौंदर्य प्रसाधन की दुकाने चरखी ,काठ घोड़ा व जलेबी मिठाई की दुकानों के साथ-साथ फास्ट फूड की दुकानें सजने लगी है। उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत कोटवा द्वारा आयोजित यह सबसे बड़ा मेला है। इसका आयोजन कोटवा ग्राम पंचायत करता है। जिस ग्राम पंचायत को भारी आय होती है। जिसकी तैयारी अंतिम चरणों में है। शुक्रवार को सुदिष्ट बाबा के समाधि पर नमन के साथ इस मेले का शुरूआत होगा। समाधि की साफ सफाई रंग रोगन का कार्य हो चुका है। मेले मे पेयजल, प्रकाश व अन्य सुविधाओ के लिए ग्राम पंचायत कोटवा तत्पर है। ग्राम प्रधान वन्दना गुप्ता व प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। छः दिसम्बर को सुदिष्ट बाबा की समाधि पर पूजन हवन के बाद मेला शुरू हो जायेगा।



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ मऊ में आक्रोश

गुस्सा

## पद मार्च निकाल कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे लोग, डीएम को दिया ज्ञापन



**मऊ।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति का जिलाधिकारी को ज्ञापन, केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग। यह ज्ञापन हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति मऊ (उ०प्र०) द्वारा जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा को सौंपा गया। इसके पूर्व सोनी धापा मैदान से डीसीएसके, रोडवेज, आजमगढ़ मोड गाजीपुर तिराहा होते हुए एक पद मार्च निकाली गई। जिसमें काफी बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों, अत्याचारों और शोषण की निंदा की गई है। समिति ने मांग की है कि बांग्लादेश में हो रहे हमले और हिंसा, विशेष रूप से इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा, तुरंत रोकी जाए और उन घटनाओं में शामिल व्यक्तियों को सजा दी जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बांग्लादेश की सरकार और अन्य एजेंसियां इन अत्याचारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही हैं। जिसके कारण हिन्दू समुदाय शारीरिक, आर्थिक और धार्मिक रूप से उत्पीड़ित हो रहा है। विशेष रूप से इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्णदास को बिना किसी ठोस कारण के कारावास में डाले जाने की घटना को अन्यायपूर्ण बताया गया है। समिति ने महामहिम राष्ट्रपति को पत्र देकर उनके केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश में हिन्दू समाज के सुरक्षा और उनके धार्मिक तथा व्यवसायिक स्थलों की रक्षा के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। धरना प्रदर्शन से पूर्व डीसीएसके मैदान में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। जो शांतिपूर्वक पद मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे जहां धरना प्रदर्शन उपरांत जिलाधिकारी को अपना मांग पत्र सौंपे। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संयोजक प्रो. सर्वेश पांडेय, एड रामविलास चैबे, सरकार्यवाह एड. भुवेश श्रीवास्तव और मुख्य वक्ता रामाशीष ने अपने विचार व्यक्त किए।

# दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण रखें सक्रिय: पुलिस अधीक्षक



**मऊ।** जनपद की संवेदनशीलता और सामयिक अपरिहार्यता एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा जनपदीय पुलिस फोर्स के रिस्पॉस टाइम का डिमोस्ट्रेशन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे सायरन/अलार्म को बजाया गया जिसके क्रम में पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस अधीकारी/कर्मचारीगण द्वारा दंगा नियत्रण उपकरणों आदि को धारण कर पुलिस कार्यालय के परिसर में एकत्र हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मचारियों का गणना लेते हुए दंगा नियन्त्रण उपकरण (हेलमेट, डण्डा, बॉडीप्रोटेक्टर) आदि को चेक किया गया तथा इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने के दृष्टिगत फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें। दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे। जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके।

# मुबारकपुर ने बेल्थरा को 3-1 से रौंदा, फाइनल में किया प्रवेश



**दोहरीघाट, मऊ।** विक्ट्री इंटर कालेज के मैदान पर चल रही स्व रामानंद राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के पहले मैच मे स्पो क्लब मुबारकपुर ने नेशनल क्लब बेल्थरा को 3-1 से रौंदकर फाइनल मे प्रवेश किया सेमीफाइनल के पहले मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा बीके श्रीवास्तव ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के पहले राउण्ड मे मुबारकपुर व बेल्थरा रोड के बीच खेला गया मुकाबला बहुत ही रोमाचक रहा। मैच के पहले हाफ में दोनो टीमें एक दूसरे पर हावी रही तथा मैच के तेइसवें मिनट मे मुबारकपुर के साजीद ने अपनी टीम के लिये पहला गोल किया। उसके ठीक चार मिनट बाद ही बेल्थरा के हरेन्द्र ने अपनी टीम के लिये पहला गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। फिर मध्यांतर के बाद मुबारकपुर हमलावर हो गयी और ताबड़तोड़ साजीद ने दो गोल दागकर अपनी टीम को 3-1 से बढ़त दिला दी मुबारकपुर टीम का सेंटर व फारवर्ड बहुत ही शानदार रहा जो अंत तक कायम रहा और मुबारकपुर फाइनल मे प्रवेश कर गयी। मैच के दौरान प्रधानाचार्य शाश्वतानंद पाण्डेय, धर्मेन्द्र कुमार राय ने सबके प्रति आभार जताया। इस दौरान अजीत राय, आनंद राय, श्री धर राय, रविन्द्र राय, देवेन्द्र नाथ साही, संतोष कुमार सिह अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण गुप्त ने किया।

# बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर घोषित हो सार्वजनिक अवकाश



**मऊ।** उत्तर प्रदेशीय अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति बेसिक शिक्षक महासंघ, बहुजन कल्याण परिषद, सम्यक समाज सेवा संस्थान, डॉ.आंबेडकर अधिवक्ता संघ, सोशल जस्टिस ऐडवोकेट फोरम, नवजागरण आंबेडकर समिति एंव अन्य अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस (06 दिसम्बर 2024) को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के संबंध में डॉ.रामविलास भारती की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र/ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि भारत का संविधान निमार्ता, भारतरत्न बाबा साहेब डॉ० भीम राव रामजी आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर इनके जीवन संघर्षों पर आधारित देश व प्रदेश में जगह-जगह संगोष्ठियां एंव विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं बाबा साहेब डॉ०आम्बेडकर के विचारों के समर्थक अन्य अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता और शिक्षक व्यापक रूप में प्रतिभाग किया जाता है। बाबा साहेब डॉ० आम्बेडकर करोड़ो लोगो के अस्था के प्रतीक है इनके परिनिर्वाण दिवस 06 दिसम्बर पर सार्वजनिक अवकाश न होने के कारण हम सभी अनुवायियों को सम्बन्धित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने में कठिनाईयों का सामना करना पडता है तथा कभी-कभी इसमे प्रतिभाग करने से भी वचिंत हो जाते है। 06 दिसम्बर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाय। यही बाबा साहेब के प्रति सच्ची आदरांजलि होगी। अन्यथा की स्थिति में हम सभी अनुवाई सामूहिक रूप से संयोगिक अवकाश पर रहेंगे। और राष्ट्रीय हित में बाबा साहेब के विचारों, मूल्यों एवं आदर्शों को आत्मसात कर प्रचारित-प्रसारित करेंगे। पूर्व मुख्य प्रबंधक मुखराम ने कहा कि बाबा साहेब एक राष्ट्रीय व्यक्तित्व हैं इनके परिनिर्वाण दिवस पर सार्वजनिक अवकाश करोड़ों लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। एडवोकेट हरिनाथ ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के विधिक विचार हम अधिवक्ताओं के लिए एक मिशाल है। रामभवन प्रसाद ने कहा कि भारतरत्न बाबा साहेब जनमानस के आदर्श हैं। सार्वजनिक अवकाश होना जनता के साथ सम्मान है। लोकतंत्र सेनानी राम अवध रब ने कहा कि उपकार के प्रति आभार व्यक्त करने सार्वजनिक अवकाश करना न्यायोचित होगा। इस अवसर पर डॉ. भिक्खु मूलचंद नाग, लोकतन्त्र सेनानी रामअवध राव, मुखराम, इंद्रदेव प्रसाद, रामभवन प्रसाद, भूपेंद्रवीर, मुन्नू राम, कल्पनाथ, कमलेश कुमार, अमित सहगल, रामचन्द्र, एडवोकेट हरिनाथ, एडवोकेट प्रदीप, एडवोकेट रविन्द्र यादव, एडवोकेट केदार नाथ आदि उपस्थित रहे।

# वक्त तय करेगा कि कौन होगा 'सिकंदर'

बांसडीह विधानसभा

## कई दावेदार चुनाव की तैयारी में हैं

**बलिया।** बांसडीह विधानसभा में कौन होगा सपा का चेहरा? यह तो वक़्त की बात होगी, लेकिन सभी दलों में दावेदार अनेक है। उसमे दो चेहरे प्रमुख रूप से पार्टी हाई कमान की नजर में है। मार्च माह में योगी सरकार के तीन वर्ष पुरे होंगे। शेष बचे दो वर्षों में पार्टी चुनाव की तैयारी जुट जाएगी मैदान में ताल ठोकने वाले नेता और तेज दौरा करने लगेंगे। वैसे, बांसडीह विधानसभा की तस्वीरे बदली नहीं है। फिर भी सरकार अपनी उपलब्धिया गिनायेगी। क्षेत्र की जनता ने बीते विधानसभा चुनाव में कमल के फूल को चुना। इस उम्मीद के साथ कि बांसडीह विधानसभा में विकास की रफ्तार ना थमे। लेकिन विकास की रफ्तार धीमी रही। बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में कुल चार टाउन एरिया है, जिसमें सहतवार, रेवती, बांसडीह, मनियर नगर पंचायत शामिल है। चार ब्लॉक रेवती, बांसडीह, बेरुआरबारी, मनियर आते है। बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से पूर्व पीएम स्व0 चंद्रशेखर जी का खास लगाव था। क्योंकि 2004 के लोकसभा चुनाव तक यह उनका संसदीय क्षेत्र हुआ करता था। बांसडीह की राजनैतिक में पूर्व मंत्री बच्चा पाठक सहित कई बड़े नेता सक्रिय रहे। यहां से क्षत्रिय, ब्राह्मण, यादव और चौहान बिरादरी से लोग जीतकर सदन तक पहुंचते रहे है।

### धार्मिक और पौराणिक रूप से भी है अलग पहचान

**बलिया।** विधानसभा बांसडीह क्षेत्र की धार्मिक रूप से भी एक अलग पहचान है। मनियर में नवका बाबा का स्थान है, जहाँ देश के हर कोने से लोग आते है। सहतवार में चौनराम बाबा का समाधि स्थल है। मनियर में ही भगवान परशुराम का भव्य मंदिर है। यहां भी बहुत भीड़ होती है। मैरिटार, सुरहाताल भी है, जो पर्यटन के क्षेत्र में जाना जाता है।

### अरविन्द और केतकी की लड़ाई में जीते थे रामगोविंद

**बलिया।** यह वक़्त की है जब 2017 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बांसडीह में अपना उम्मीदवार नहीं दिया और सुभासपा से चुनाव लड़ रहे अरविन्द राजभर को समर्थन दिया था। वही, केतकी सिंह को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया तो बागी बन गयी और निर्दल चुनाव लड़ गयी। जिसका फायदा सपा प्रत्याशी रामगोविन्द चौधरी को मिला। अरविन्द और केतकी तो हार गये, लेकिन रामगोविन्द जीत गये।

### पहली बार बीजेपी समर्पित उम्मीदवार को मिली जीत

**बलिया।** बांसडीह की राजनीति में पहली बार बीजेपी समर्पित उम्मीदवार केतकी सिंह को जीत मिली। वह निषाद पार्टी से उम्मीदवार थी, लेकिन उनका चुनाव चिंह कमल का फूल था।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के अभियुक्त को सात साल की सजा

**बलिया।** लगभग पंद्रह वर्षों पुराने सुसाइड केस के मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह की न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है तथा 25हजार रुपए जुमार्ना भी लगाई है साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने आदेशित की है कि जुमार्ने की धनराशि अदा नहीं करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त छः माह की सजा भुगतनी होगी। उल्लेखनीय हैं कि सिकंदरपुर थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 237ब/2009 में उसी थाना क्षेत्र के चक बलदेव(मिश्रा चक) गांव निवासी आरोपी रामप्रवेश पुत्र नन्हकू राजभर को न्यायालय में भादवि की धारा 306 के तहत दोषी पाकर उक्त सजा से दंडित की है। अभियोजन के अनुसार यह घटना सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चक बलदेव (मिश्रा चक) गांव में लगभग पंद्रह साल पूर्व आत्महत्या के लिए उकसाने की घटना घटित हुई थी जिसमे अभियोजन पक्ष से संजीव कुमार सिंह व बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के उपरांत जिला जज ने उक्त फैसला सुनाई है।

# आग से चार झोपड़ियों सहित लाखों का सामान राख



**सिकंदरपुर (बलिया)।** थाना क्षेत्र के ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में चार रिहायसी झोपड़िया सहित नगद व खाने-पीने के गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल को दे रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम चक कलंदर (चकिया) गांव में बुधवार की दोपहर रामचंद्र गोंड पुत्र स्व. वस्जित गोंड के झोपडी में किसी तरह आग लग गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया तथा बगल के रामाश्रय खरवार पुत्र स्व. हरदेव राम तथा ममता देवी पत्नी मनोज राजभर के भी झोपडी को अपने चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही गांव के आसपास के लोग दौड़े हुए आए तथा आग को बुझाने का प्रयत्न करने लगे करीब 2 घंटे बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया जब तलक रामचंद्र गोंड के दो रिहायशी झोपडी, बच्चे का इलाज कराने के लिए रखा करीब पचास हजार नगद, तीस कुंतल गेहूं, बीस कुंतल चावल,गहना,कपड़ा और गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। वही रामाश्रय खरवार का एक झोपडी, चारपाई, कपड़ा, तथा गृहस्थी के सामान और ममता देवी का एक झोपडी, नगद, कपड़ा तथा गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गया। वही पीड़ितों का रो रो कर बुरा हाल है।

# चेयरमैन ने किया प्रयास, मंत्री ने दिया साथ और मिली बड़ी सौगात

उपलब्धि

## 7 करोड़ 83 लाख के विकास की मिली स्वीकृति



नगर विकास मंत्री एके शर्मा से भेंट करते रसड़ा के चेयरमैन विनयशंकर जायसवाल।

**रसड़ा (बलिया)।** नगर पालिका परिषद रसड़ा अब विकास की दौड़ में और आगे होगा क्योंकि नगर विकास मंत्री एके शर्मा की विशेष कृपा चेयरमैन विनय जायसवाल पर होने लगी है।पहली मुलाकात में ही 7 करोड़ 83 लाख रुपए की सौगात मिली है। उक्त धनराशि से जुटली गढ़ही का सुंदरीकरण होगा उसके अलावा नाथ बाबा मठ परिसर कायाकल्प और बारात घर भी बनेगा। चेयरमैन विनय शंकर जायसवाल ने नगर विकास मन्त्री एके शर्मा को बधाई दी है।

### रसड़ा की राजनीति में विनय ने बनाई पहचान

विनय शंकर जायसवाल का नाम रसड़ा में लोग बड़े सम्मान से लेते है। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सां लेने वाले रसड़ा के लोकप्रिय चेयरमैन विनय शंकर जायसवाल ने गरीबों की बहुत मदद किया है। गरीब लड़कियों की शादी, गरीब बच्चों की पढ़ाई और दवाई और गंभीर इलाज भी कराते रहे। रसड़ा से मऊ, वाराणसी तक एम्बुलेंस की व्यवस्था भी उन्होंने कराया है। गरीबों की दुआ से विनय शंकर को मिली बड़ी उपलब्धि।

# जेएनसीयू की परीक्षाओं का होगा बहिष्कार

निर्णय

## जनकुआक्टा ने लिया निर्णय, काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



प्रदर्शन करते शिक्षक।

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के कुलपति, कुलसचिव और वित्त अधिकारी की तानाशाही के कारण 27 नवंबर को जनकुआक्टा की बैठक श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कॉलेज के राजेंद्र प्रसाद सभागार में अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार राय और महामंत्री डॉ अवनीश चंद पाण्डेय के नेतृत्व में हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जो निरंकुशता और तानाशाही जारी है उसके खिलाफ अब बिना परीक्षा का बहिष्कार किये विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांग को सुनने वाला नहीं है। विश्वविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाओं का भुगतान एक मजाक बनाकर के रह गया है, और विश्वविद्यालय की स्थापना से ही तमाम बहाने बनाकर के और तमाम अवैधानिक नियम पारित करके प्रैक्टिकल के भुगतान को रोक दिया गया है। लिहाजा बाहरी विश्वविद्यालय का कोई भी परीक्षक जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के प्रयोगात्मक परीक्षाओं के परीक्षक के रूप में आने को तैयार नहीं हैं। वाहय एवं आंतरिक परीक्षकों के चार-चार वर्षों के भुगतान लंबित हैं। अब स्थिति यह हो गई है कि विश्वविद्यालय फीस तो ले लेता है लेकिन भुगतान नहीं करता है और कॉलेज कहां से भुगतान करें इसके लिए दबाव डालते हैं कि आप स्वयं वसूली कर लीजिए। शासनादेश के मुताबिक जो परीक्षा फीस होती है वह विश्वविद्यालय को जाती है कॉलेज कोई अतिरिक्त प्रयोगात्मक फीस न वसूल करता है और न ही उससे वह भुगतान कर सकता है। ऐसी स्थिति में वाहय परीक्षक और आंतरिक परीक्षको का प्रयोगात्मक परीक्षाओं का भुगतान अब तक विश्वविद्यालय कभी भी नहीं किया है। इस बार संगठन ने सर्वसम्मत से निर्णय लिया है कि जो भी हमारे मुद्दे हैं और जो भी हमारे लंबित भुगतान है जब तक कुलपति, कुलसचिव और वित्त अधिकारी जो जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के हैं और जनपद के ट्रेजरी ऑफिसर भी हैं भुगतान सुनिश्चित नहीं करते हैं, हम 7 तारीख से होने वाली परीक्षा का बहिष्कार करेंगे और काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ विवेकानंद पाण्डेय, डॉ रामचंद्र, डॉ विवेक राय, डॉ संजय मिश्र, डॉ श्याम बिहारी श्रीवास्तव, डॉ उमेश यादव, डॉ शिवेश राय, डॉ विवेक मिश्रा, डॉ अभिषेक अर्ष, डॉ अनिल तिवारी, डॉ राजेश कुमार, डॉ अशोक सिंह यादव, डॉ शिवप्रसाद, डॉ सीमा वर्मा डॉ संजय कुमार, डॉ कौशिक, डॉ आशुतोष यादव, डॉ धीरज सिंह, डॉ जयशंकर सिंह, डॉ मनोज यादव, डॉ स्मिता वर्मा, डॉ सीमा सिंह, डॉ पूनम गुप्ता, डॉ नेहा रानी, डॉ अंजू पटेल,डॉ मनीष पाण्डेय, डॉ अंगद सिंह, डॉ दशरथ चौहान, डॉ अजय पाण्डेय,डॉ राम तीरथ, डॉ मनोहर यादव, डॉ वृजेश सिंह, डॉ सूबेदार प्रसाद, डॉ बृजेश सिंह, डॉ जितेंद्र वर्मा, डॉ संतोष गुप्ता,डॉ विनीत नरायण दुबे आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### विटामिन 'ए' सम्पूर्णन कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**मऊ।** विटामिन 'ए' सम्पूर्णन कार्यक्रम का उद्घाटन आज मऊ जिले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राहुल सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में 9 माह के अदनान को विटामिन ए की पहली खुराक पिला कर, इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।

### ग्राम प्रधान की मां के निधन पर शोक

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय विकास खंड स्थित करहाँ गाँव की ग्रामप्रधान पूनम जायसवाल की सासु माँ एवं प्रधान प्रतिनिधि श्यामविहारी जायसवाल की माताजी का बुधवार अलसुबह देहांत हो गया। उनके निधन से परिवार सहित जहां पूरे करहाँ क्षेत्र में शोक व्याप हो गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बता दें कि लगातार दूसरी बार प्रधान बने श्यामविहारी जायसवाल की 96 वर्षीय माता सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय मेवालाल जायसवाल ने भोर में हृदयाघात के कारण दम तोड़ दिया। मृत्यु का समाचार फैलते ही उनके दरवाजे पर क्षेत्रीय लोंगो का तांता लग गया। वहाँ लोंगो ने शोक सभा कर अपनी संवेदना प्रकट की एवं स्वर्गीय माँ को अंतिम प्रणाम निवेदित किया। मृत सावित्री देवी अपने पीछे चार पुत्रों एवं चार पुत्रियों का परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद वाराणसी के गंगा किनारे मणिकर्णिका घाट पर किया गया।

### 7 तक समस्त शिक्षण संस्थाएं बायोमेट्रिक का कार्य कराएं पूर्ण

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रों के आवेदन पत्र बायोमैट्रिक द्वारा अग्रसारित किया जायेगा। इसके लिए सर्वप्रथम शिक्षण संस्थानों द्वारा अपने लागिन आई०डी० से ई-के०वाई०सी० का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक का कार्य पूर्ण कराना होगा जिसकी अन्तिम तिथि 07 दिसम्बर 2024 है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त पूर्वदशम एवं दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो/प्राचार्य अपने छात्रवृत्ति लागिन आईडी से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय मऊ में 07 दिसम्बर तक उपस्थित होकर बायोमैट्रिक का कार्य अवश्य पूर्ण करा लें। यदि उक्त कार्य आप द्वारा नहीं किया जाता है और कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति पाने से वंचित होता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों की होगी।

### चोरी की टैबलेट के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**मऊ।** थाना दोहरीघाट पुलिस देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गोठा बाइपास के पास से मु0अ0सं0 93/24 धारा 457,380,411 भादवि में वांछित अभियुक्त संजय गुलाब यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी इब्राहिमाबाद थाना मधुबन के कब्जे से चोरी की एक अदद टैबलेट बरामद कर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। साथ ही साथ थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा सियरही बरजला के पास से मु0अ0सं0 52/21 धारा 406,411 भादवि में वांछित अभियुक्त संदीप उर्फ भुल्लन पुत्र विन्दु हरिजन निवासी सियरही बरजला थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक अदद रेडमी मोबाइल फोन बरामद कर गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में नंबर वन बना सिकंदरपुर



**सिकंदरपुर (बलिया)।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में सिकंदरपुर तहसील ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। एसडीएम रवि कुमार के 16 महीनों के कार्यकाल में यह चौथा मौका है जब यह उपलब्धि लगातार हासिल हुई है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए इसी रणनीति एवं निपुणता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की है। बीते जुलाई महीने में भी जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण रैंकिंग में तहसील सिकंदरपुर की प्रगति अच्छी थी। लेकिन उसे और बेहतर बनाने के लिए कर्मचारियों ने रणनीति बनाकर काम करने का निर्णय लिया। जिसमें शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ उसका फीडबैक लेना शामिल था। एसडीएम रवि कुमार ने बताया कि पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जांच हेतु जांचकर्ता द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त समस्त संदर्भों की निष्पक्ष जांच और पर्यवेक्षण भी किया गया। यही नहीं प्राप्त शिकायतों की जांच आख्याओं का भी गहनता से परीक्षण किया जाता रहा। जांच पुष्टिकारक न होने पर आईजीआरएस संदर्भ पुनः जांच के लिए सम्बन्धित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दिया गया। इसी का परिणाम रहा की कोई भी संदर्भ डिफॉल्टर नहीं हुआ और न ही सी - श्रेणी में गया। सभी संदर्भों की समय से मार्किंग की गई। वादी का फीडबैक 100 प्रतिशत रहा। सभी प्रकरणों की जिलाधिकारी द्वारा समय समय पर विधिवत मॉनीटरिंग की गई।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बेल्थरारोड (बलिया)।** तहसील क्षेत्र के बेल्थरा रोड के चंद्रशेखर उद्यान में समाजसेवी मोहन प्रसाद मद्धेशिया ने अपने पिता स्वर्गीय स्वामीनाथ जी के पंद्रहवीं पुण्यतिथि पर औषधीय गुणों से भरपूर नीम के पौधे सहित कटहरी, पलाश, हरसिंगार, पारिजात, गिलोय आदि पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर हरियाली का संदेश दिया। इस दौरान जय बहादुर, लल्लन मद्धेशिया, सुशील कुमार मद्धेशिया, मनोज कुमार प्यारे, पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्त, नागेंद्र बाबा, रवि शंकर चौरसिया, रामजी राम, संतोष कुमार, शिवकुमार , कमलेश कुमार फौजी व पूर्व सभासद प्रदीप कुमार सहित अनेकों समाजसेवी उपस्थित रहे।

### कृषि यन्त्र उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**बलिया।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में स्थापित सीबीजी प्लान्ट तथा अन्य बायोमास आधारित सम्बन्धित इकाईयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन-सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत एफपीओं एवं एफपीओं के सदस्य कृषकों के रूप में अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा- निर्देश दिये गये हैं। जिसमें एग्रीगेटर हेतु एफपीओं का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। चयन समिति द्वारा एफपीओं व एफपीओ के सदस्य कृषक का चयन कर चयन-पत्र जारी किया जायेगा। चयन के उपरान्त उप कृषि निदेशक द्वारा विभागीय पोर्टल पर एग्रीगेटर के रूप में एफपीओं और उसके उक्त लाभ हेतु चयनित कृषक का योजना के आवेदक के रूप में पंजीकरण कराया जायेगा। पंजीकरण के समय उप कृषि निदेशक द्वारा आवेदक का चयन पत्र भी अपलोड किया जायेगा। चयन/पंजीकरण के पश्चात लाभार्थी द्वारा क्रय किये गये यंत्रों के बिल अपलोड की व्यवस्था पोर्टल पर की जायेगी। एफपीओं को इस योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत 30 लाख रुपए) की स्थापना हेतु प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के निर्धारित कृषि यन्त्र-ट्रैक्टर 60 एचपी व अधिक, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक एवं क्राप रीपर कृषि यन्त्र क्रय करना अनिवार्य होगा तथा इच्छुक एफपीओं आवश्यकतानुसार अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्र भी क्रय कर सकता है। जिस पर 80 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य होगा एवं इस योजनान्तर्गत चयनित एफपीओ के दो शेयर होल्डर सदस्य को कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत 10 लाख) की स्थापना हेतु (प्रति सदस्य एक सेन्टर) सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के निर्धारित कृषि यन्त्र ट्रैक्टर एवं ट्राली पर 40 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य होगा। कृषि यंत्रों के क्रय हेतु एआईएफ के माध्यम से ऋण की बाध्यता होगी। लाभार्थी को चयन की तिथि से 45 दिवस तक में कृषि यन्त्र क्रय कर बिल सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में उसका चयन निरस्त कर दिया जायेगा। साथ ही अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन 2 से 10 दिसम्बर तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### न्यायालय ने थानाध्यक्ष बैरिया से किया जवाब-तलब

**बलिया।** जबरियन दबाव बनाकर समझौता कराने एवं न करने पर बदतमीजी करने के मामले में अपर सीजेएम प्रथम कविता कुमारी की न्यायालय ने एसएचओ बैरिया से जबाव तलब की है। अदालती सूत्रों के मुताबिक बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जय प्रकाश नगर निवासी अजीत कुमार सिंह (पत्रकार) ने न्यायालय में अर्जी दी है कि उसका मकान व सहन अराजी न. 556झ में बना हुआ है जो आबादी से आच्छादित है जो लक्ष्मीना देवी के नाम से दर्ज है उक्त जमीन से ही प्रार्थी के घर के लोगों का आने जाने का रास्ता पचासों वर्षों से कायम है किंतु उक्त जमीन को गांव के ही दबंग किस्म के लोग राज राजेंद्र सिंह पारस सिंह अवैध तरीके से कब्जा करने के फिराक में है। और उक्त जमीन सर्वे की है जिसे अवैध तरीके से थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज को मिलाकर कब्जा दखल करना चाहते है उक्त जमीन के लिए थानाध्यक्ष बैरिया चौकी इंचार्ज जयप्रकाश नगर द्वारा उन दबंग लोगों के साजिश में आकर मेरे पिता पर पहले फर्जी मुकदमा कर जेल भेजे थे इसके बाद हमारे खिलाफ भी फर्जी मामला दर्ज किए है मेरे साथ दानापुर विहार के लोग आकर गुंडई करते है जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करने के उपरांत कोर्ट में अर्जी लगाई है जिसपर थानाध्यक्ष बैरिया रामायन सिंह से न्यायालय जबाव तलब की है।

# 25 हजार के इनामी बदमाश का हाफ काउंटर

## सहज जनसेवा संचालक का अपहरण कर लूट की वारदात को दिया था अंजाम

जनसंदेश न्यूज


पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी को ले जाती पुलिस।

सैदपुर। पच्चीस हजार इनामी अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

बीते दिनो आरोपी ने सहज जनसेवा केंद्र संचालक का अपहरण कर 72 हजार की लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद किया। गोली लगने के बाद सैदपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। बीते 24 अक्टूबर को ग्राहक सेवा केंद्र पर बैठने वाले परसनी निवासी शिवम सिंह पुत्र अंजनी सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि मलिकपुर के यूनियन बैंक से रुपया निकालने जाने के दौरान डहन मोड़ पर एक बदमाश ने रुकने को कहा। न रुकने पर वो अचानक सामने आ गया, जिससे बाइक की चाबी गिर गई तो उठाने लगा। इस बीच बदमाश ने कुछ सुंघाकर उसे अचेत कर दिया और अपहरण करके उसे शादियाबाद ले गए। वहां एक सुनसान खेत में चार बदमाशों ने उसे मारपीट कर एक कुबूलनामा वीडियो बनवाया और फिर उसके पास मौजूद 30 हजार रुपये नगद लूट लिया और एक ग्राहक सेवा केंद्र पर 42 हजार रुपये ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तफ्तीश की तो लूट के साथ ही कुछ और सनसनीखेज कहानी सामने आई। इधर बदमाश की सुरागकशी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल शातिर व वांछित बदमाश अपने साथी से मिलने डहरा कलां की तरफ से भीमापार की तरफ जा रहा है।

### पुलिस ने जाल बिछाकर की घेराबंदी

जिसके बाद मंगलवार की रात 2 बजे सैदपुर कोतवाल योगेंद्र सिंह व खानपुर थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने जाल बिछाया और मय फोर्स मसूदहां मोड़ पर पहुंचे। तभी एक बिना नम्बर की बाइक से संदिग्ध आता दिखा तो पुलिस ने उसे रोका। ये देख वो बाइक मोड़कर भागने लगा तो हड़बड़ी में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे घेर लिया।

### बदमाश ने झाड़ियों में छुपकर पुलिस पर झोंका फायर

पुलिस से घिरा देखकर बदमाश झाड़ियों में भागा और वहीं से पुलिस पर फायर करने लगा। जिस पर पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी और वो वहीं गिर गया। जिसके बाद फौरन पुलिस उसे दबोच लिया और लेकर अस्पताल आये। बदमाश ने अपना नाम अमन यादव उर्फ हर्ष नारायण यादव पुत्र सुरेश यादव निवासी, परेवां सराय सदकर थाना शादियाबाद बताया। उसने बताया कि उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वो फरार चल रहा है। हाफ एनकाउंटर के बाद वो पुलिस से माफी मांग रहा था।

## बदमाशों ने छीनी मोबाइल

रेवतीपुर। सुहवल थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की दोपहर दिनदहाड़े चलती बाइक पर सवार बदमाश ने कालूपुर त्रिमुहानी के समीप टोयटो से अपने घर जा रहे शिवबचन कुमार का एंड्रायड मोबाइल छीनकर फरार हो गया। जिसके कारण मौके पर अफरा-तफरी गई। लोगों ने लूटेरे का कुछ दूर तक पिछा भी किया,मगर वहतेज गति से सुहवल की ओर फरार हो गया। वहीं इस घटना के बाद पीड़ित युवक ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत किया,जिसके बाद पुलिस मामलें की छानबीन में जुट गई, बहरहाल पुलिस इस घटना को छिनैती से इन्कार कर रही है। वहीं लोगों ने कहा कि थाना अंतर्गत इलाके में पुलिस का अपराधियों में तनिक भी खौफ नहीं रह गया है, जिससे लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे है। लोगों ने कहा कि गस्त और पेट्रोलिंग के नाम पर पुलिस महज कोरम पूरा करने में जुटी है लगातार अपराधियों के आतंक से इलाके के लोग सहमें हुए है, जबकि पुलिस मूक दर्शक बनी है।प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने छिनैती से इन्कार करते हुए कहा कि इस मामलें की छानबीन की जा रही है जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## संक्षेप

### ऋण जमानुपात बढ़ाने के लिए बैंकों को डीएम ने दिया निर्देश



गाजीपुर। जुलाई-सितम्बर 2024 तिमाही की डीसीसी/ डीएलआर सी तथा विशेष जिला सलाहकार उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सितम्बर 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें ऋण जमानुपात, वित्तीय समावेशन एवं जिले में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। अध्यक्ष ने जनपद के ऋण जमानुपात में अपेक्षित वृद्धि ना होने पर अप्रशन्नता जाहिर की तथा कड़े शब्दों में ऋण जमानुपात बढ़ाने हेतु बैंकों को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने दिसम्बर में ही ऋण जमानुपात के लिए विशेष जिला सलाहकार उपसमिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। जिसमें इसे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की जा सकें। उन्होंने सभी बैंकर्स को शासकीय योजनाओं संबंधित आवेदनों को अतिशीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जनधन खाताधारकों को रूपे कार्ड से आच्छादित किया जाये। जिले में एनपीए की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने सदन को आश्वस्त किया कि सभी बैंकर्स मिलकर विभिन्न योजनाओं हेतु निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूर्ण करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अग्रणी जिला प्रबन्धक पीयूष सिंह परमार, सहायक महाप्रबन्धक आरबीआई जे.एस कालरा, डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार सभी बैंक समन्वयक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### सार्थक वार्ता के बाद शिक्षक संघ का आंदोलन स्थगित



गाजीपुर। आगामी छह दिसंबर को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में ताला बंदी को लेकर आक्रोशित शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीआईओएस भास्कर मिश्र ने पहल करते हुए समस्या निस्तारण करने के लिए बुधवार को शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर वार्ता किया। डीआईओएस भास्कर मिश्र के साथ सार्थक वार्ता के बाद माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया। मालूम हो कि आंदोलित शिक्षक अपनी समस्याओं का निदान नहीं होने तथा कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर छह दिसम्बर को डीआईओएस कार्यालय में ताला बंदी करने की चेतावनी दी थी। चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक सौ पचास से अधिक शिक्षकों का अवशेष, पदोन्नति, चयन वेतनमान सहित अन्य जरूरी कार्य सुविधा शुल्क नहीं देने पर रोका गया था। शिक्षकों का आरोप है कि सुविधा शुल्क नीचे से लेकर ऊपर तक लिया जा रहा था। प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय कहते हैं कि बीते 19 नवंबर को भ्रष्टाचार और अन्य समस्याओं को लेकर कार्यालय का घेराव किया गया था। प्रतिनिधिमंडल में नारायण उपाध्याय, सौरभ कुमार पाण्डेय, अमित कुमार राय, सूर्यप्रकाश राय, शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

### शॉर्ट सर्किट से धान की फसल जलकर खाक



सेवराई। स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकासखंड भदौरा अंतर्गत मिश्रवलिया व बकसड़ा गांव के सिवान में बिजली के शार्ट सर्किट से लगभग दो बीघा से अधिक धान की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने मौके का जायजा लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गए। स्थानीय सेवराई गांव निवासी हरिनरायण सिंह के मिश्रवलिया मौजा में स्थित बकसड़ा व मिश्रवलिया गांव के सिवान में स्थित धान के खेत ने बुधवार की दोपहर खेत से गुजर रहे हाई टेंशन तार में शॉर्ट सर्किट होने के बाद खेत में गिरी चिंगारी ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक हरिनारायण सिंह के दो बीघा से अधिक खेत में लगी धान की फसल जलकर राख हो गया। सूचना के बाद पहुंचे राजस्व लेखपाल शेषनाथ कुशवाहा मौके का जायजा लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गये। इस संदर्भ में एसडीएम को फोन करने पर काल रिसीव नहीं किया। लेखपाल शेषनाथ कुशवाहा ने बताया कि जले हुए फसल का जायजा ले लिया गया। रिपोर्ट बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेज दिया जायेगा।

### हमलावरों ने लेखपाल पर बोला हमला, घायल

गहमर। तहसील सेवराई के हल्का क्षेत्र दिलदारनगर के लेखपाल पर जानलेवा हमला कर जान से मारने की कोशिश किया गया। इस घटना में लेखपाल गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जनक कुमार यादव, लेखपाल तहसील सेवराई क्षेत्र दिलदारनगर निवासी गांव हरपुर थाना जमानियां ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को तहसील सेवराई से सरकारी काम निपटाकर एक व्यक्ति के साथ अपने राजस्व गांव दिलदारनगर मोटरसाइकिल से जा रहा था। भदौरा-दिलदारनगर मार्ग पर वह जैसे ही गांव उसीयां के पास पहुंचा कि पीछे से आ रहे एक ही बाईक पर दो लोग जो मुंह को गमछा से बांध रखा था मेरे मोटरसाइकिल को ओवरटेक करते हुए चलती मोटरसाइकिल पर ही जान से मारने की नियत से मुझपर हमलावरों ने लोहे की राड़ से ताबड़तोड़ दो बार हमला कर दिया। जिससे मैं असंतुलित होकर मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गीर गया। जिससे मैं घायल हो गया। घायल लेखपाल ने घटना की सूचना उपजिलाधिकारी सेवराई संजय यादव को दिया। राहगीरों और साथी के सहयोग से एंबुलेंस के सहारे दिलदारनगर निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां भर्ती होकर अपना इलाज कराया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित लेखपाल की तहरीर पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्जकर हमलावरों की खोजबीन किया जा रहा है।

### ईवीएम गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण

गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने आज दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा कार्मिकों की तैनाती और अन्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गाजीपुर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी गाजीपुर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि पाने के लिए किसान फार्म रजिस्ट्री होना जरूरी

जनसंदेश न्यूज

सेवराई। फर्जी तरीके से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लेने वालों पर नकेल लगाने के लिए सरकार द्वारा किसान रजिस्ट्री कराया जा रहा है। किसानों को मिलने वाला प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अब बिना किसान फार्म रजिस्ट्री का नहीं मिल पायेगा। इसके के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषक फॉर्म रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

जिसमें सभी रोजगार सेवक, लेखपाल व कृषि विभाग के कर्मचारी कार्य पर लगाए गए हैं। सभी किसानों की फॉर्म रजिस्ट्री होना आवश्यक है। बिना फॉर्म रजिस्ट्री के किसी को भी पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। इस बात की जानकारी विकास खंड भदौरा के एडीओ एजी प्रभाकर पांडेय ने देते हुए बताया कि सभी कृषकों का फॉर्म रजिस्ट्री करवाना आवश्यक है। यह फॉर्म रजिस्ट्री या कृषक रजिस्ट्री जन सेवा केंद्र पर भी किया जा सकता है। कृषक फॉर्म रजिस्ट्री का कार्य दो चरणों में होगा। पहले चरण में रोजगार सेवक, कृषि विभाग के कर्मचारी या जनसेवा केंद्र पर कृषक का पंजीकरण करेंगे। यह पंजीकरण लेखपाल के पोर्टल पर जाएगा। पुनः लेखपाल किसानों का खतौनी सत्यापित करेंगे और उसको अप्रूव करेंगे इस तरह किसान फार्म रजिस्ट्री तैयार हो जाएगी।

किसान फार्म रजिस्ट्री हो जाने से फर्जी तरीके से जुगाड़ बनाकर किसान सम्मान निधि लेने वालों पर नकेल लग जायेगा। बिना कृषक फॉर्म रजिस्ट्री के पीएम किसान सम्मान निधि नहीं मिलेगा। और जिनका मिल रहा है उनका भी किसान सम्मान निधि बंद कर दी जायेगी।उन्होंने बताया कि इसके लिए किसान स्वयं अपना आधार व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लेकर संबंधित कर्मचारीयों से मिले और अपना किसान फार्म रजिस्ट्री अवश्य करवा लें।

# नकाबपोश बदमाशों ने तिलक से लौट रहे युवक को मारी गोली

जनसंदेश न्यूज

**दबंगई**

### सुवहल-नगसर मार्ग पर वारदात, कई राउंड हवाई फायर झोंका

### घायल युवक से जानकारी लेकर हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस

रेवतीपुर। सुहवल थाना अंतर्गत सुहवल-नगसर मार्ग पर बीते देर रात्रि को पेट्रोल पम्प से पहले एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने तिलक समारोह से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे बाइक पर सवार श्रीकेश सिंह कुशवाहा (32) निवासी बडौरा को गोली मार दी।

जिसके कारण युवक खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। वहीं बदमाश खुद को पकड़े जाने की डर से बाइक को मौके पर छोड़ पैदल हवाई में कई राउंड फायर करते हुए भाग गये। इस घटना की जानकारी घायल ने परिजनों को दी तो उनके कोहराम मच गया। इसके बाद परिजनों गोली मारने की सूचना थाने को दी तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोली से घायल युवक को किसी तरह जिला अस्पताल ले गई जहाँ हालात गंम्भीर देख चिकित्सक वाराणसी रेफर कर दिया।

जिसके बाद परिजन घायल को वाहन से वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहाँ उसकी हालात अभी भी गंम्भीर बनी हुई है। इस घटना के मामलें में घायल के पिता गंगा प्रसाद ने तीन अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी,जिसके आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास आदि के मामलें में मुकदमा दर्ज कर मौके से एक बाइक बरामद कर छानबीन में जुटने के साथ ही


गोली से घायल युवक से अस्पताल में जानकारी लेती पुलिस।

बदमाशों की तलाश में जुट गई।लेकिन बदमाशों का पुलिस कुछ पता नहीं लगा सकी, घायल श्रीकेश ने बताया कि वह अपने गांव के ही एक अन्य दोस्त के साथ तिलक समारोह के बाद बाइक से घर लौट रहा था,वह ज्योहिं नहर से आगे बढा कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाश जो असलहा लिए थे, घेर लिया, जिसके बाद उसका बैग छीनने लगे, बताया कि जिसके बाद उसने शोर मचाना शुरू कर दिया।

यह देख लूट में असफल हथियारबंद बदमाशों ने उसे लक्ष्य कर गोली चला दी जो उसके दाहिने पैर में लगी, जिससे कि वह घायल होकर गिर पडा, बताया कि इसके बाद बदमाश अपनी बाइक छोड मौके से फरार हो गये।लोगों ने बताया कि थाने के नाक के नीचे जिस तरह से बदमाशों ने खुलेआम दुस्साहस किया निश्चित ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे हो रहा है।

प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि गोली से घायल का इलाज वाराणसी में जारी है,अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# बिजली के निजीकरण का फैसला वापस ले सरकार : ईश्वरी प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**मांग**

### संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, दी चेतावनी

गाजीपुर। संयुक्त किसान मोर्चा यूपी ने उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण को जन विरोधी और कार्पोरेट्स का मुनाफा बढ़ाने वाला बताते हुए स्थित सरजू पांडे पार्क में सभा कर ज्ञापन सौंपा गया। संयुक्त किसान मोर्चा यूपी के कोर कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पावर कार्पोरेशन के घाटे के कारण निजीकरण की दलीलें बेबुनियाद और जनता जनता के आंख में धूल झोंकने वाली है, ये कदम अदानी अंबानी और टोरेंटो जैसी कंपनियों के पक्ष में है। सरकार इसके लिए पिछले कई सालों से प्रयास कर रही थी, जो संयुक किसान मोर्चा और बिजली कर्मचारियों मजदूरों के कड़े विरोध के चलते सफल नहीं हो पाई। अब ट्रिपल पी के बहाने प्रथम चरण में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगमों को पूंजीपतियों को सौंपकर बिजली निजीकरण के काम को चालाकी से आगे बढ़ा रही है। जबकि ऐतिहासिक किसान आंदोलन के समय मोदी सरकार ने अन्य मांगों के साथ बिजली निजीकरण बिल को संयुक्त किसान मोर्चा से सलाह किए बगैर आगे न बढ़ाने के लिखित समझौते से मोदी सरकार मुकर गई है। वहीं भाजपा की योगी सरकार सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री और सिंचाई हेतु बिना शर्त फ्री बिजली देने के चुनावी वायदे से तो पीछे हट ही गई। उल्टा स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य करते हुए अब निजीकरण का फैसला ले लिया है। यह किसानों मजदूरों के साथ डबल इंजन सरकार का बड़ा हमला है। कहा कि जहां तक बिजली के बकाया का प्रश्न है, 2023 24 तक 1 लाख 10 हजार करोड़ का बकाया बताया जा रहा है, जबकि बिजली बिलों का बकाया 1 लाख 15825 करोड़ रुपए है। जिसका बड़ा हिस्सा सरकारी दफ्तरों, इंडस्ट्रीज, पुलिस विभाग आदि पर है। अगर इसे वसूल कर लिया जाए तो भी 5825 करोड़ फायदे में रहेंगे बिजली निगम। योगी सरकार द्वारा बिजली विभाग में 6 महीने तक हड़ताल पर रोक की निंदा करते हुए किसानों मजदूरों, बिजली कर्मचारियों अधिकारियों और आम जनता से एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया गया। राज्यपाल को संबोधित 7 सूत्री ज्ञापन में निजीकरण रोकने, बिजली के संविदा कर्मियों को नियमित करने,300 यूनिट फ्री बिजली देने व फर्जी बकाया बिजली बिल माफ करने आदि की मांग की गई।सभा को किसान सभा के जिलाध्यक्ष नसीरुद्दीन, किसान महासभा के जिला सचिव सत्येन्द्र प्रजापति, किसान सभा जिला मंत्री योगेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता अम्बिका प्रसाद श्रमिक और संचालन किसान महासभा के राज्य सहसचिव शशिकांत कुशवाहा ने किया।

## बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो घायल

सेवराई। गहमर थाना क्षेत्र के भदौरा देवल मार्ग पर दो बाइक के आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के भदौरा-देवल मार्ग पर सेवराई गांव के काली माता मंदिर के सामने दो अनियंत्रित बाइक सवार आमने सामने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवारों बबलू चौधरी (22) पुत्र लक्ष्मण चौधरी निवासी देवल व बृजेश राम (20) पुत्र प्यारेलाल राम निवासी सायर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुंचाया गया। जहां दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी भदौरा पर घायलों का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत नियंत्रण से बाहर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# रोडवेज बस संचालन के लिए एसडीएम को सौंपा पत्रक

बारा। एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष अबुल जफर खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यूपी-बिहार को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 124-सी पर बंद हुई रोडवेज बस को पुनः शुरू कराने के संबंध में एसडीएम सेवराई संजय यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अबुल जफर खान ने बताया कि विगत चार वर्षों से जनप्रतिनिधियों, निगम एवं सरकार की लगातार अनदेखी के कारण बारा से गाजीपुर तक जाने वाली रोडवेज बस बंद हो गई। जिससे क्षेत्र की जनता को आवाजाही के लिए निजी संसाधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। बारा से गाजीपुर तक जाने वाली रोडवेज बस के बंद होने के कारण लोगों को डग्गामार वाहनों में सफर करना पड़ रहा है। निगम की बंद हुई बस को पुनः संचालित करने की मांग को लेकर एआईएमआईएम के कार्यकत्ताओं ने उपजिलाधिकारी सेवराई संजय यादव को उत्तर प्रदेश सरकार एवं परिवहन मंत्री के नाम विज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि नेशनल हाईवे 124-सी बिहार प्रांत को जोड़ने वाला सीधा एवं महत्वपूर्ण मार्ग है। साथ ही प्रसिद्ध कामाख्या माता मंदिर जैसा दर्शनीय स्थल भी हाईवे किनारे स्थित है। पूर्व में बिहार सीमा पर स्थित बारा गांव से जिला मुख्यालय एवं वाराणसी तक रोडवेज बस संचालित थी जो कि निगम के अनदेखी के कारण बंद हो गई। बस शीघ्र शुरू न किए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान परवेज खान, उमेश यादव अनीश अहमद, औरंगजेब खान जेब, मुजफ्फर अली, प्रदीप कुमार, अतहर खान, सोनू सिंह, जुबैर अहमद आदि कार्यकर्ता रहे।


ज्ञापन देते एआईएमआईएम के कार्यकर्ता।

# मदरसा में 46 लाख का घोटाला!

## एमडीएम खाते से आभूषण, मिठाई, इलेक्ट्रानिक्स, हार्डवेयर ईट भट्ठा और सट्टा वालों के खातों में भेजा गया पैसा

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। योगी सरकार में मदरसों में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। एमडीएम योजना में जमकर लूट की जा रही है। छात्रों की संख्या फर्जी दिखाकर प्रबंधक बड़े स्तर का फर्जीवाड़ा कर रहे है। एमडीएम खाता से ही अपने रिश्तेदारों के दुकानों को पेमेंट किया जा रहा है।

इतना ही नहीं शेयर मार्केट में भी पैसा लगाया जा रह है। बानगी के तौर पर बहादुरगंज नगर पंचायत स्थित मदस्सा मदरसतुल मसाकीन में देखने को मिला है। एमडीएम की धनराशि में 46 लाख घोटाले का आरोप लगा है। जिसमें दस लाख की खाद्यान उठाया गया है। वहीं, 36 लाख 22 हजार पैतीस रूपए कन्वर्जन कास्ट में गबन किया गया है। घोटाले को लेकर साक्ष्य सहित शिकायतकर्ता एडवोकेट शकील अख्तर ने जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को जांच के लिए लिखित शिकायत पत्र दिया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मदस्सा मदरसतुल मसाकीन बहादुरगंज प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी और शिक्षा प्रबंधक जियाउर्रहमान ने एमडीएम योजना में बड़े स्तर का घोटाला किया है। बताया कि भारतीय स्टेट बैंक बहादुरगंज की शाखा में मदरसा के एमडीएम का खाता संचालित है। खाता संख्या 33232566670 है। जिसमें अपने रिश्तेदारों, आभूषण की दुकानों के मालिकों, मिठाई,इलेक्ट्रोनिक्स, हार्डवेयर, ईट भट्ठा और सट्टा वालों के खातों में धनराशि स्थानांतरित की गई है।

### जांच अधिकारी ने ठंडे बस्ते में डाला

शिकायतकर्ता ने बताया कि एमडीएम घोटाले की जांच को लेकर मुख्यमंत्री, मध्यान भोजन महानिदेशक को बीते 9 नवंबर को प्रार्थना पत्र भेजा था। वहीं, जिलाधिकारी को 25 नवंबर को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए निर्देशित किया गया था। बीएसए के आदेश पर कासिमाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी बीरबल राम ने जांच किया। लेकिन मध्याह्न भोजन निदेशक के निर्देश के बावजूद शिकायतकर्ता को कोई जानकारी नहीं दिया। जांच को उन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### कन्वर्जन मनी में खुलेआम लूट

बहादुरगंज नगर पंचायत निवासी शिकायतकर्ता शकील अख्तर ने बताया कि एमडीएम खाते का संचालन प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी एवं शिक्षा प्रबंधक जियाउर्रहमान अप्रैल 2024 तक किया। एमडीएम के धनराशि में भारी दुरुपयोग कर अपने सम्बन्धियों को लाभ दिया। जबकि, शासनादेश में एमडीएम खाते का संचालन प्रधानाचार्य एवं अभिभावक संघ के अध्यक्ष को करना है। किन्तु प्रबंधक हाफिज अब्दुल गनी एवं शिक्षा प्रबंधक जियाउर्रहमान ने एमडीएम के राशन व कन्वर्जन मनी की खुलेआम लूट किया है।

### लॉकडाउन में खाद्यान उठान में खेला

शासनादेश के मुताबिक कोरोना काल (लॉकडाउन) का धन अभिभावक या छात्र के निजी खाते में डीबीटी द्वारा भुगतान किया जाए । लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बताया कि शासन से आदेश था कि लॉकडाउन में खाद्यान का वितरण प्रधानाचार्य फार्म भरवाकर एक प्रति छात्र को देंगे, जो सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर ले जायेगा और खाद्यान प्राप्त करेगा। परन्तु ऐसा न करके लॉकडाउन का भी खाद्यान प्रबंधक एवं शिक्षा प्रबंधक के सम्बन्धियों द्वारा उठान किया गया।

## राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा की सत्यता को परखा

गाजीपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा (एनएएस) 2024 का आयोजन उप शिक्षा निदेशक हेमंत राव की देखरेख में सम्पन्न हुआ। उन्होंने राजकीय सिटी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा की सत्यता एवं सुचिता को परखा। उक्त परीक्षा केंद्र में अधिकतम 30 बच्चों का आकलन किया जाना था जिसमें 100 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति पाई गई। परीक्षा सकुशल संपन्न संपादित की गई तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित परख परीक्षा की सुचिता की भी जांच की गई। वहां पर भी परीक्षा नकल विहीन एवं सुचिता पूर्ण ढंग से 100 प्रतिशत उपस्थित बच्चों के साथ संपन्न कराई गई। ज्ञातव्य हो की यह परीक्षा जनपद के कुल 129 केंद्रों के कक्षा 03, 06 एवम 09 के छात्राओं का आकलन किया जाना था। इस मौके पर राजकीय सिटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश यादव, प्रधानाचार्य रागिनी श्रीवास्तव भी उपस्थित रही।

# मनरेगा मजदूर संघ का धरना जारी

**आमरण अनशन की चेतावनी**

### सात सूत्री मांग पत्र को लेकर सरजू पाण्डेय पार्क में मनरेगा मजदूरों का आंदोलन

जनसंदेश न्यूज



सरजू पाण्डेय पार्क में धरना देते मनरेगा मजदूर संघ के पदाधिकारी।

गाजीपुर। मनरेगा मजदूर संघ ने सात सूत्रीय मांग को लेकर तीसरे दिन बुधवार को सरजू पांडे पार्क पर समूह कर्ज माफी आंदोलन जारी रखा। मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद श्रमिक ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार से कोई सूचना नहीं प्राप्त होती है तो गुरुवार से आमरण अनशन की शुरूआत करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के सरकार एवं प्रशासन की होगी। मनरेगा मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद श्रमिक ने समूह कर्ज माफी सहित अपने साथ सूत्रीय मांग को लेकर के फिर अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा की। प्रदेश भर के स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार के लिए दिए गए लोन को माफ किया जाए।ग्रामीण समूह को माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा दिए गए ऋण का उचित निपटान करा कर फिर उनके द्वारा ऋण देने और वसूली करने की ऐसी स्पष्ट नियमावली बनाई जाए। जिससे समूह का शोषण ना हो सके तथा अब तक माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के एजेंट द्वारा प्रताड़ित किए जाने से आत्महत्या कर चुके सदस्यों के बच्चों के भरण पोषण के लिए उचित मुआवजा दिया जाए। मनरेगा के भ्रष्टाचार को रोकने हेतु मनरेगा मजदूर संघ को निगरानी एवं निरीक्षण का प्रभावी अधिकार दिया जाए। सोशल ऑडिट का अधिकार मनरेगा मजदूर संघ को दिया जाए तथा मनरेगा मजदूर संघ के कम से कम 8 प्रतिनिधियों को गैर सरकारी सदस्य के रूप में राज्य गारंटी परिषद में सम्मिलित किया जाए। नदियों नहरों तथा बड़े नालों की खुदाई एवं उसके दोनों तरफ वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए मनरेगा मजदूर संघ को क्रियान्वयन निकाय बनाया जाए। स्वयं सहायता समूह को समुचित रूप से स्वरोजगार करने हेतु सरल बाजार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा मजदूर कल्याण ट्रस्ट को चलो गांव की ओर अभियान के तहत ग्रामीण वाटिका स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। किसानों को सरलता से श्रमिक उपलब्ध हो सके इस हेतु मनरेगा को कृषि से जोड़ा जाए तथा श्रमिकों का पलायन रोकने हेतु मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 एवं वर्ष भर में 200 दिन रोजगार दिया जाए। धरना में प्रमोद सिंह यादव, गजानंद राम, आशुतोष श्रमिक, तबारक हुसैन, हरेंद्र यदुवंशी, मोहन मोनू सिंह, धनंजय आदि रहें।

## जनसंपादकीय

# मार्करबाड़ी का संदेश

**डा. गिरीश**



महाराष्ट्र के जनपद शोलापुर का छोटा सा गांव मार्करबाड़ी अचानक सुर्खियों में आ गया हो। इसलिए नहीं कि गांव में कोई संगीन वारदात अथवा घटना घट गयी थी। अपितु इसलिये कि गांव के लोगों ने बड़ी ही खामोशी से, अपने एक गांधीवादी कदम से लोकतन्त्र के आधारों को नयी मजबूती प्रदान की है। वह भी उस दौर में जब सत्ता प्रतिष्ठान और उस पर काबिज भाजपा और आरएसएस द्वारा लोकतन्त्र पर चहुंतरफा हमले बोले जा रहे हैं।

भाजपा और उसके अधीन शासकीय मशीनरी द्वारा निर्वाचन आयोग की पक्षधरता का लाभ उठाते हुये निर्वाचन प्रक्रिया को अकल्पनीय क्षति पहुंचाई जा रही है। ईवीएम मशीन में गड़बड़ी और परिणामों को प्रभावित करने को भांति- भांति की हेराफेरी की अनगिनत खबरें मिलती रहती हैं। ऐसी ही एक खबर महाराष्ट्र की मालशिरस विधान सभा सीट से आयी। इस सीट से एनसीपी (शरद पवार) के प्रत्याशी श्री उत्तम राव जानकर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री राम सतपुते को 13147 वोटों से हराया है।

एनसीपी प्रत्याशी जानकर को अपने ही गांव में 843 वोट मिले हैं जबकि भाजपा प्रत्याशी को वहाँ 1003 वोट मिले। गांव के तीन मतदान केन्द्रों पर लगभग दो हजार वोट हैं जिनमें से लगभग 1900 वोट पड़े थे। बताया जाता है कि इस गांव में भाजपा के दो सौ से भी कम वोट हैं। विजयी प्रत्याशी जानकर को पराजित भाजपा प्रत्याशी से यहाँ कम मत मिलने से गांववासियों का माथा ठनक गया। उन्हें ईवीएम पर शक था, जो और गहरा गया। अपने इस शक को मिटाने को गांववासियों ने बैलट पत्र से मॉक वोटिंग कराने का निश्चय किया। इसके लिये उन्होने समूचे गांव को मतदान के लिये तैयार किया। मतदान का खर्च जुटाने को आपस में चन्दा किया। मतदान के जगह जगह पोस्टर लगाये गये। 3 दिसंबर को सुबह 8: 00 बजे से वोटिंग होना तय था। प्रशासन से इसकी अनुमति भी मांगी गयी। लेकिन प्रशासन ने इसे गैर कानूनी करार देकर रद्द कर दिया। गांव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले मुट्ठी भर लोग मतदान रूपी इस कदम का मुखर विरोध कर रहे थे।

बैलट से रीपोलिंग कराके गांव वाले ईवीएम से हुये मतदान में घोषित मतों से इनकी तुलना करना चाहते थे। दोनों के मत टैली कर यह तय होना था कि ईवीएम से वोट मैनेज हुये थे। बौखलाए प्रशासन द्वारा 3 दिसंबर, मंगलवार को सुबह ही गांव की सड़कें बन्द कर दी गयीं। चेतावनी दी गयी कि वोटिंग करने वालों पर मामले दर्ज किए जायेंगे और मतदान सामग्री जब्त कर ली जायेगी। कुछ लोग तैयार किए गए मतदान पंडाल में वोटिंग करने गये तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। शेष को बलपूर्वक खदेड़ दिया गया। इतना ही नहीं प्रशासन ने गांव में 5 दिसंबर तक के लिये धारा 163 (पूर्व की धारा 144) लगा दी जिसके तहत 5 से अधिक लोग इकट्ठे नहीं हो सकते।

**लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा पर चुनावों में धांधली के कई आरोप लगे थे, पर निर्वाचन आयोग की पक्षधरता के चलते वे दब गये। हरियाणा विधान सभा चुनाव जिन्हें वे एक प्रतिशत से भी कम वोटों से जीते हैं, में भी उन पर ईवीएम में हेराफेरी और मतदान से मतगणना तक में धांधली के आरोप लगे थे।**

सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यवाहक महायुति सरकार मतपत्रों द्वारा होने वाली इस गैर सरकारी रीपोलिंग से इतनी भयभीत क्यों हो गयी? क्या उसे यह भय सता रहा था कि इससे उनके द्वारा चुनावों में की जाने वाली हेरा फेरी और उसका मुख्य औजार बनी ईवीएम की कलई खुल जायेगी। वरना इतना भय क्यों? इतनी सख्ती क्यों? क्या उन्हें भय था कि मतपत्रों से पोलिंग के परिणाम यदि वैसे ही आये जैसा कि गांववाले दावा कर रहे हैं तो इससे महाराष्ट्र विधान सभा के 23 नवंबर को आये नतीजों पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा और उनकी सारी खुशियाँ काफूर हो जायेंगी। इस पाबंदी से बात रुकने वाली नहीं। अकोला और वर्धा में कुछ जगहों पर जनता द्वारा मतपत्रों से ऐसे मॉक मतदान कराये जाने की खबरें आ रही हैं। लेकिन अब बात शायद महाराष्ट्र तक सीमित रहने वाली नहीं। लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा पर चुनावों में धांधली के कई आरोप लगे थे, पर निर्वाचन आयोग की पक्षधरता के चलते वे दब गये। हरियाणा विधान सभा चुनाव जिन्हें वे एक प्रतिशत से भी कम वोटों से जीते हैं, में भी उन पर ईवीएम में हेराफेरी और मतदान से मतगणना तक में धांधली के आरोप लगे थे। उत्तर प्रदेश जहां कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा, विधानसभा उपचुनावों में भाजपा की 9 में से 7 सीटों पर जीत अनेक सवाल खड़े करती है। खास कर कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र की जीत जहां अल्पसंख्यक मतदाता बहुत बड़ी संख्या में हैं और भाजपा लगातार हारती रही है।

मार्करबाड़ी गांव की मतपेटियों से बाहर आने वाले परिणामों की धमक दूर दूर तक जा फैल चुकी है और देश ही नहीं दुनिया भर में भाजपा द्वारा लोकशाही से की जा रही खिलवाड़ की कलई खुल चुकी है। इसी डर से भाजपा महाराष्ट्र की जीत का जश्न तक नहीं मना पा रही।

सामंती काल में जब शासकों पर असीम अधिकार थे, तब भी शासकों के खिलाफ नाटक एवं प्रहसन आदि का मंचन कर जनता को जाग्रत किया जाता था। शूद्रक द्वारा रचित नाटक- मृच्छकटिकम ( मिट्टी की गाड़ी ) में तो उस समय के राज दरबार में व्याप्त भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर गहरी चोट की गयी है। पर शासकों ने न तो इसे प्रतिबंधित किया, न ही इसका मंचन रोका। पर हेराफेरी से वोट हासिल कर सत्ता शिखर तक पहुंची भाजपा को नाटकीय मतदान तक कबूल नहीं।

भाजपा का डर तो समझ में आता है, पर पूरे प्रकरण पर भारी भरकम विपक्षी दलों की चुप्पी रहस्यमय है। संसद में कोई सवाल तक नहीं उठा। बयान तक जारी नहीं किया गया। यहाँ तक कि कोई ट्वीट भी सामने नहीं आया। पर मार्करबाड़ी गांव के नागरिकों ने लकीर खींच दी है, उसे मिटाया नहीं जा सकता।

मार्करबाड़ी गाँव की इस ऐतिहासिक पहल से चुनावी धांधलियों और ईवीएम की गड़बड़ियों पर बहस तेज होगी। ह्यबात निकली है तो दूर तलाक जायेगी।ह्य सोशल मीडिया और कई यू- ट्यूब चैनलों ने इस पर गंभीर चर्चा की है। चुनाव सुधारों के समर्थकों को इससे निश्चय ही ताकत मिली है और वे इस चर्चा को आगे बढ़ाएंगे। सचिवालय के संग्रहालय में धूल फांक रही चुनाक सुधारों से संबन्धित ह्यइंद्रजीत गुप्ता समिति की रिपोर्टह्ल को बाहर लाया जा सकता है।

पर धांधलियों से सत्ता शिखर पर विराजमान भाजपा इन प्रयासों को शायद ही परवान चढ़ने दे।वह ऐसी ही सख्ती से पेश आ सकती है जैसे कि मार्करबाड़ी गांव के लोगों से पेश आयी। जिन्न तो बोतल के बाहर आ चुका है। पर यह भी सच है कि भाजपा को आज छोटे मोटे टोटकों से नहीं हटाया जा सकता। इसे सत्ता से हटाने को देशव्यापी, व्यापक और धारदार आंदोलन की जरूरत है। और मार्करबाड़ी गांव के नागरिकों ने अंधेरे में एक छोटा सा दिया जला दिया है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# दक्षिण एशिया में नेतृत्व की चुनौतियां

## देशांतर

**मिहिर रायचौधरी**



कुछ वर्षों से भारतीय उपमहाद्वीप में मूल्यवृद्धि एवं शिक्षित बेरोजगारी के कारण व्यापक जन-आक्रोश है, यद्यपि भारत में इसका उग्र रूप परिलक्षित नहीं है। मणिपुर की अस्थिरता भी, प्रकारान्तर से बेरोजगारी की ही उपज है। इन सभी देशों के नेतृत्व के समक्ष इससे निबटने की चुनौती है। अतः भारतीय उपमहाद्वीप के सभी देशों की स्थिति, इनके द्वारा अपनायी गयी नीतियों सहित विचार करना आवश्यक है। सत्ता प्राप्ति हेतु राजनैतिक दलों में संघर्ष आम बात है, परन्तु वैसा संघर्ष, पाकिस्तान का विघटन अथवा श्रीलंका में तमिल-सिंहली विरोध वर्तमान परिस्थितियों से भिन्न है।

युवावर्ग बेहतर रोजगार की प्रत्याशा में उच्च शिक्षा प्राप्त करता है। अस्सी के दशक में कम्प्यूटर का प्रयोग प्रारम्भ हो गया था एवं परिवर्तन का दौर चल रहा था, परन्तु शिक्षित युवाओं के सामने अवसरों की कमी नहीं थी। नौकरी पाना कठिन था, परन्तु असम्भव नहीं। इसी समय भारत में अनेक कम्पनियां सक्रिय रूप से कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर विकसित करने में जुट गयीं थीं। दुर्भाग्यवश सेमीकंडक्टर काम्प्लेक्स लिमिटेड, चंडीगढ़ में आग लग जाने के कारण भारत हार्डवेयर के विकास में पिछड़ गया था, परन्तु साफ्टवेयर कम्पनियों ने अभूतपूर्व उन्नति की थी। देश के विभिन्न संस्थाओं में कम्प्युटरीकरण के कार्य के साथ, विदेशी संस्थाएं भी आउटसोर्सिंग से भारतीय युवा वर्गों के लिए नये अवसर उन्मुक्त किये थे। इसलिए अन्य देशों की तुलना में भारत में शिक्षित बेरोजगारी का दबाव कम था। डॉ मनमोहन सिंह के उदारीकरण नीति से देश में निवेश बढ़ा था एवं अन्य उद्योग भी विकसित होने लगे थे। फलस्वरूप आटोमेशन होते हुए भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त लोगों हेतु कुछ अवसर उपलब्ध थे। समय के साथ साफ्टवेयर कम्पनियां भी अपने कर्मचारियों की संख्या एवं वेतन वृद्धि की दर घटाने लगीं। आटोमेशन बढ़ने पर कारपोरेट जगत में मालिक अमीर होते गए और कर्मचारी गरीब। श्रीलंका, बांग्लादेश आदि में रेडिमेड कपड़ों का उद्योग विकसित हुआ। प्रारंभ में लगा कि इन देशों का विकास हो रहा है, परन्तु आगे चलकर इन उद्योगों में भी आटोमेशन का प्रभाव दिखने लगा फलस्वरूप बेरोजगारी बढ़ने लगी। विदेशी ऋण के व्याज का खर्च भी बढ़ने लगा था।

कोरोना काल में विकसित देशों में उत्पादन घटे थे तथा आउटसोर्सिंग की आवश्यकता बढ़ी थी; फलस्वरूप भारतीय उपमहाद्वीप के युवाओं के लिए एक तात्कालिक अवसर आया था। तदुपरान्त कारपोरेट सेक्टर, इन्टरनेट एवं मोबाइल एप्लीकेशन द्वारा कम कर्मचारियों से अपने उद्योगों को चलाने लगे, जिससे कर्मचारियों का कार्यभार बढ़ा, किन्तु वेतन नहीं। बेरोजगारी एवं आर्थिक विषमता बढ़ती गयी। अमीरों के वैभव के निर्लज्ज प्रदर्शन देखकर बेरोजगार युवाओं में क्षोभ एवं आक्रोश बढ़ने लगा। विकास के नाम पर मॉल एवं होटल तो बन गये, परन्तु वे सामान्य जनों के पहुंच से बाहर थे। प्रचारित हुआ कि भारतीय उपमहाद्वीप के शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी का कारण उनके व्यावहारिक ज्ञान का अभाव है, जिससे रोजगार मिलने में कठिनाई हो रही है। विकसित देशों में सरकार के साथ विभिन्न उद्योगपति भी शिक्षा संस्थानों में तकनीकी विकास हेतु अनुदान देते हैं, एवं अपनी आवश्यकताओं को उनके साथ साझा करते हैं; फलस्वरूप वे विकास में आगे रहते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में सरकारों एवं उद्योगपतियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सरकारों ने अपने बजट का एक प्रतिशत भी उच्च शिक्षा हेतु आवंटित करना आवश्यक नहीं समझा। तकनीकी विकास की अपेक्षा तकनीक का आयात करना उपयुक्त माना गया, जिसका मुख्य कारण भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी थी। उच्च वर्गों में शीघ्रातिशीघ्र अधिकतम धनार्जन की होड़ मची हुई थी। स्वाभाविक रूप से इसका प्रभाव निचले स्तर पर भी पड़ा। उपमहाद्वीप में गरीबी, बेरोजगारी एवं आर्थिक विषमता बढ़ती गयी। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बार कहा था कि भारत की ८५ करोड़ जनता सरकार द्वारा आवंटित मुफ्त अनाज पर निर्भरशील है। उच्च वर्गीय बच्चे विदेशों में शिक्षित होकर अपने प्रभाव-क्षेत्र में उच्च पदों पर नियुक्त हो जाते हैं। मध्यवर्गीय परिवार अपने बच्चों को जमापूंजी लगाकर अथवा बैंकों से ऋण लेकर विदेश भेजते हैं, जो सफल होने पर विदेशों में ही रह जाते हैं। निम्न वर्ग के सदस्य खाड़ी देशों में धनोपार्जन करते हैं। अर्थात, देश में आधारभूत संरचना की कमी की पूर्ति विदेशों में होती है। परिस्थिति का लाभ उठाकर धनिकों ने प्राइवेट इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज खोल दिए, जिनका शिक्षण शुल्क तो अधिक है, परन्तु रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। राजनैतिक दल किसी न किसी कारपोरेट की कठपुतली होते हैं, जिनसे उन्हें हजारों करोड़ रुपए स्वार्थसिद्धि हेतु मिलते हैं। इसलिए सभी राजनैतिक दल देशवासियों का ध्यान मूल समस्या से हटाकर धर्म, जाति, भाषा, लिंगवैषम्य आदि की ओर मोड़कर राजनीति करते हैं। देश की आर्थिक उन्नति के भ्रामक तथ्यों से जनता को गुमराह करते हैं। सभी संस्थानों में स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटाकर, कम वेतन पर अल्पकालिक संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाती है, ताकि कोई आन्दोलन न हो। फलस्वरूप इन देशों में अब ट्रेड यूनियनों की उपस्थिति नजर नहीं आती है। निराश बेरोजगार युवाओं का क्षोभ बढ़ने से समग्र उपमहाद्वीप एक सुप्त ज्वालामुखी पर है, जिसका विस्फोट कभी भी हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास एवं अधिकाधिक प्रयोग के कारण यह समस्या और भी विकराल रूप लेने वाली है।

परन्तु उपाय क्या है? तकनीकी विकास के कारण होने वाले लाभ जैसे बुकिंग, रिजर्वेशन, बैंकिंग, ऑनलाइन एजुकेशन, ई-कॉमर्स, संचार एवं सोशल मीडिया आदि को नकारा नहीं जा सकता है, जबकि आर्थिक विषमता में उत्तरोत्तर वृद्धि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। अतः उपाय ऐसे होने चाहिए जिससे सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे। राजनैतिक दलों पर जनता की आस्था समाप्तप्राय है, जिसका प्रमाण, जनता द्वारा श्रीलंका के राष्ट्रपति को अपदस्थ करना, पाकिस्तान में सेना द्वारा सरकार पर अधिकार करने से बचना तथा बांग्लादेश में जनता द्वारा एक सम्पूर्ण अराजनैतिक व्यक्ति मुहम्मद यूनुस को मुख्य सलाहकार बनाना है। भारत में राजनैतिक दल जनता का ध्यान बंटाने के लिए राजनैतिक व्यक्तित्वों के स्थान पर फिल्मी कलाकार, गायक एवं खिलाड़ियों को चुनाव में उतार रहे हैं। ये सभी बातें इंगित करते हैं कि राजनैतिक दलों को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना होगा वरना परिणाम दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ध्यातव्य है कि जन-आक्रोश बढ़ने का लाभ हमेशा अराजक तत्व उठाते हैं, पर अराजकता किसी भी दशा में काम्य नहीं है। इस सम्बन्ध में कुछ सुझाव प्रस्तुत हैः

१) शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना होगा। विश्वविद्यालयों में आधुनिक उपकरण युक्त प्रयोगशालाएं स्थापित कर तत्सम्बधित विशेषज्ञों की नियुक्ति करनी होगी। विश्व स्तर के विशेषज्ञों को विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में सीमित अवधि हेतु आमंत्रित करना होगा। सिंगापुर, मलेशिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया जैसे छोटे विकासशील देशों ने इसी प्रकार अपनी शिक्षा-व्यवस्था को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय बनाया है। भारत के नीति निर्धारकों ने इन्स्टीट्यूट बनाए हैं परन्तु उनसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल पाता है। इन्स्टीट्यूटों को भी नवीन प्रतिभाओं से सम्पर्क नहीं हो पाता है।

२) अन्य विधाओं के विकास हेतु उपयुक्त व्यवस्था करनी होगी ताकि रोजगार के अन्य अवसर भी प्राप्त हो सकें। समस्त खेल सम्बंधित संस्थाओं को एकीकृत कर एक पारदर्शी वितरण व्यवस्था लानी होगी।

३) उद्योगपतिगण विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों को आवश्यक उपकरण एवं शैक्षणिक पद प्रदान करें एवं शिक्षा के अन्तिम छः माह अपने उद्योगों में विद्यार्थियों को इन्टर्न के रूप में प्रशिक्षण दें, ताकि शिक्षोपरान्त उन्हें रोजगार मिलने में आसानी हो। कम्पनियां अपने कर्मचारियों के वेतन का एक भाग कम्पनी के शेयर के रूप में दें, ताकि आर्थिक विषमता घटे एवं पेंशन की अनुपस्थिति में अवकाशोपरान्त आमदनी का स्रोत हो। ऐसी व्यवस्था अनेक विदेशी कम्पनियां (जैसे माइक्रोसॉफ्ट) अपने कर्मचारियों के लिए करतीं हैं।

४) स्नातक स्तर पर सभी विषयों के पाठ्यक्रम में कम्पनी लॉ एवं कर प्रणाली ( टैक्स सिस्टम) आवश्यक अंग हो ताकि विद्यार्थी सिर्फ नौकरी पर निर्भर न रहकर अपने उद्योग (स्टार्टअप) स्थापित करने के बारे में भी सोच सकें।

५) सरकारी खर्चों में कटौती हो। इसके लिए विधायकों एवं सांसदों का पेंशन बंद करते हुए उनकी एवं मंत्रियों तथा सरकारी अफसरों की सुरक्षा हेतु व्यय को न्यूनतम किया जाए।

६) नीति आयोग में देश के अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अर्थशास्त्री, वैज्ञानिक, उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकताओं को सम्मिलित किया जाए। पाकिस्तान ने नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अब्दुस सलाम की अवहेलना किया था, जिसका फल वह आज भुगत रहा है। बांग्लादेश की जनता ने नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर यूनुस का महत्व अब समझा है। यह भूलना नहीं चाहिए कि देश पर इन विद्वानों का अधिकार राजनैतिक नेताओं से कम नहीं है।

७) माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशोपरान्त जब इलेक्टोरल बॉन्ड का रहस्य खुला तो देशवासियों को ज्ञात हुआ कि प्रथम श्रेणी के राजनैतिक दलों के पास सम्पूर्ण करमुक्त अकूत धन-संपत्ति (कई हजार करोड़ रुपए का) है, जो देशवासियों का ही धन है। एक हजार करोड़ रुपए से अधिक धन वाले राजनैतिक दलों के लिए यह आवश्यक हो कि अपने धन का कुछ प्रतिशत जनहित कार्य हेतु खर्च करें।

**( लेखक गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष रहे हैं)**

**राजनैतिक दलों पर जनता की आस्था समाप्तप्राय है, जिसका प्रमाण, जनता द्वारा श्रीलंका के राष्ट्रपति को अपदस्थ करना, पाकिस्तान में सेना द्वारा सरकार पर अधिकार करने से बचना तथा बांग्लादेश में जनता द्वारा एक सम्पूर्ण अराजनैतिक व्यक्ति मुहम्मद यूनुस को मुख्य सलाहकार बनाना है। भारत में राजनैतिक दल जनता का ध्यान बंटाने के लिए राजनैतिक व्यक्तित्वों के स्थान पर फिल्मी कलाकार, गायक एवं खिलाड़ियों को चुनाव में उतार रहे हैं। ये सभी बातें इंगित करते हैं कि राजनैतिक दलों को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना होगा वरना परिणाम दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ध्यातव्य है कि जन-आक्रोश बढ़ने का लाभ हमेशा अराजक तत्व उठाते हैं, पर अराजकता किसी भी दशा में काम्य नहीं है।**

# तुम्हारे नये जन्म के लिए कातर हैं सभी, हे महाप्राण !

## रपट

**विधि तिवारी**



लखनऊ स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में पिछले रविवार को 'साखी' के 40वें अंक 'बुद्ध की धरती पर कविता' का रविवार के दिन लोकार्पण हुआ। हमें भी सूचना मिली थी। हम बौद्ध शोध संस्थान पहुँचे। शांत इलाका है। लोगों की आवाजाही कम है। बुद्ध तक पहुँचने की यात्रा एकांत की यात्रा है। वहाँ तक पहुँचना सम्भव भी कहाँ सबके लिए। हमें अज्ञेय की कविता 'साम्राज्ञी का नैवेद्य दान' याद आती है। हम इसका पाठ करते हुए आगे बढ़ते हैं, 'जो कली खिलेगी जहाँ, खिली,/जो फूल जहाँ है,/जो भी सुख/जिस भी डाली पर/हुआ पल्लवित, पुलकित,/मैं उसे वहीं पर/अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल,/ हे महाबुद्ध!/अर्पित करती हूँ तुझे।

वहां पर कुछ रिहर्सल चल रही है। हम सदानंद शाही जी से मिलते हैं और पहली मंजिल की ओर बढ़ते हैं। एक सभागार है और उससे सटा हुआ ऑफिस। ऑफिस में भंते जी और शोध संस्थान के निदेशक राकेश सिंह बैठे हुए हैं। कक्ष में बुद्ध की मूर्ति रखी हुई है। पीत वस्त्र धारण किये बुद्ध। पास ही अशोक की फोटो है। हम शोध संस्थान की लाइब्रेरी देखने जाते हैं। लाइब्रेरी में पालि, संस्कृत और हिंदी की शोध परक किताबें रखी हुई हैं। ऐश्वर्या किताबें देख रही है और कह रही है कि बुद्धत्व भगवान नहीं; बल्कि मानव से महामानव बनने की यात्रा का नाम है। बाहर लाइब्रेरी से लगी हुई दीवार पर बुद्ध को उनके पाँचों शिष्यों के साथ उभारा गया है। बेहद सुंदर और आकर्षक कारीगरी दिखती है।

सभागार में भंते जी, सदानंद शाही, रमेश सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष राय, वीरेंद्र कुमार सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, वंदना सिंह आदि बुद्ध को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। संस्थान के निदेशक राकेश सिंह बुद्ध के प्रभाव और प्रकाश की बात करते हैं। वे कहते हैं 'बुद्ध की धरती पर कविता' मानवता, करुणा और अहिंसा के तत्वों को समाहित की हुई कविता है। बुद्ध की भूमि सिर्फ उतनी ही नहीं है जहाँ वह गए थे, वह सारी भूमि जो बुद्ध के प्रकाश आलोकित हुई है, बुद्ध की भावभूमि है।

मैं इस संग्रह की भूमिका पढ़ती हूँ, जहाँ इस संग्रह का उद्देश्य दिया हुआ है, 'हजारों वर्षों से बुद्ध भारतीय ही नहीं विश्व कविता, कला और स्थापत्य को प्रेरित और प्रभावित करते रहे हैं। हम बुद्ध की भूमि में एकत्र होकर कविता और कला की उस दुनिया का पुनः स्मरण ही नहीं बल्कि पुनः सृजन करना चाहते हैं। विश्व को अपने आलोक से आलोकित करने वाली मानवीय करुणा की धारा नये सिरे से अपने भीतर प्रवाहित होते अनुभव करना चाहते हैं।ः

'बुद्ध की धरती पर कविता'- काव्य-यात्रा की श्रृंखला इसी उद्देश्य से आयोजित है और संग्रहणीय भी है। यह इसका पहला अंक है, जिसमें हिंदी की कविताएँ संकलित हैं तथा आगे दो अंक और आने की संभावना है। सदानन्द शाही इस यात्रा,इसके पड़ावों और उद्देश्य पर अपनी बात रखते हैं। इस यात्रा की शुरूआत 2019 में बुद्ध की धरती 'कुशीनगर' से हुई थी, जिसके बाद इस शीर्षक का वितान इतना बड़ा हो गया कि पूरा विश्व बुद्ध की धरती के रूप में ही दिखने लगता है। इस संग्रह के आरंभ में गुरुदेव टैगोर की कविता है। त्रासदी के दौर में वह बुला रहे हैं बुद्द को..'हिंसा से उन्मत्त है पृथ्वी, /नित्य निष्ठुर द्वंद्व जारी है यहाँ/ बहुत-बहुत कुटिल हो गई हैं राहें/ लोभ के जटिल बंधन में बंधे हैं सब/तुम्हारे नये जन्म के लिए /कातर हैं सभी/ हे महाप्राण ! /अपनी अमृतवाणी से उन्हें मुक्ति दिलाओ !/ मुक्ति !

उन्नीसवीं सदी के महान उन्नायकों में एक व्यक्तित्व बुद्द का भी रहा है और उनके प्रभाव आधुनिक युग के साहित्य और समाज में परिलक्षित है। शायद ही आधुनिक युग का कोई कवि है जिसने बुद्ध पर लिखा न हो। रामचंद्र शुक्ल बुद्ध के उपदेशों को साहित्य के माध्यम जनता के बीच लाना चाहते हैं। वह 'लाइट ऑफ एशिया' का अनुवाद करते हैं। शाही सर बताते हैं कि बुद्ध को बुद्ध की धरती से ही विलुप्त किया जा रहा, किन्तु वे सुषुप्तावस्था में हैं और यह संग्रह इस बात की बानगी है। अश्वघोष के 'बुद्धचरितम' के कई अध्याय लुप्तप्राय हैं। असल में इस दौर में, बुद्ध को खोजना मानवता की ओर बढ़ना है। संवाद, मैत्री, करुणा, अपनापन, प्रेम, सद्भाव का समाहित रूप ही मनुष्यता है। बुद्ध की कविता मनुष्यता के श्रेष्ठतम रूप का आह्वान है।





मुझे हरिश्चंद्र पांडेय की कविता 'बुद्ध मुस्कुराए हैं' याद आती है -'लाल इमली' कहते ही इमली नहीं कौंधी दिमाग मे/जीभ में पानी नहीं आया/ 'यंग इंडिया' कहने पर हिंदुस्तान का बिंब नहीं बना/ जैसे महासागर कहने पर सागर उभरता है आँखों में / जैसे स्नेहलता में जुड़ा है स्नेह और / हिमालय में हिम कम से कमतर होता जा रहा है ऐसा/ इतने निरपेक्ष विपर्यस्त और विद्रूप / कभी नहीं थे हमारे बिंब /कि पृथिवी पर हो सबसे संहारक पल का रिहर्सल/ और कहा जाए/बुद्ध मुस्कराए हैं।' यह कविता इस संग्रह में भी है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुद्ध को सबसे बड़ा चिकित्सक बताते हैं। बुद्ध चिकित्सक ही हैं आज के समय में जिनकी जरूरत है क्योंकि बुद्ध की वाणी और इलाज तर्कसम्मत और वैज्ञानिक है। जिस पर ढाई हजार साल बाद डार्विन और नीत्शे जैसे वैज्ञानिक बात करते हैं। हिंदुस्तान में 'संविधान' से बहुमूल्य किताब कौन ही होगी, जो बुद्ध के उपदेशों और वचनों से प्रेरित है। जहाँ हर इंसान बराबर है और मानवता सर्वोपरि है।

सुभाष राय और अनिल त्रिपाठी जी अपनी संकलित कविताओं का पाठ करते हैं। सुभाष राय कहते हैं कि यह बाहर घूमते हुए भीतर की खोज की यात्रा है। जहाँ बुद्ध को भुलाया जा रहा, जहाँ वैमनष्यता के इस समय में मनुष्य को मारने की तैयारी चल रही, वहाँ बुद्ध एक आवश्यकता के रूप में आते हैं। 'बामियान में धूल' कविता इन्हीं भावों से ओतप्रोत है और समाज का सच कहती है। अनिल त्रिपाठी अपनी कविता 'सारनाथ में बुद्ध से' कविता द्वारा भी बुद्ध के आलोक से अपने अंतः के अंधेरे को आलोकित करने की बात कहते हैं। शाही जी इस संग्रह की सामग्री पर बात करते हुए बताते हैं कि बुद्ध के जीवन पर एक महाकाव्य संस्कृत में अश्वघोष का 'बुद्धचरितं' और दूसरा भोजपुरी में स्वामी विमालानंद सरस्वती का है और उसका एक अंश इस संग्रह में संकलित है। शाही जी अपनी दो कविताओं 'मैं जिस धरती पर चलता हूँ' और 'क्या वह प्रेम था' का पाठ करते हैं।'मैं जिस धरती पर चलता हूँ' कविता बुद्ध के साथ होने का भान कराती है। यह सभा आशीष सिंह जी के धन्यवाद ज्ञापन से समाप्त होती है।

बुद्ध ने कहा है-'भिक्षुओं, आपस में इकट्ठा होने पर दो बातों में से एक बात होनी चाहिए। या तो धम्मकथा या फिर, आर्य-मौन।' सभा मौन का आश्रय लेती है। मैं सबके चेहरे देख रही हूँ। शांत और निश्छल चेहरे। और याद आती हैं मुझे 'असाध्य वीणा' की कुछ पंक्तियां, 'अवतरित हुआ संगीत/स्वयंभू/जिसमें सोता है अखंड/ब्रह्मा का मौन/अशेष प्रभामय/डूब गए सब एक साथ/सब अलग-अलग एकाकी पार तिरे।'

**(लेखिका लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा हैं)**

**'बुद्ध की धरती पर कविता'- काव्य-यात्रा की श्रृंखला इसी उद्देश्य से आयोजित है और संग्रहणीय भी है। यह इसका पहला अंक है, जिसमें हिंदी की कविताएँ संकलित हैं तथा आगे दो अंक और आने की संभावना है। सदानन्द शाही इस यात्रा,इसके पड़ावों और उद्देश्य पर अपनी बात रखते हैं। इस यात्रा की शुरूआत 2019 में बुद्ध की धरती 'कुशीनगर' से हुई थी, जिसके बाद इस शीर्षक का वितान इतना बड़ा हो गया कि पूरा विश्व बुद्ध की धरती के रूप में ही दिखने लगता है।**

## व्यंग्य



# चिकने घडे पर मोबिल आयल की मालिश

**मूलचंद्र गौतम**

सतयुग से त्रेता और द्वापर तक भारत सोने की चिड़िया था और देश में दूध की नदियाँ बहती थीं. पुराने जमाने के लोगों को मालूम होगा कि तब घरों में दूध, दही और घी की हांडियों का क्या महत्व था.घर की लक्ष्मी उन्हें जान से भी ज्यादा संभाल कर रखती थीं .गलती से कभी-कभार टूट फूट जाने पर महीनों सालों पछतावे में रहती थीं जैसे घर-परिवार का ही कोई सदस्य बिछड गया हो.बडी बूढियों के पास उनका पूरा इतिहास भूगोल रहता था कि उनका आगमन घर में कब कब हुआ था.इसलिए उनकी सार संभाल का काम किसी लापरवाह नई नवेली अल्हड बहू को नहीं सौंपा जाता था.

कलियुग में जब से चाय, काफी और दारू का प्रचलन बढा है तब से दूध, दही और घी की हांडियां डायनासोर की तरह विलुप्त हो गयी हैं. भगवानों के प्रसाद तक में नकली घी का साधिकार प्रवेश हो चुका है. छोटे छोटे बच्चों तक की आंख बिना बैड टी के नहीं खुलती .चाय पानी,हुक्का पानी आतिथ्य की अनिवार्यता में शामिल हैं. अब पार्टी का मतलब ही दारू पार्टी है.मामूली से मामूली घरेलू फंक्शन बिना दारू की पूर्णाहुति के सम्पन्न नहीं माने जाते. काकटेल और माकटेल से ही आयोजक और आयोजन का स्टेटस तय होता है.जहां ये नहीं होते वहां मेहमान क्या मक्खी तक नहीं फटकती.

इस मामले में लोग एकदम चिकने घडे हो गये हैं बिन्दास यहां कोई लाज लिहाज काम नहीं करता. अमीरजादों की रेव पार्टियों ने इस प्रथा को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया है .दूसरी तरफ नकल में शौकीन गरीब सस्ती दारू पीकर स्वर्गीय होने का अपार सुख भोग लेते हैं.पूर्ण शराब बंदी वाले राज्यों में यह दर कुछ ज्यादा ही है .

ये कलियुगी चिकने घडे परम बेशर्मी और बेहयाई के प्रतीक हैं. इनके लिए जेल ससुराल है. कत्ल करना शगल है. मुण्डों की माला पहनकर जब ये सजधजकर निकलते हैं तो इनके वैभव को देखकर चक्रवर्ती सम्राट तक लजाता है. इस चिकनाई को बढाने के लिए ये किसी तेल फुलेल के बजाय मोबिल आयल की नियमित मालिश कराते हैं ताकि भलमनसाहत के पानी की एक बूंद तक इनके मखमली बदन पर टिक न सके.अगर टिक जाए तो ये रो रोकर दिल के घावों को दिखाकर उन्हें जादू से वोट में बदल लेते हैं. रंगदारी और तस्करी से उपजी इनकी लक्जरी लाइफ का माडल युवाओं को लुभाता है जो इनके कट्टर प्रचारक बन जाते हैं.अपराध की दुनिया में गैंगस्टर और शूटर बनना उनका एकमात्र लक्ष्य हो जाता है. थोड़े ही दिनों में फटाफट शार्टकट से मिली अमीरी में ये क्रिकेट, फिल्म और उद्योग जगत के सितारों को पीछे छोड़ देते हैं और फिर जल्द किसी के एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं.

इन चिकने घडों के मुखमंडल से आनुप्रासिक गालियों के फूल अनवरत झरते रहते हैं. गाल बजाने की प्रतियोगिता में कोई इनसे जीत नहीं सकता. जनता इस ग्लोबल क्रूरतापूर्ण युद्ध की इतनी आदी हो जाती है कि इस मनोरंजन के बिना उसे चैन नहीं पडता.निर्दोष लोगों की अकारण हत्या से उनकी पथराई संवेदना पर एक खरोंच तक नहीं आती.युद्ध कौशल के अभ्यास और विकास की यह कीमत आलू प्याज से भी कम है ।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9412322067)**

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का राजफाश हिस्ट्रीशीटर सहित पांच गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### चोरी की लाइसेंसी बंदूक, पांच तमंचा 68 कारतूस व दो बाइक बरामद

### भदुली में मौनी बाबा की कुटिया के पास सिधारी थाना व स्वाट टीम की कार्रवाई

### पुलिस अधीक्षक की ओर से की गई टीम को 15 हजार इनाम देने की घोषणा

जनसंदेश न्यूज



पुलिस की गिरफ्त में अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने के आरोपित।

**आजमगढ़।** सिधारी थाना और स्वाट टीम प्रथम की संयुक्त टीमने मंगलवार की आधी रात बाद भदुली स्थित मौनी बाबा कुटिया के पास बांस की खूंटी के पीछे छापेमारी कर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का राजफाश किया। मौके से हिस्ट्रीशीटर सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ चोरी की लाइसेंसी बंदूक, पांच तमंचा व कारतूस बरामद कर सभी का चालान कर दिया। पुलिस लाइन सभागार में उपलब्धि की जानकारी देने के साथ एसपी हेमराज मीना ने पुलिस टीम को 15 हजार इनाम देने की घोषणा की है।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि अलग-अलग सुनसान जगहों पर लगभग दो-ढाई साल से कबाड़ी की दुकान से अपने काम लायक लोहे की पाइप एवं अन्य सामान चुनकर खरीद लेते हैं। इसके अलावा असलहा तैयार करने में जो सामान लगता है तथा कारतूस हम लोग रामधारी राजभर निवासी बसहीं लहुआ कला, थाना देवगांव से खरीदते थे, लेकिन गाजीपुर पुलिस द्वारा पकड़ लिए जाने के बाद मुंशी राम निवासी कोइलारी थाना जहानागंज से लेते हैं। असलहा तैयार होने पर पंकज निषाद व रविकांत उर्फ बड़क तथा मुंशी द्वारा बाइक से जगह-जगह जाकर तैयार शस्त्र, कारतूस को अच्छे दामों पर आजमगढ़, गाजीपुर व अगल-बगल के जिलों में बेचा जाता था। यही जीवन यापन का जरिया है।

### पुलिस की गिरफ्त में आरोपितों का नाम व पता

**आजमगढ़।** पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपितों में सिधारी थाने का हिस्ट्रीशीटररविकान्त उर्फ बड़क निवासी सर्फुद्दीनपुर, संजय विश्वकर्मा निवासी आजमबांध थाना जहानागंज, रामविलास चौहान निवासीग्राम बेनपुर अमदही, थाना जहानागंज, पंकज निषाद निवासी हरबंशपुर, थाना सिधारी, मुंशी राम निवासी कोइलारी थाना जहानागंज शामिल हैं। पूछताछ में रामधारी राजभर निवासी बसहीं लहुआ कला थाना देवगांव का नाम प्रकाश में आया, जिसकी गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

# दुर्घटना में लोक निर्माण विभाग के चौकीदार की मौत

**दुःखद**

### शंकरपुर चेकपोस्ट के पास अज्ञात वाहन से हुई टक्कर

जनसंदेश न्यूज



सुनील पांडेय (फाइल फोटो)।

**फूलपुर/रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शंकरपुर चेकपोस्ट के पास मंगलवार की देर रात बाइक सवार की वाहन से टक्कर में लोकनिर्माण विभाग के चौकीदार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेखर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फूलपुर थाना के अंबारी गांव के पांडेयपुरा निवासी सुनील पांडेय 30 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश लोकनिर्माण विभाग में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार की रात सुनील ड्यूटी के लिए घर से बाइक से निकला था। रात लगभग साढ़े दस बजे वह रानी की सराय थाना के शंकरपुर चेकपोस्ट के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। घटना में बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान रात होने से जब तक आसपास के लोग पहुंचते वाहन चालक वाहन समेत भाग निकला। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा डाक्टरों ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पतालके डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ओम प्रकाश पांडेय का देहांत एक वर्ष पूर्व हो गया था। पिता की मौत के बाद पीडब्ल्यूडी में चतुर्थ पद कार्यरत हुआ था। माता सुमन पांडेय रो रोकर बेहोश हो जा रही हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पांच भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।



रोते बिलखते मृतक के परिजन।

# बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए बने अलग राष्ट्र: जितेंद्रानंद

**धर्मकर्म**

### हिन्दुओं के उत्पीड़न के विरोध मेंकिया गया धरना-प्रदर्शन

### जिला प्रशासनको सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन



कार्यक्रम का शुभारंभ करते जितेंद्रानंद।

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर बुधवार को हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वावधान में बांग्लादेश में हिंदू मठ मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़, नारी शक्ति के साथ दुर्व्यवहार, दुकानों में लूटपाट जैसी घटनाओं के विरोध में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें कई मठ मंदिरों से आए धमार्चार्यों ने बांग्लादेश में हिंदू धर्मावलंबियों पर अत्याचारों को गंभीर मामला बताया। धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने मीडिया से कहा कि पूरे विश्व में 129 देश में बसे हिन्दुओं को दिखाना होगा कि आज भारत में कैसे गांव-गांव में हिन्दू एकजुट हैं और सभी जाति मत से ऊपर उठकर एक जुटता का परिचय दे रहे हैं। 1971 की तरह से स्थिति आज भी है। सरकार इस मामले में पूरी तरीके से गंभीर है। मोदी सरकार निश्चित रूप से इस मामले में कदम उठाएगी, लेकिन हम समय तय करने के पक्ष में नहीं हैं।कहा कि जब इजरायल 55 लाख लोगों के लिए एक अलग देश बन सकता है तो बांग्लादेश में जहां हिन्दुओं की बहुत संख्या है, उसको भी हिन्दू राष्ट्र घोषित करना चाहिए।

भारत के मुसलमान के लिए अलग देश के सवाल पर कहा कि पहले ही जब बंटवारा हो रहा था तब 23 परसेंट मुसलमानों के लिए 30 प्रतिशत भूमि दे दी गई थी। जिनको अलग राष्ट्र में रहने की इच्छा है वह पाकिस्तान चले जाएं। इस अवसर पर सहजानंद राय, श्रीकृष्ण पाल, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, महंत राजेश मिश्रा, महंत श्याम नारायण दास आदि उपस्थित रहे।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**आजमगढ़।** शहर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को गैर इरादतन हत्या के प्रयास के आरोपित को रोडवेज क्षेत्र से गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस मामले में मीनू राय पत्नी अनिरुद्ध राय निवासी ग्राम गोधपुर, थाना कन्धरापुर द्वारा थाने पर लिखित तहरीर दी गई थी। महिला ने तहरीर के माध्यम से बताया था कि 24 नवंबर की दोपहर बाद करीब 3.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर राहुल उर्फ पवन राय व 5-6 अज्ञात लोगों ने अनिरुद्ध राय को सदर हास्पिटल के इमरजेंसी गेट के सामने लगे सीसीटीवी कैमरा के नीचे पकड़कर अपशब्द बोलते हुए लोहे की राड व लात-मुक्का से मारने पीटने लगे। राड की चोट सिर पर लगने से पति अनिरुद्ध राय का सिर फट गया और वे मौके पर ही बेहोश हो गए। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उप निरीक्षक अतीक अहमद ने टीम के साथ वांछित पवन राय उर्फ राहुल राय निवासी गोधरपुर, थाना कंधरापुर को रोडवेज क्षेत्र से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# अध्यक्ष व मंत्री समेत 22 पदों के लिए 68 ने खरीदा नामांकन पत्र

**चुनाव**

### आज से शुरू होगी दीवानी बार के लिए नामांकन प्रक्रिया

### चुनाव अधिकारी ने परिसर में लगे बैनर-पोस्टर उतरवाए

**आजमगढ़।** जनपद के सबसे बड़े अधिवक्ता संगठन दीवानी बार एसोसिएशन के लिए चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो जाएगी। नामांकन से पहले मंगलवार को चुनाव अधिकारी बृजेश कुमार सिंह एडवोकेट ने अपनी टीम के साथ दीवानी परिसर में लगे सभी प्रत्याशियों के पोस्टर-बैनर उतरवाए।



बैनर-पोस्टर हटवाते चुनाव अधिकारी।

बृजेश कुमार सिंह ने सभी प्रत्याशियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने को कहा। नामांकन पांच तथा छह दिसंबर को होगा। अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे अनिल कुमार सिंह और प्रभाकर सिंह गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, वहीं वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वह 6 दिसंबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। अध्यक्ष व मंत्री समेत 22 पदों के लिए 68 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है। उम्मीद है कि ज्यादातर प्रत्याशी गुरुवार को ही नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस चुनाव में कुल 1984 अधिवक्ता 19 दिसंबर को अपने नए पदाधिकारी का चुनाव करेंगे। चुनावी प्रक्रिया शुरू होते ही दीवानी न्यायालय परिसर में गहमागहमी शुरू हो गई है। हर कोई गुणाभाग लगाना शुरू कर दिया है। सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## संक्षेप

### बूढ़नपुर बार एसोसिएशन का चुनाव 27 दिसम्बर को



**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी उमाशंकर पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बार एसोसिएशन बूढ़नपूर की चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है।आगामी 10 दिसंबर सुबह 10 बजे से 2बजे तक नामांकन, 11 दिसंबर को मत पत्रों की जांच व वापसी की तथा मतदान 27 दिसंबर को सुबह प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक चलेगा। इसी दिन मतगणना 2.30 से की जाएगी। उन्होंने अधिवक्ता संघ के सभी पदाधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि अध्यक्ष पद के लिए पंजीकरण शुल्क 1500 रुपया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 700, उपाध्यक्ष पद के लिए 300, मंत्री पद के लिए 1500, सह मंत्री प्रशासन के लिए 300 रुपया शुल्क है। इसी प्रकार सह मंत्री पुस्तकालय के लिए 300 व मंत्री प्रकाशन के लिए 300, कोषाध्यक्ष के लिए 300, सदस्य कार्यकारिणी के लिए भी 300, सदस्य के लिए 300 रुपए शुल्क एल्डर कमेटी द्वारा तय किया गया है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, पूर्व मंत्री सूर्य प्रकाश यादव, पूर्व मंत्री जगत नारायण तिवारी, मंत्री राम विनय यादव, आद्या प्रसाद, सौरभ सहाय श्रीवास्तव, उपेन्द्र पाठक, शीतला प्रसाद चौबे, डब्लू चौबे, भैरव यादव, सुभाष चौबे, सुरेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र, राजकुमार, वीरेंद्र यादव, जयप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी



**आजमगढ़।** पूर्वांचल शिक्षा समिति के प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य विकलांगता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों औरउनके योगदान को सम्मानित करना है। मुख्य अतिथि सुनील कुमार यादव ग्राम प्रधान मनचोभा की उपस्थिति में बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। तत्पश्चात खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि इस दिन को मनाने का प्रमुख उद्देश्य समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता और समानता को बढ़ावा देना है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज में समावेशी दृष्टिकोण की आवश्यकता है ताकि विकलांगता को चुनौती के रूप में नहीं बल्कि विविधता के रूप में देखा जाय। इस अवसर पर पूर्वांचल शिक्षा समिति के प्रबंधक रास बिहारी यादव, अरविंद यादव, अनिल यादव, राम सिंह यादव, हीरा लाल शर्मा, दिनेश यादव, रामविनय मौर्य, मो.अरशद जमाल आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक समारोह स्थलों की हुई सफाई



**आजमगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव के निर्देश पर जनपद के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां मांगलिक कार्यक्रम होने हैं। साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम पंचायत कोल पांडेय में ग्राम प्रधान की देखरेख में जहां-जहां मांगलिक कार्यक्रम होना था वहां रोड व टेंट के आसपास सफाई के साथ झाड़ की कटाई कर चूना का छिड़काव किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता अपनाइए रोग को भगाइए का नारा दिया।सफाई अभियान में संगठन के जिला अध्यक्ष सीपी यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया, अभय चौहान, मोहम्मद असलम, कृष्णा यादव आदि शामिल रहे।

### एडिशनल सीएमओ ने किया श्रेया हॉस्पिटल को सीज



**लालगंज (आजमगढ़)।** सीएमओ के निर्देश पर एडिशनल सीएमओ अरविन्द चौधरी ने मंगलवार की रात लालगंज पहुंचकर तीन अस्पताल की जांच करते हुए श्रेया हास्पिटल को सीज कर दिया। इस दौरान लालगंज बाईपास मार्ग पर स्थित ज्योति चाइल्ड केयर, आर्या हास्पिटल, रेड क्लिफ पैथोलोजी की वह जांच करने पहुंचे। आर्या हॉस्पिटल खुला पाया गया। ज्योति चाइल्ड केयर में डाक्टर सहित कर्मचारी फरार रहे। जबकि ऊपर चल रहा रेड क्लिफ पैथोलाजी के भी कर्मचारी ताला बन्द कर फरार हो गए। आरोग्य लैप्रास्कोपिक हास्पिटल बन्द पाया गया। जबकि श्रेया हास्पिटल पर तीन सीजर मरीज पाये गये। जिसे देखकर एडिशनल सीएमओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रथम तल पर श्रेया हास्पिटल के अवैध आपरेशन थिएटर व वार्ड को सीज कर दिया। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि बिना डिग्री देखे अस्पताल में या डाक्टर के यहां न जाएं। बल्कि सरकारी अस्पतालों पर भरोसा करें तथा लाभ प्राप्त करें।

### कृष्णा आर्थो केयर में हड्डी के मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन



**तरवां (आजमगढ़)।** मेंहनगर ब्लाक क्षेत्र के कम्हरिया खरिहानी में स्थित कृष्णा ऑर्थो केयर एवं हड्डी अस्पताल में जिन मरीजों को निराशा हाथ लगी है बनारस जैसे शहर में मरीज के पैर काटने की नौबत आ गई वहीं पर इस अस्पताल में कई मरीजों का डाक्टर ने सफल ऑपरेशन कर दो दिन में पैरों पर चलवा दिया। इस संबंध में पीड़ित मरीज ने बताया कि इस अस्पताल ने हमें फिर से अपने पैरों पर चलने का सौभाग्य दिया है। उन्होंने बताया कि काफी इलाज के बाद जब डाक्टर ने यह कह दिया कि पैर को काटना पड़ेगा तो जीने की ख्वाहिश ही खत्म हो गई, लेकिन धन्य है इस अस्पताल के डाक्टर जो हमें अपने अपने पैरों पर चला दिया। पुनः जिंदगी जीने का सुनहरा अवसर दिया और इस अस्पताल के डाक्टर, नर्स और यहां के स्टाफ मरीज के साथ एक परिवार जैसा व्यवहार रखते हैं।

# ग्राम पंचायत सचिव पर लगाया फर्जीवाड़ा का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**आक्रोश**

### घटिया सामग्री से कराया जा रहा निर्माण कार्य

### बीडीओ से शिकायत कर उठायी जांच की मांग

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के हुसामपुर गांव में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा लाखों रुपए फर्जी तरीके से निकाल कर कागजों में काम पूर्ण दिखा दिया गया और पूरे गांव में सफेद बालू और पुरानी सरिया एवं सेमा ईंट से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सचिव लगभग बीस लाख रुपया का केवल कागज पर निर्माण कराया दिखा कर सभी पैसों का बंदरबाट कर रहा है और गांव में कभी आते नहीं है। केवल अपना दो निजी आदमी रखकर काम करवाते हैं और वे लोग परिवार रजिस्टर की नकल बनाने के नाम दो हजार लेते हैं जिसके कारण अक्सर सचिव और ग्रामीणों में विवाद होता रहता है। बुधवार को गांव के दर्जनों लोगों ने खण्ड विकास अधिकारी रानी की सराय को लिखित प्रार्थना पत्र देकर उक्त सचिव के खिलाफ कार्यवाही करने और घटिया सामग्री से हो रहे निर्माण को रोककर अच्छी सामग्री से निर्माण कार्य करने की मांग किया है। घटिया हुए सरकारी कार्य की जांचकर और सरकारी कई लाख रुपए की बंदरबाट किए गए की जांच और फर्जी केवल कागजों पर हुए कामों की जांच करने की मांग खण्ड विकास अधिकारी रानी की सराय को क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि वीरेन्द्र नाथ मिश्र, ग्राम पंचायत के निर्माण समिति के अध्यक्ष नीरजा कान्त मिश्र और ग्राम पंचायत सदस्य अजय कुमार, पूर्व प्रधान रंजीत चैहान आदि ने विधिक कार्यवाही करने की मांग किया है। खण्ड विकास अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने सभी ग्राम वासियों से कहा है कि हम सभी प्रकरण की जांच कर विधिक कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को भेजेंगे।

### महिला से मारपीट करने वाले दो आरोपित पकड़े गए

**आजमगढ़।** महराजगंज क्षेत्र के ग्राम मेउड़िया में महिला से मारपीट करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने बुधवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मंगलवार को मेउड़िया के ही रहने वाले रामदीन मौर्य ने महाराजगंज थाने पर तहरीर दी थी। बताया था कि गांव के राधेश्याम मौर्य, श्रीराम मौर्य, दिलीप मौर्य, संदीप मौर्य, रामकरन मौर्य, नागेन्द्र उर्फ दिनेश मौर्य ने पत्नी को अपशब्द बोलते हुए मारा-पीटा जिससे पत्नी बेहोश हो गई। साथ ही आरोपितों ने बाउंड्री तोड़ दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना एसआइ अकीक अहमद को सौंपी। विवेचक अकीक अहमद ने टीम के साथ वांछित रामकरन मौर्य व दिलीप मौर्य को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### दो दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**फूलपुर (आजमगढ़)।** विद्युत उपकेंद्र गद्दोपुर में पावर परिवर्तन का क्षमतावृद्धि पांच एमवीए से दस एमवीए का कार्य होने के कारण गद्दोपुर उपकेंद्र से पोषित सभी गांवों की आपूर्ति पांच और छः दिसम्बर को बन्द रहेगी। उक्त आशय की जानकारी अवर अभियंता ओम प्रकाश गौतम ने दिया है।

# फूलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतें नहीं बन सकीं मॉडल

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसके बाद भी फूलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतें मॉडल गांव के रूप में विकसित नहीं हो सकी।

गांवों में कूड़ा-कचरा, खुली नाली, पक्की नाली, सोख्ता गढ्ढा बनाकर गांव को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य था। इसके लिए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना की शुरुआत की गयी थी। जिसे एसएलडब्लूएम का नाम दिया गया। ग्रामीण परिवेश में मॉडर्न गांव का नाम दिया गया था। इसके तहत जिले के ब्लाकों के कुछ गांव का चयन कर कार्य प्रारंभ कराये गए। फूलपुर ब्लाक के 58 ग्राम पंचायतों का चयन वर्ष 2023-24 में किया गया। प्रत्येक चयनित ग्राम पंचायत में फिल्टर चेम्बर, खाद गढ्ढा, वर्मी जैविक, शील्ड कैचर, सोक पिट, डब्लू एसपी बनना था।





एक गांव में बना तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र।

पहली सूची में स्वीकृत 58 ग्राम पंचायतों में से 4 गांव आज भी पूर्ण रूप से माडर्न गाव के रूप में नहीं बन सके। वहीं शेष 31 ग्राम पंचायतों का वर्ष 2024-25 में चयन किया गया। जिसमे 22 ग्राम पंचायतों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का कार्य चल रहा है। वर्ष 2023-24 व 2024-25 के 9 ग्राम पंचायतों में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी। जिसके कारण सरकार द्वारा संचालित योजनाएं पूर्णरूप से संतृप्त नहीं हो सकी।

इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत फूलपुर राधेश्याम यादव ने बताया कि ब्लाक द्वारा भूमि उपलब्ध कराने के लिए तहसील को पत्र लिखा गया है। शेष गांव में कार्य चल रहा है, जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कराकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारम्भ करा दिया जाएगा।

# मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम में सात हाफिजों की दस्तारबंदी

## जलसे में उलमा ने अपनी तकरीर में शिक्षा का स्तर सुधारने पर दिया जोर

जनसंदेश न्यूज



मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम में सम्मानित हाफिज।

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर स्थित मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम आजाद नगर में जलसे का आयोजन किया गया। इस दौरान मदरसे में कुरान हिफ्ज करने वाले 7 हाफिजों की दस्तारबंदी की गई। जलसे में मौजूद उलमा ने तकरीर कर शिक्षा के स्तर को सुधारने पर जोर दिया। जलसे की शुरूआत मौलाना साबिर हुसैन ने करते हुए कहा कि ऐसी महफिल में रोज आया करो, जिक्र अल्लाह का गुनगुनाया करो।

वहीं मुख्य अथिति मौलाना हाफिज ओबैदुल्लाह खान आजमी ने लोगों को बताया कि इस्लाम एक ऐसा मजहब है, जिसमें सभी जाति व धर्मों का सम्मान करने का हुक्म दिया गया है। उन्होंने कहा कि ईमान का दूसरा नाम ही मुसलमान है। लेकिन आज के दौर में लोग अल्लाह के बताये रास्ते से भटक रहे हैं। ऐसे लोग गुमराहियत के रास्ते पर चल रहे हैं। जो दुनिया व आखिरत के लिए नुकसानदायक है। बताया कि आज के दौर में मुस्लिम कौम शिक्षा के स्तर से पिछड़ रही है। हर किसी को अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देना चाहिए। शिक्षा को हथियार बना लेना चाहिए। आजमी ने कहा कि हर मोमिन को अल्लाह के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

आज के दौर में नौजवान अल्लाह के बताये हुए रास्ते से भटक रहे हैं। हर मोमिन को अल्लाह के सामने पेश होना है। हम सभी को आखिरत के दिन के लिए तैयारी करना है।

अल्लाह ने हम सभी को इंसान व मोमिन बनाया यह अल्लाह का बेहतर इनाम है। वही मौलाना अब्दुल मुस्तफा कादरी ने लोगों को बताया कि इस्लाम में मर्दों के बराबर ही औरतों को दर्जा दिया गया है। इस्लाम में औरत को नायाब हीरा बताया गया है। औरत की इज्जत करना हर किसी मोमिन का फर्ज है। लड़कियों को अच्छी व बेहतर शिक्षा देना उनका हक है। हर मुस्लिम को उनका हक अदा करना चाहिए।

इस मौके पर कुरान का हिफ्ज करने पर ,शाकिब हसन, अबुबकर कुरैशी, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद समीर, शोएब अख्तर, मोहम्मद अमन, मोहम्मद सुफियान की दस्तारबंदी की गई। वहीं अल्पसंख्यक अधिकारी वर्षा अग्रवाल का प्रबंधक जुल्फेकार अहमद खान ने बुके भेंट कर स्वागत किया। संचालन व आभार कैशर आजमी ने व्यक्त किया। इस मौके पर एहसानुल्लाह खान, मोहम्मद हसीब, हाजी जाबिर नेवादा, हाफिज नईमुल्लाह,मास्टर शहनवाज खान, एखलाक अहमद, मौलाना कादरी, मौलाना अली अफसर, मास्टर शाहआलम,फैसल खान, नेहाल मेंहदी , मौलाना सोएब आजमी, एबाद अहमद, तुफैल अहमद, सेराज अहमद, मास्टर शम्सुलजुहा, फिरदौस जहां, मुसर्रत, मुर्तजा अहसन, वसीम अहमद, मोतीउल्लाह आजमी, महमूद खान, हाफिज मुस्तकिम, तालिब खान, काजिम खान, फहद खान आदि मौजूद रहे।

# स्टेडियम की टीम ने जीता जिला स्तरीय क्रिकेट का खिताब

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अथिति प्रशान्त कुमार राय, खेल सचिव महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय एवं कमलेश यादव अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाडी रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच समरसेट क्रिकेट एकेडमी बनाम स्टेडियम टीम के बीच खेला गया। इसमें समरसेट क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 99 रनों का लक्ष्य दिया। समरसेट क्रिकेट एकेडमी की तरफ से बल्लेबाजी में अभय ने 19 रन, वामिक ने 17 रन व राहुल ने 18 एवं शैलेन्द्र ने 15 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम की तरफ से गेंदबाजी में श्रवण ने 04 विकेट एवं तामोग्न ने 03 विकेट प्राप्त किया। जवाब में खेलने उतरी स्टेडियम की टीम ने 05 विकेट से पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। स्टेडियम की तरफ से बल्लेबाजी में सौरभ 46 रन, अति भगत नाबाद 23 रन एवं श्रवण ने 16 रनों का योगदान दिया। समरसेट की तरफ से गेंदबाजी में राहुल, विशाल, रामशरीख एवं विरेन्द्र ने क्रमशः 01-01 विकेट प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ट गेंदबाज श्रवण कुमार एवं सर्वश्रेष्ट बल्लेबाज सौरभ श्रीवास्वत, सर्वश्रेष्ट खिलाडी सौरभ श्रीवास्वत एवं फाइनल मैच का मैन द मैच श्रवण कुमार को घोषित करने के साथ पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका राजू पाल, सलमान, अभिषेक, सत्यम व अंकित स्कोरर जय यादव व सत्यम ने निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भूपेन्द्र वीर सिंह क्रिकेट प्रशिक्षक, गोविन्द यादव, मो. इरफान, मिथिलेश यादव, अरविन्द कुमार कन्नौजिया, लालचन्द चौहान, रितेश अबू सैफ आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार

**सफलता**

**मौके से तमंचा, कारतूस बाइक व लूट की धनराशि बरामद**

**घायल आरोपियों का मंडलीय चिकित्सालय में कराया गया उपचार**



मुठभेड़ के बाद घटना स्थल पर पहुंचे एसपी

**मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्रांतर्गत स्थित ज्ञान गंगा फीलिंग स्टेशन में अज्ञात दो बदमाश द्वारा तमंचा दिखाकर कैश काउण्टर से कैश लेकर फरार होने की घटना कारित की गयी थी। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा फील्ड यूनिट व थाना लालगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। एसपी द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देशित किया गया। निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना लालगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबीर के सुचना के आधार पर बुधवार को थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम पगार के पास आरोपी रोशन पटेल पुत्र फौजदार पटेल निवासी मिश्रलहोली थाना को0देहात को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के क्रम में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत चितांग मोड़ आर्मी कम्पाउण्ड के पास से पुलिस मुठभेड़ में घटना से सम्बन्धित दो आरोपी विशाल बिन्द उर्फ रंगीलाल पुत्र शोभा बिन्द निवासी राजपुर आमघाट थाना पड़री व नीलय सरकार उर्फ बंगाली दादा पुत्र निर्मल सरकार निवासी बाइरगाजी जनपद नादिया पश्चिम बंगाल, हालपता देवापुर पचवल थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है।

## इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के लिए आज प्रस्थान करेंगे बच्चे

**मीरजापुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में 5 दिसम्बर को राजकीय इंटर कॉलेज से वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। इस आशय की सूचना देते हुए जिला विज्ञान क्लब समन्वयक सुशील कुमार पाण्डेय बताया कि 10 विद्यालयों राजकीय इंटर कॉलेज, स्वर्गीय काशी राम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शिव इंटर कालेज, सुंदरमुंदर बालिका इंटर कॉलेज, माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, ए एस जुबिली इंटर कॉलेज, आर्यकन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, बसंत विद्यालय इंटर कॉलेज से कुल 100 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। यहां पर वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक प्रयोगशाला में रिसर्च की जानकारी दी जाएगी। वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक व्यख्यान दिया जायेगा। बच्चों के बीच विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा।

## वन क्षेत्र में बनाये जा रहे हैं मकान, विभाग मौन



वन क्षेत्र में मकान बनाने के लिए पड़ी नींव

**लालगंज।** लालगंज तहसील एवं वन क्षेत्र पटेहरा कलां अंतर्गत आने वाले गांव पतार कला में यूं तो पहले से ही 50 से अधिक पक्के मकान जंगल विभाग की जमीन पर बनाए जा चुके हैं जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। वहीं दूसरी तरफ नए मकान भी दर्जनों की संख्या में बनाए जा रहे हैं, किंतु वन विभाग मौन है। ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है कि यह मकान सरकारी पैसे से बनाए जा रहे हैं। गरीबों को पक्के मकान बनाने के लिए आवास प्रधानमंत्री की तरफ से दिया गया है, परंतु समुचित जमीन ना होने के कारण जंगल विभाग की जमीन में ही पक्के मकान का निर्माण चालू है। वहीं यह सब लोगों कीजानकारी में हो रहा है। जबकि लोगों को यह पूर्णतया ज्ञात है कि यह कार्य अवैध है। ऐसा करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं डोल रहा है। मौके पर निर्माण करने वाले लोगों से पता चला कि वन विभाग से कोई वाचर आता है और डायल 112 की मदद से अवैध वसूली करता है, फिर चला जाता है। ऐसे में कैसे बचेगा जंगल और कैसे बचेंगे जंगली जानवर यह बड़ा सवाल है।

## संक्षेप

### भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष का दौरा आज

**बरौधा।** किसने की समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय 5 दिसम्बर को लालगंज तहसील के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह जानकारी तहसील अध्यक्ष लालगंज राजकुमार दूबे ने दिया। श्री दूबे ने बताया कि सुबह 11 लालगंज ब्लाक के ग्राम अतरैला पहुंचेंगे और वहां के किसानों की समस्या से रूबरू होंगे। समस्याओं को सुनते हुए सिंचाई की सुविधा के लिए बाणसागर का पानी जहां तक उपलब्ध हो वहां तक पहुंचाने के संबंध में चर्चा करने के तत्पश्चात ग्राम नदौली, करौदी होते हुए ग्राम धसड़ां भी जायेंगे।

### सबर्सिबल मोटर पंप जला, पानी के लिए परेशान बच्चे



**गैपुरा।** छानबे ब्लाक के कामापुर कला गांव के प्राथमिक विद्यालय सेतुहार में समरसिबल मोटर पंप खराब हो जाने के कारण बच्चे पानी पीने के लिए परेशान हो रहे हैं। यहां कुल 88 बच्चों ने दाखिला लिया है। प्रधानाध्यापक अरुण पांडेय ने बताया कि एक माह पहले समरसिबल मोटर पंप जल गई थी। आसपास पेयजल के वैकल्पिक संसाधनों की व्यवस्था नहीं होने से एमडीएम ग्रहण करने के बाद बच्चे गांव की ओर भागते है। प्रधान पूजा विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने सूचना दिया है। ब्लाक कार्यालय पर तैनात जेई मैकेनिकल को सर्वेक्षण के लिए कहा गया है। शीघ्र ही समरसिबल मोटर पंप दुरुस्त करा दिया जाएगा। परिषदीय विद्यालय में पेयजल दुर्व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने हैरानी जाहिर किया है।

### बाइक विवाद में मारपीट, एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैधा गांव निवासी सराफत अली ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोटिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है और मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बाइक के विवाद को लेकर मंगलवार को गांव निवासी हैदर अली कुए पर सब्बल लेकर आ गया और गाली गलौज देते हुए मुझे मारने लगे जिससे सिर फट गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोटिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के पुरैनिया गांव में मंगलवार को एक मासूम बच्चा गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार आदर्श पुत्र दिनेश दो वर्ष घर के पीछे खेलते वक्त पानी भरे गड्ढे में गिर पड़ा। परिजन घर के काम में व्यस्त थे।थोड़ी देर बाद बच्चा घर में दिखाई नहीं दिया तो लोग इधर-उधर खोजने लगे तो दिखाई नहीं पड़ा। ढूंढ़ते हुए घर के पीछे देखा तो बच्चा पानी भरे गड्ढे में गिरा हुआ था। बच्चे को पानी में गिरा देख सबके होस उड़ गए और आनन फानन में बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांचोपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर सुनकर मां बाप दहाड़े मारकर रोने लगे और शव लेकर घर चले गए।

### गंगा घाट पर उतराया मिला शव

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के गेगराव गांव के गंगा घाट पर पानी में उतराया शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के गेगराव गांव के गंगा घाट पर गंगा में बह कर शव आया था जो किनारे लगकर पानी में उतराया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने चील्ह थाना को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। टेढ़वा चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गंगा घाट पर पानी में उतराया हुआ अज्ञात शव मिला है। पहंचान के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### दो अलग-अलग स्थानों पर बाइक से गिरकर तीन घायल

**हलिया।** हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर देर शाम हरसड़ गांव के पास राजपुर गांव निवासी दिनेश 25 उदित नारायण 19 के साथ ड्रमंडगंज की तरफ से घर आ रहे थे। जैसे ही हरसड़ गांव के पास पहुंचे कि छूट्टा पशु से टकराकर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए दोनों को गंभीर चोटे लगी हैं। ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहीं कुशियरा गांव निवासी नागेंद्र 30 गांव में ही देर शाम कहीं जा रहे थे जैसे ही कुशियरा हलिया मार्ग पर पहुंचे कि अनियंत्रित होकर गिर गए गंभीर चोटे आई।

# दांपत्य सूत्र में बंधे सात जोड़े

**डैफोडिल्स स्कूल में शेयर एंड केयर द्वारा सामूहिक विवाह का किया गया आयोजन**



आर्शीवाद देते डायरेक्टर द्वय

**मीरजापुर।** डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुधवार को शेयर एंड केयर के तत्वावधान में सात निर्धन एवं वंचित वर्ग की कन्याओं के विवाह कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। डैफोडिल्स स्कूल के मैनेजमेंट द्वारा विगत कई वर्षों से समाज के निर्धन व वंचित वर्गों की कन्याओं का विवाह कराया जाता है। डैफोडिल्स स्कूल द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। अनाथ आश्रम, वृद्धा आश्रम में सहयोग करना, जाड़े में कंबल बांटना, अस्पताल में मरीजों को भोजन देना, निर्धन परिवारों को कपड़े व बच्चों को खिलौने मिठाइयां बांटने का काम निरंतर चलता रहता है। इस वर्ष सोनाली-प्रकाश, गीता भारती मोनू राखी-रवि विद्या भारती- संतोष, आंचल-सिपाही लाल, कांति -बाबूलाल साहनी एवं रंजना - अजीत लाल ने वेद मंत्रो व मंगल गीतों के बीच दाम्पत्य बंधन में बंधे। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन डाक्टर टी भाटिया, स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह, अपराजिता सिंह एकेडमी हेड प्रेरणा तिवारी, प्रिंसिपल राजेश राठौर, वाइस प्रिंसिपल सुमिता दत्त, अरुण शर्मा, अंशु शर्मा तथा स्कूल के शिक्षक एवं छात्र व नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आचार्य एवं कर्मकांड के विद्वान डाक्टर रामलाल त्रिपाठी द्वारा वैदिक रीति रिवाज से वैवाहिक कार्य कराया गया। सभी ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया एवं उनके सफल जीवन की शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रबंधकों द्वारा सभी वर व वधुओं को उपहार भी भेंट किए गए।

## नवीन मत्स्य सहकारी समिति की बैठक संपन्न

**गैपुरा।** पंचायत भवन विजयपुर में नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक पूरनलाल के नेतृत्व मे संपन्न किया गया। बैठक मे मछुआ समुदाय के लोगों को मत्स्य पालन और समिति के गठन की आवश्यक जानकारी दी गयी। बताया कि समिति मे 27 सदस्यों का गठन किया जाएगा। तीन बैठक होने के बाद समिति का गठन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत और जिला पंचायत क्षेत्रों मे तालाबों के पट्टा में बरीयता दी जाएगी।

### मण्डल अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**जमालपुर।** क्षेत्र के सिकंदरपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं व्यापार संघ के मण्डल अध्यक्ष सतीश सिंह उर्फ पप्पू के पिता रामदुलारे सिंह 90 वर्ष की उम्र में मंगलवार की सुबह देहांत हो गया। इनको दो पुत्र एवं एक पुत्री का भरा पूरा परिवार था। संभ्रांत किसान के निधन की खबर सुनकर प्रधान के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राणा प्रताप सिंह, सुशील सिंह, चंद्रभान सिंह, श्याम जी सिंह, वीरेंद्र यादव, रमेश सिंह, अमरनाथ सिंह, सुजीत सिंह सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# रबी किसान गोष्ठी मेले में नहीं पहुंचे किसान

**खानापूर्ति**

**सफाईकर्मियों से भरी गई कुर्सियां**

जनसंदेश न्यूज



मेले का अवलोकन करतीं विधायक

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड परिसर में आयोजित रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार नहीं कराने से रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम में किसान नहीं पंहुचे। विकास खंड के सफाईकर्मियों व आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को कुर्सियो पर बैठाकर गोष्ठी का खानापूर्ति करते हुए गोष्ठी संपन्न कराई गयी। रबी किसान गोष्ठी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने बताया कि आज के परिवेश में गेंहू के अलावा मोटे अनाज यथा- रागी, सांवा, कोदो, बाजरा, ज्वार आदि का प्रयोग भी अपने जीवन में करना चाहिए। जिससे जीवन स्वस्थ रहता है। किसानों को ज्वार, बाजरा, सांवा कोदो, रागी की खेती में वृद्धि करें जिससे उनकी आमदनी दूनी हो सके। कृषि कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से आये डा0 एस0एन0 सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को रबी में बोयी जाने वाली फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनमें लगने वाले कीटों के उपचार के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डा0 सुधीर श्रीवास्तव, जनपद सलाहकार द्वारा उपस्थित लोगों को जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी कि कैसे वह प्राकृतिक, जैविक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन लालजी मौर्य ने किया। आयोजित रबी गोष्ठी में कृषि, पशुपालन व अन्य विभागों द्वारा अपने स्टाल नहीं लगाये गये। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी डॉक्टर राजीव शर्मा ने उपस्थित लोगों को खेती से संबंधित लोगों को जानकारी दी उपस्थित रहे। अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडेय, पवन त्रिपाठी उपस्थित रहे। गोष्ठी समापन के बाद छानबे विधायक ने कृषि विभाग द्वारा किसान भटवारी गांव निवासी भगवत मौर्य द्वारा बोई गई चना व मसूर की खेती को देखा।

# किसानों को हिरासत में लिए जाने का किया विरोध

**मांग**

**किसानों की गिरफ्तारी पर पत्रक सौंप रिहाई की मांग**



पत्रक सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी

**अहरौरा।** भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा में धरना दे रहे किसानों को दिल्ली कूच करने पर सरकार द्वारा हिरासत में लिए जाने का विरोध किया। प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को देकर हिरासत में लिए गए किसानों को तत्काल रिहा किए जाने की मांग किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह ने बताया की किसानो के विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान के लोग नोएडा में धरना दे रहे हैं, लेकिन किसानों की मांगो को सरकार नजर अंदाज कर रही है। किसान अपनी मांगो को और मजबूती से रखने के लिए दिल्ली कूच कर रहे थे तो धरना प्रदर्शन के दौरान किसानो पर लाठी चार्ज किया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा की लाठी चार्ज का भारतीय किसान यूनियन कड़ी निंदा करते हुए गिरफ्तार किए गए किसानों को तत्काल रिहा करने की मांग करता है अगर किसानों को रिहा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन की नेतृत्व में किसान देशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह किसान ,राजेश कुमार सिंह, नरेंद्र शर्मा, राजेश कुमार, नंदलाल, राजकुमार, राम श्रृंगार सिंह, रामनरेश, अमरनाथ, राम विलास सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## 101 कन्याओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा

**सीखड़।** क्षेत्र में स्थित विठ्ठलपुर ग्राम सभा में राम दरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बुधवार को एक सौ एक कन्याओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। क्षेत्र के अन्तर्गत विठ्ठलपुर ग्राम सभा के पतित पावनी मां गंगा के सुरम्य तट पर स्थित विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर के बगल में भगवान राम माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान की प्राण-प्रतिष्ठा शुक्रवार को भव्य मंदिर में किया जायेगा।उसी के क्रम में बुधवार को शीतला माता मंदिर से सुबह एक सौ एक कन्याओं द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया जो मां गंगा से होते हुए विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर संपन्न हुआ तत्पश्चात काशी से पधारे विद्वत पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ मूर्ति संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुवार को विधि विधान पूर्वक मूर्ति अधिवास एवं प्राचीन हनुमान मंदिर पर नेत्र मिलान कर मूर्ति नगर भ्रमण कराई जाएगी और शुक्रवार को पूजनोपरांत मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कर हवन पूर्णाहुति आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अराजकतत्वों ने खलिहान में पीट कर रखे धान को फूंका

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरमपुर गांव खलिहान में पीट कर रखे गए धान को रात में अराजकतत्वों ने फूक दिया। जब आग की लपट तेज हुई तो लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी में पानी लेकर दौड़ पड़े और किसी तरह आग पर काबू पाया जिससे अगल-बगल आग नहीं लग पाया। जानकारी के अनुसार बैरमपुर गांव निवासी रामप्रसाद सिंह का दो बीघे का धान पीट कर इकट्ठा करके खलिहान में रखकर पुआल से ढका हुआ था की किसी ने रात में उसमें आग लगा दिया। जब आग की लपट तेज हुई तो आसपास के लोग शोर मचाना शुरू किए और रात में लोग जग गए तथा अपने अपने घरों से बाल्टी डब्बा में पानी लेकर दौड़ पड़े। किसी तरह लोगों ने आग पर काबू पाया जिससे आसपास की फसल जलने से बच गई।

# कुसुम व विद्या ने लखनऊ में लहराया परचम



कुसुम व विद्या

**मड़िहान।** क्षेत्र के देवरी कला स्थित जयप्रकाश सर्वोदय नारायण विद्यालय की दो छात्राओं कुसुम व विद्या के द्वारा लखनऊ के खेलकूद प्रतियोगिता में परचम लहराते हुए जनपद का नाम रोशन किया गया है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से कुल 84 स्कूलों के द्वारा प्रतिभाग किया गया था जिसमें कुल 244 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 12वीं की छात्रा कुसुम ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक तथा 9वीं की छात्रा विद्या द्वारा भाला फेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बुधवार को मेडेल लेकर वापस विद्यालय पहुंची छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया। मंडल स्तर की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने के बाद छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के द्वारा किया गया था। जिसका समापन मंगलवार को हुआ बालकों के लिए 6 जोन तथा बालिकाओं के लिए चार बनाए गए थे जिसमें बरेली, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ मंडल शामिल था। जहां कबड्डी, वालीबाल, भाला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, बैडमिंटन आदि मुकाबले खेले गए। स्वाति सिंह, सुनीता यादव, विजयलक्ष्मी मिश्रा, सरिता कुमारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंद्रह हजार का इनामिया गिरफ्तार

**राजगढ़।** पुलिस अधिक्षक अभिनन्दन द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अपराध की रोकथाम एवं इनामियां पुरस्कार घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। उक्त के उपक्रम में क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन जांच-पड़ताल व धर पकड़ की कार्रवाई के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल मय पुलिस टीम के साथ शाहगंज रोड पर नदिहार तिराहे के पास गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप से संबंधित 15 हजार का इनामियां घोषित अपराधी गुड्डू गुप्ता उर्फ गुड्डू खरवार पुत्र शम्भूनाथ खरवार निवासी भड़सर मिल्की थाना दुबहड़ जनपद बलिया को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार महिला गंभीर

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के लालगंज कलवारी सम्पर्क मार्ग के अमोई पुरवा में ट्रैक्टर ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया और ट्रैक्टर लेकर भाग निकला ग्रामीणों ने पीछा कर मझारी में ट्रैक्टर को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। ड्रमंडगंज थानांतर्गत नदौली निवासिनी 24 वर्षीय ममता पत्नी पुनीत पांडेय अपने देवर 23 वर्षीय राजा के साथ दीपनगर अपने क्वार्टर पर जा रहे थे कि लालगंज की ओर से सरिया लादे ट्रैक्टर ने बाइक से टकराते हुए महिला को कुचल कर भाग निकला देवर राजा भी बाइक से गिरे किंतु चोट कम थी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को फोनिक सूचना देते हुए ट्रैक्टर का पीछा किए जिसे मझारी में पकड़ कर पुलिस के हवाले कर घायल ममता को दीपनगर के अंश क्लीनिक ले गए जहां डाक्टर संजय द्वारा मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक ममता अचेतावस्था में है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो बुरा हाल है पति झारखंड में किसी फैक्ट्री में काम करता है। घायल ममता और देवर राजा डायट पटेहरा से बीटीसी का ट्रेनिग कर किसी विद्यालय में अस्थाई टीचिंग हेतु गए थे जहा से वापसी में दुर्घटना ग्रस्त हो गए। घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज ने बताया कि घायल महिला गंभीर है। ट्रैक्टर पकड़ा गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## भुगतान होने के बावजूद नहीं हट पाये बिजली के तार

**मड़िहान।** विकास खंड पटेहरा कला के 17 विद्यालयों के ऊपर से इग्यारह हजार के हाईटेंशन केबल खिंचा गया है। इन्ही केबल को हटाने के लिए चार माह पहले ग्राम पंचायत से इस्टीमेट तैयार कर 12 विद्यालयों का 6 लाख 39 हजार 390 रुपए भुगतान बिजली विभाग को कर दिया गया था। भुगतान हुए चार माह बीत गए पर अभी तक एक भी विद्यालय के ऊपर से गए केबल को हटाया नही गया। जबकि 8 वर्ष पहले कुहकी प्राथमिक विद्यालय में हाईटेंशन केबल गिरने से 13 छात्र झूलस गए थे। 3 वर्ष पहले पथरौर कंपोजिट विद्यालय में केबल गिरने से एक रसोंईया की दर्दनाक मौत हो गयी थी। तीन माह पहले नेवढ़िया व पटेहरा कंपोजिट विद्यालय कैम्पस में ग्यारह हजार सप्लाई का केबल गिर गया था, हालांकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। हाईटेंशन केबल से विद्यालय में हो रही घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जुलाई महीने में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी को इस्टीमेट बनाकर ग्राम पंचायत से भुगतान करने का निर्देश दिया था। बीडीओ ने सचिवों संग बैठक कर अगस्त महीने में 30 विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार को हटाने के लिए ग्राम पंचायत से बिजली विभाग को भुगतान कर दिया गया था।

# ट्रेन से कट कर प्रेमी युगल ने दी जान

**खुदकुशी**

**पुलिस ने किशोरी को भगाने व पॉस्को ऐक्ट में युवक को भेजा था जेल**

जनसंदेश न्यूज



मृतक की फाइल फोटो

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नकहरा गांव के पास रेलवे ट्रैक खंबा नंबर 99/16 के पास प्रेमी युगल ने अज्ञात ट्रेन से कट कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। इसकी सूचना रेलवे के ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को दी, जिस पर चुनार एस0आई0 राम प्रताप यादव मय फोर्स पहुंच कर मृतकों की पहचान चुनार कोतवाली क्षेत्र के रैपुरिया गांव की 17 वर्षीय सपना पुत्री गंगाराम व 28 वर्षीय श्यामदयाल साहनी पुत्र राजकुमार के रूप में हुई। चुनार पुलिस के अनुसार रैपुरीया गांव निवासी किशोरी व युवक में काफी दिनों से प्रेम प्रपंच चल रहा था। किशोरी को अप्रैल माह में भगाने के मामले में जेल भी भेजा गया था। जो एक माह पहले जेल से छूट कराया था। मृतक युवक गुजरात में प्राइवेट कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर था। क्षेत्राधिकार मंजरी राव ने बताया कि युवक का आपस में प्रेम प्रसंग का मामला था जो घटनास्थल पर पहुंचकर पहले फ्रांसिस टीम बुलाकर जांच की गई तो वहां पाया गया दो प्वाइजन की सीसी जो दोनों प्रेमी जोड़े ने पहले पीया और वहीं पर उल्टी की। उसके बाद ट्रेन के आगे कूद गए। भोर में इसकी सूचना पुलिस को मिली। चुनार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी।

# डीएम ने स्पष्टीकरण की मांग कर वेतन रोकने का दिया निर्देश

**समीक्षा**

**अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज



अधिकारियों को निर्देशित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आईजीआरएस, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी के प्रगति की जानकारी हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में संतोषजनक आख्या न दिए जाने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत लालगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजगढ़, सहायक विकास अधिकारी पंचायत हलिया, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मझवां, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पटेहरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी राजगढ़, बाल विकास परियोजना अधिकारी जमालपुर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत पहाड़ी, बाल विकास परियोजना अधिकारी मझवां, बाल विकास परियोजना अधिकारी लालगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी छानबे, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक हलिया, खण्ड विकास अधिकारी कोन, खण्ड विकास अधिकारी मझवां, बाल विकास परियोजना अधिकारी कोन से स्पष्टीकरण की मांग की गई एवं निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रार्थना पत्रो का निस्तारण न करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सहायक विकास अधिकारी पटेहरा, तहसीलदार मड़िहान, पूर्ति निरीक्षक सदर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, खण्ड शिक्षा अधिकारी जमालपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए वेतन रोकने का निर्देश दिया। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए पंचायत सहायकों के माध्यम से गांव में अभियान चलाकर व 09 से 03 बजे तक पंचायत भवनों में बैठकर फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें एवं प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, चुनार राजेश वर्मा, लालगंज आशाराम वर्मा अपर उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज, उप निदेशक कृषि विकेश पटेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# घर से अगवा कर युवती से दुष्कर्म में शामिल पांच आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**कामयाबी**

### चार दिन तक बंधक बनाकर युवती के साथ किया गैंगरेप

**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र में एक विधवा की 19 वर्षीय बेटी को पांच युवकों द्वारा आधी रात घर से अगवा करने, जंगल एरिया में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने जहां मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पीड़िता का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पुलिस की प्राथमिक छानबीन में सामने आया है कि कथित प्रेमी ने ही साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही आगे की कार्रवाई जारी है।

बताया गया कि बीते 28 नवंबर की रात एक बजे, दो युवक पीड़िता के घर में घुस आए और उसे खींचकर बाहर ले गए। बाहर तीन और युवक मौजूद थे। आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसे ले जाकर बंधक बना लिया गया। चार दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

बरामदगी के बाद यूपी की तरफ से दी गई तहरीर पर मामले में धारा 351(2), 333, 70(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है बरामदगी के बाद युवती द्वारा बताया गया कि रात्रि में उसको घर से ले जाकर नीरज यादव पुत्र राधेश्याम, उमेश यादव पुत्र रामजग, बुल्लू उर्फ श्याम सुन्दर यादव पुत्र रामगहन यादव निवासी डोरिया डोंगी थाना रायपुर, विमलेश पासवान पुत्र छोटेलाल पासवान निवासी सरायगढ़ नई थाना रायपुर, बिंदु गुप्ता पुत्र लक्ष्मी गुप्ता निवासी जसौलिया थाना रायपुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया।



पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपी

थानाध्यक्ष रामदरश राम, एसएसआई सूबेदार यादव, हेड कांस्टेबल विपिन यादव, कांस्टेबल आकाश कुमार की मौजूदगी वाली टीम ने बुधवार को पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि मामले में 28 नवंबर को गुमशुदगगी दर्ज की गई थी। 3 दिसंबर को पीड़िता की बरामदगी हुई।

बरामदगी के बाद पीड़िता ने दी तहरीर में नीरज यादव सहित पांच पर गलत काम करने का आरोप लगाया। गांव वालों का कहना है कि नीरज और पीड़िता के बीच पहले से संबंध रहे हैं। बताया कि प्रकरण में दी गई तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

**नाराजगी**

### डीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन, कार्रवाई की उठायी आवाज

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** हिन्दू रक्षा समिति जिलाध्यक्ष नर सिंह त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों सामाजिक संगठनों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के प्रति हिंसा, अत्याचार एवं गणमान्य नागरिकों, सन्तों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में सरकार के तख्ता पलट के बाद लगातार हिन्दुओं की हत्या हो रही है। माताओं, बहनों का मान भंग किया जा रहा है। हिन्दुओं के सम्पत्ति की लूटपाट की जा रही है। हिन्दू समाज का नेतृत्व कर रहे नागरिक, साधु सन्तों का उत्पीड़न व गिरफ्तारी की जा रही है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार से पूरे विश्व का हिन्दू समाज आक्रोशित है। कथावाचक दिलिप कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि हिन्दू समाज पूरे विश्व में विद्या और शांति का संदेश देने वाला रहा है। दुनिया के किसी भी देश में हिन्दुओं ने कभी अराजकता नही फैलायी।



डीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठन के लोग

शांति पूर्ण जीवन जीने के बाद भी बांग्लादेश के अन्दर हिन्दुओं की सामूहिक हत्या की जा रही है। वहां के शासन एवं प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान नहीं की जा रही है। भारत का हिन्दू समाज शान्त नही बैठ सकता। लोगों ने सरकार से उचित कार्रवाई की मांग किया है। इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, रमेश मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, अजीत चौबे, कृष्णमुरारी गुप्ता, रुबी प्रसाद, कुसुम शर्मा, पुष्पा सिंह, प्रमिला त्रिपाठी, संतोष शुक्ल, बलराम सोनी, अनूप तिवारी, आनन्द मिश्रा, प्रमोद गुप्ता, प्रसन्न पटेल, विद्याशंकर पाण्डेय, जनार्दन, हरिशंकर वर्मा, अजय सिंह, राजेश सिंह, नागेन्द्र राय, संतोष पाण्डेय, रामलगन समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जरहा रेंज क्षेत्र की नदियों से बालू खनन बेलगाम



डंप की गयी बालू

**बीजपुर।** जरहा वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न नदियों से अबैध बालू खनन बेलगाम हो गया है। रोक टोक और जांच पड़ताल के लिए डीएम द्वारा गठित टीम मूकदर्शक बनी हुई है। खनिज विभाग जंगल महकमा सहित पुलिस प्रशासन मौन साधे है। अवैध खनन और बालू डंपिंग में क्षेत्र के दर्जनभर जनप्रतिनिधियों सहित प्रभावशाली लोगों के ट्रैक्टर और टीपर से रात को खनन कर जगह जगह जंगल झाड़ी में डंपिंग करने की होड़ लगी है। क्षेत्र के जरहा में अजीर नदी के नीमडांड़ बघाडू मोखना डुमरचुवा राजो मोहारे गजरीडॉड खम्हरिया महरिकला के रिहन्द डैम सहित पिण्डारी के बिच्छी नदी महुली जलजलिया, ठुरुक्की तथा समरलोटवा नदी सहित अनेक स्थानों से खुलेआम खनन और परिवहन ने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। बताया जाता है कि अत्यधिक बारिश होने के कारण सभी नदियों में बालू की भरमार हो गयी है, इसी का फायदा उठा कर खनन माफिया खनन रात दिन अंजाम देने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले दस दिन से शुरू हुए अवैध खनन के दौरान लाखों रुपए की बालू जगह-जगह डंप कर सरकार के राजस्व को चूना लगाया जा चुका है। जरहा वनरेंज के कर्मी पिछले साल से खनन में जो सुर्खिया बटोरी हैं, वह आज भी कायम है। रेंजर राजेश सिंह से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि छापामार कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में दस केन्द्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

## पीसीएस परीक्षाा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों और जिला विद्यालय निरीक्षक संग डीएम ने की बैठक

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीसीएस परीक्षा हेतु जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों और व्यवस्था में लगे जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अपर जिलाधिकारी के साथ बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया कि परीक्षा में सभी की महत्वपूर्ण जबाबदेही होगी।

डीएम ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक और सह केन्द्र व्यवस्थापकों की

तैनाती की जायेगी। आन्तरिक/बाह्य कक्ष निरीक्षक/अन्तरीक्षक के रूप में राजकीय/ अनुदानित शिक्षक/ शिक्षिकाओं की ही ड्यूटी लगायी जायेगी, जिनका फोटोयुक्त पहचान पत्र बनाया जायेगा। प्रत्येक कक्ष में 24 या 48 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। तलाशी के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर सकेंगें, उसके बाद प्रवेश की अनुमति नही होगी। परीक्षार्थियों के बैग एवं मोबाइल के रख-रखाव की व्यवस्था टेन्ट के पास बाहर करायी जायेगी। सामूहिक बैठक व्यवस्था का डिस्प्ले गेट पर और परीक्षार्थियों के सीटिंग प्लान का डिस्प्ले कक्षा के बाहर किया जायेगा।



बैठक को संबोधित करते डीएम बीएन सिंह

परीक्षा के दिन पूर्व सीट प्लान व्यवस्थित कर लेने और उसी दिन स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में परीक्षा में लेंगे। सभी का ब्रीफिंग सेशन कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के 3 दिवस पूर्व सभी केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक, सह केन्द्र व्यवस्थापक, परीक्षा सहायक और अन्तरीक्षकों का विशेष प्रशिक्षा करा लिया जाय। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, सभी कमरों में लाइट, पंखे, पेयजल, शौचालय की स्वच्छ व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

# शिविर में सात युवाओं ने किया रक्तदान



प्रमाण पत्र के साथ रक्तदाता

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** राम नगीना ग्रुप ऑफ कॉलेज तथा उम्मीद फॉन्डेशन के सहयोग से डायरेक्टर आनन्द प्रकाश सिंह यादव की अध्यक्षता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन राम नगीना फामेर्सी कॉलेज प्रांगण में किया गया।

जिसमें डा. कुमार वरुणानिधी ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। 17 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया तथा 9 ने रक्तदान किया। जन सम्पर्क आधिकारी राम कुमार गुप्ता तथा प्रधानाचार्य हिमांशु शर्मा ने निफा द्वारा भेजा गया सार्टिफिकेट तथा दुद्धी ब्लड सेंटर द्वारा टी शर्ट रक्तदाताओं को देकर सम्मानित किया। मिर्जापुर मंडल से आई ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्ट वैन की टीम ने अमित पटेल, राकेश तिवारी का रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग रहा।

इस मौके पर अफसार रजा, मनीष यादव, सतेंद्र प्रताप सिंह, सूरज, फैज अहमद, अश्वनी यादव, रोहित विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, सुभाष कुमार, हसन राजा, सूर्य प्रकाश भारती, मंजेश पासवान आदि मौजूद रहे।

# धन दौलत से बैर, राम ने खाए शबरी के बेर : दिलीप कृष्ण महाराज

## जुगैल में राम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, झांकियों ने मोहा मन

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** स्थानीय ग्राम पंचायत जुगैल में चल रहे राम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक दिलीप कृष्ण महाराज के मुखारविंद से श्रोताओं ने कथा का श्रवण किया। महाराज ने भगवान शिव माता पार्वती के वैवाहिक कार्यक्रम का विस्तृत रूप से वर्णन करते हुए कालों के काल महाकाल के विभिन्न स्वरूपों को मनमोहक झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत कराया। जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए एवं शंकर भगवान के दिव्य दर्शन को पाकर अति उत्साहित हो उठे।

कथावाचक ने बताया कि भगवान शंकर और उनके बाराती आदि से अनादी काल तक याद किए जाएंगे, क्योंकि ऐसी बारात न तो ब्रह्मांड में कहीं देखी गई न ही देखी जा सकती है, जिसमें भूत से लेकर भगवान तक के दर्शन किए गए थे। कथा के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से अपील किया कि ईश्वर को धन दौलत की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें तो सिर्फ प्रेम से जीता जा सकता है। जैसे शबरी ने भगवान राम को अपने जूठे बेर को खिलाकर सारे पापों से मुक्ति पा ली, ऐसे ही भगवान प्रेम के भूखे हैं, न की अन्य किसी चीज के। ज्यादातर लोग सिक्कों को बहती नदियों में फेंक कर ईश्वर का दर्शन प्राप्त करने की इच्छा जताते हैं, लेकिन इससे जल में पड़े सिक्के तमाम तरह के संक्रामक बीमारियों को उत्पन्न करते हैं, जिससे रोकथाम कर पाना बड़ा ही मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम सभी को जागरुक होकर इसे रोकना होगा ताकि स्वच्छ भारत अभियान का सपना साकार हो। इस मौके पर दिनेश यादव, सुनीता देवी, राजा मिश्रा, डा. सत्येंद्र आर्या, मनोज चौबे, संजीव त्रिपाठी, सुनील सिंह, अरविंद सोनी, डंपू सिंह, विक्रम सिंह, कुमार सौरभ सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



राम कथा सुनाते दिलीप कृष्ण भारद्वाज

# पीड़ितों की शिकायतों का तत्परता से करें निस्तारण : एसपी

जनसंदेश न्यूज

**निरीक्षण**

### एसपी ने किया सदर कोतवाली का निरीक्षण दिये निर्देश

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मंगलवार को सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, सीसीटीवी, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस बैरक, भोजनालय आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर व अद्यावधिक करते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित की शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुनकर रजिस्टर में क्रमबद्ध तरीके से अंकित कर उसकी शत-प्रतिशत सुनवाई करते हुए विधिक कार्रवाई करें। उन्होंने मातहतों को शस्त्रों का रख-रखाव व नियमित साफ-सफाई करने, मिशन शक्ति कक्ष/महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मी को आने वाली फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका निस्तारण कराने के साथ ही एंटी रोमियो टीम को अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस क्रम में उन्होंने नगर में पैदल गश्त कर आमजनमानस से शान्ति बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही। कहा कि अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## संक्षेप

### छात्रों को कैरियर के प्रति किया जागरूक



**शक्तिनगर।** विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय योजना के अनुसार विद्यालय का निरीक्षण हुआ। निरीक्षण के लिए प्रांत द्वारा निर्धारित निरीक्षण टोली का आगमन विद्यालय थरवई, प्रयागराज से हुआ। निरीक्षण प्रधानाचार्य दिनेश पांडे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस टोली के अन्य सदस्य आशुतोष मिश्र, सुशांत पांडे एवं प्रदीप पांडे रहे। प्रधानाचार्य ने छात्रों को आगामी भविष्य के कैरियर के प्रति जागरूक किया। आशुतोष मिश्र एवं सुशांत पांडेय ने भी अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य ने छात्र संसद व कन्या भारती के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपने कर्तव्यों का ज्ञान कराया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र भूषण शुक्ल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### सदर ब्लॉक प्रमुख दिल्ली विधानसभा चुनाव में बने प्रवासी



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा क्षेत्र अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत को विधानसभा चुनाव दिल्ली प्रदेश का विधानसभा प्रवासी बनाए जाने पर अनुसूचित जाति मोर्चा काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। अभी हाल में ही झारखंड प्रदेश के विधानसभा चुनाव में विधानसभा डाल्टनगंज के प्रवासी बनाए जाने पर भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया तीसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचने का काम रावत ने किया। अजीत रावत ने कहा निश्चित रूप से इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के नेतृत्व में दिल्ली में इस बार बीजेपी की सरकार बनेगी।

### विवाहिता की मौत मामले में पति समेत चार पर केस दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय गजराज नगर में बीते मंगलवार को हुई विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, मां, बाप और देवर के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में मृतका के पिता बबलू केशरी ने बताया कि 11 जून 2023 को उन्होंने अपनी पुत्री पूनम केशरी की शादी गजराज नगर निवासी सुजीत केशरी से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही पुत्री के ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। इसके बारे में पुत्री ने उन्हें बताया भी था। पूनम के पति सुजीत केशरी, ससुर ओमप्रकाश केशरी, सास सीता केशरी एवं देवर हर्ष केशरी आये दिन 300000 रुपये की मांग करते थे जबकि शादी के समय पुत्री को 300000 नगद सहित आभूषण और गृहस्थी का सामान दिया था। बताया कि दहेज की मांग को लेकर पूनम के ससुराल वाले उसे मायके भी नहीं आने देते थे। बीते तीन दिसंबर को दोपहर बेटी की सास ने फोन पर सूचना दी कि उनकी पुत्री ने फांसी लगा ली है और हम उसे लेकर चोपन अस्पताल जा रहे हैं। अस्पताल पहुंचने पर देखा कि पुत्री मृत अवस्था में पड़ी है और उसके मुंह, सिर और गले पर चोट के निशान थे। आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पुत्री की हत्या की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई शुरू कर दी।

### रंजीत का आईसीएसएसआर पोस्टडॉक्टोरल फेलोशिप के लिए चयन

**शक्तिनगर।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद डॉक्टोरल फैलोशिप के जारी परिणाम में थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बेडकर नगर ग्राम निवासी रंजीत कुमार राय का चयन हुआ है। वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जन संप्रेषण विभाग में शोध छात्र के रूप में रंजीत राय अध्यनरत हैं। बीएचयू से पत्रकारिता विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री लेने के बाद रंजीत सोनभद्र और सिंगरौली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र उर्जांचल में चार वर्षों तक पत्रकारिता के प्रारंभिक गुर सीखे और राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट-जेआरएफ में सफल चयन उपरांत शोधार्थी के रूप में अध्यनरत हैं। आईसीएसएसआर जैसे देश के प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए रंजीत राय का चयन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का काम करेगा। छात्र जीवन में एक घटना के कारण दिव्यांगता जैसी विभिषिका झेलने के बाद भी रंजीत की शैक्षणिक उपलब्धियां क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करने में निश्चित ही सहायक होंगी।

# कानूनी सेवा इकाई एलएसयूसी कार्यक्रम का हुआ समापन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र यादव ने बताया कि बच्चों लिए कानूनी सेवा इकाई एलएसयूसी का 2 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर भवन के भूतल में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई एलएसयूसी कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई स्कीम के अन्तर्गत गठित कमेटी को विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। अपर जनपद न्यायाधीश ने बच्चों को विधिक सेवाओं के बारे में समिति का गठन एवं कार्यों के विषय में तथा नालसा बच्चों के लिए बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं की संरचना और मुख्य विशेषताएं के बारे में बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति एवं संस्थानों में गठित विधिक सेवा समितियों के माध्यम से विधिक सेवा प्राप्त कराने के अधिकार के बारे में बताया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश त्रिपाठी, पुनित टंडन, अमित चन्देल, शशांक पटेल, रोमी पाठक, सत्यारमण त्रिपाठी, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे। अपर जनपद न्यायाधीश ने युवा कल्याण विभाग द्वारा तियरा स्टेडियम में ग्रामीण बच्चों के लिए आयोजित खेल-कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को खेल कूद के माध्यम से स्वस्थ रहने एवं नशे से दूर रहने तथा उससे होने वाले दुष्प्रभावों की के बारे में जागरूक करते हुए प्रतिभाग करने वाले बच्चों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम ने किया मॉक ड्रिल

## कैमिकल, बायलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर आपदाओं पर किया गया मॉक एक्सरसाइज

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन पर 11वीं बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी के 30 सदस्यों ने बुधवार को कमांडर इंद्रदेव कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी बीएन सिंह के निर्देशन पर जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण व अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सहयोग से जनपद की कैमिकल बायलॉजिकल रेडियोलॉजिकल व न्यूक्लियर आदि विभिन्न आपदाओं पर आपदा संबंधी मॉक एक्सरसाइज व जागरूकता, अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के कैंपस में मॉक ड्रिल का आयोजन अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में किया।

अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक रहकर आपदाओं में सदैव तैयार रहने हेतु एवं आपदा प्रबंधन विभाग को सभी फैक्ट्री कारखाने औद्योगिक इकाइयों की योजनाओं को अधिकतम करते हुए जिले की आपदा प्रबंधन योजना को अधिकतम करने के प्रति जोर देते हुए संबंधित को निर्देशित किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों के व्यक्तिगत दायित्व व जिला प्रशासन के कार्यों का विस्तृत चर्चा की।



मॉक ड्रिल करती एनडीआरएफ की टीम

एनडीआरएफ टीम द्वारा विस्तृत प्रयोगात्मक रूप से उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को किसी भी कारखाना आदि में यदि कोई गैस रिसाव या अन्य रसायनिक आपदा आने पर किस प्रकार एनडीआरएफ या अन्य जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों द्वारा किस प्रकार से कैमिकल बायलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर से घटित घटनाओं से बचाव करने को लेकर प्रत्येक बिंदुओं पर जागरूक किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने एनडीआरएफ द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके द्वारा बचाव एवं अन्य कार्यों के प्रति उत्साहित कर उपस्थित समस्त अधिकारियों को अपने दायित्व के प्रति सजग रहकर विभिन्न आपदाओं में बेहतर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के महाप्रबंधक ने एनडीआरएफ की टीम व जिला प्रशासन का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग हेतु अपने टीम के साथ सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर कारखाना इकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर, मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत, प्रसम जैन, माइंस प्रमुख विवेक खोसला, टेक्निकल प्रमुख दीपक जोशी, एडमिन हेड बीसिंह राठौड़, सेफ्टी हेड राजाराम समेत तमाम अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# धान खरीद और खाद बिक्री में लापरवाही पर खफा डीएम

**बैठक**

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

## किसानों को असुविधा हुई तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें अधिकारी



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जनपद में धान खरीद की समीक्षा बैठक मंगलवार की देर शाम कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के किसानों का धान सुगमतापूर्वक खरीद सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा जनपद में धान खरीद की निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जासके। उन्होंने धान खरीद अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि किसान का नाम, पता, आनलाइन भुगतान का विवरण एवं किसान का मोबाइल नम्बर अवश्य अभिलेख में अंकित किया जाय। धान क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

उन्होंने हिदायत दिया कि किसानों से धान खरीद में टालमटोल करने वाले अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। धान खरीद में बिचौलियों की भूमिका कहीं प्राप्त हुई तो संबंधित धान खरीद करने वाले क्रय केंद्र प्रभारी का निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मंडी में जिन किसानों का खरीद का नंबर है उनका ही प्रवेश होगा। वहां नमी वाला धान काफी दिन तक नहीं रखें जायेंगे।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहां के लेखपाल के माध्यम से छोटे किसानों का सत्यापन कार्य प्राथमिकता पर तेजी से सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि राइस मिलों तक ले जाने वाले ट्रैकों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करें। कहा कि कृषि विभाग, कॉपरेटिव एवं डिप्टी आरएमओ को टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए कहा कि किसानों का धान बिक्री एवं खाद लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान खाद पर ओवर रेटिंग ना हो इसके लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बिहार बार्डर पर औचक निरीक्षण कर चेकिंग करे। उपजिलाधिकारी, कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण खाद दुकानों/गोदामों पर स्टॉक एवं बिक्री की जांच पड़ताल करें।

जिन दुकानों पर ई-पास मशीन से खाद की बिक्री एवं स्टॉक रजिस्टर का मिलान सही न हो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। औसत से अधिक किसी के यहां खाद की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल छापेमारी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समिति के सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि समिति पर खाद खत्म हो तो जिस समिति पर स्टॉक है पास के समिति के बारे में जानकारी किसानों को दे।

खाद बिक्री में किसानों को भ्रमित न करें जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन समितियों की लाइसेंस में दिक्कत है तत्काल कृषि विभाग एआर कॉपरेटिव से मुलाकात कर समन्वय बनाकर समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराए। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, डिप्टी आरएमओ, ए आर कॉपरेटिव, जिला कृषि अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं धान खरीद एजेंसी उपस्थित रहे।

# राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**बबुरी।** मवैया गांव स्थित राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार देर शाम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वालों बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी चकिया दिव्या ओझा ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा की विद्यालयों में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ये केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और उनके व्यक्तित्व को मजबूत बनाने का जरिया हैं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नशा मुक्ति और देशभक्ति जैसे विषय समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इनसे न केवल बच्चों में रचनात्मकता बढ़ती है बल्कि वे सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझते हैं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चो द्वारा गणेश वंदना, स्वागत गीत, फैशन शो डांस, नशामुक्ति अभियान पर आधारित नाटक, देशभक्ति नाट्य, पंजाबी डांस, शिव तांडव और रामायण के दृश्यों का जीवंत प्रदर्शन शामिल था। हर प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया और पूरा कैम्पस तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर डा.गीता शुक्ला, राधेश्याम द्विवेदी, डा.पशुराम सिंह, शाह आलम, प्रवीन रुस्तम, अंजू अरा, डॉक्टर सबीना, शाहीन वारसी, रजत सचदेवा, मुकेश कुमार सिंह,आशुतोष जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# अगलगी से खलिहान में रखा डेढ़ बीघा धान का बोझ जला



**शहाबगंज।** क्षेत्र के अमांव गांव में बुधवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग से खलिहान में रखे करीब डेढ़ बीघा धान का बोझ व एक बिगहा का पुआल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्र में धान की कटाई व मड़ाई का कार्य तेज गति से चल रहा है। वहीं अमांव गांव निवासी बबलू यादव भी धान की कटाई व मड़ाई के कार्य में लगे हुए है।

उन्होंने बताया कि सुबह के समय ही पत्नी एवं बच्चों के साथ घर पर चले गये थे। इसी बीच उनके खलिहान से धुआं निकलते देख मुझे सूचना दिया गया वहीं आस-पास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपट इतनी तेज थी कि सभी धान का बोझ व पुआल जलकर राख हो गया। आग लगी के कारण पशुओं के लिए चारें की समस्या पैदा हो गया है। वहीं परिवार के पास जीविकोपार्जन की समस्या पैदा हो गई है। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल मनीष गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग किया।

# अधिवक्ता, समाज व राष्ट्र का सजग प्रहरीः मनोज पांडेय

**सकलडीहा।** सकलडीहा तहसील सभागार में मंगलवार को अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिन पर अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने अपना विचार प्रकट किया। डेमोक्रेटिक बार के अध्यक्ष मनोज पांडेय व महामंत्री उपेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि अधिवक्ता सर्व समाज व राष्ट्र का सजग प्रहरी है। वही बार के अध्यक्ष अंगद कुशवाहा और उमाशंकर ने कहा कि अधिवक्ता सदैव गरीब गुरूबों की लड़ाई लड़ता है। इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने देश और समाज हित के लिये संकल्प लिया। मौके पर श्रीकांत सिंह, शिवकुमार सिंह, सुभाष सिंह, आलोक पांडेय, प्रभुनाथ, जगदीश सिंह, सुरेन्द्र कांत, अतुल, अभय मौर्या, दिग्विजय सिंह, राजकुमार सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश यादव,अरूण कुमार, अजय रंजन, संजय श्रीवास्तव, संतोष सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लापरवाही पर आधा दर्जन सीएचओ का अधीक्षक ने वेतन रोका



चिकित्साधिकारियों के साथ समीक्षा करते सकलडीहा सीएचसी पर अधीक्षक डॉ. संजय।

**सकलडीहा।** गांवों में 35 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का स्क्रीनिंग स्थिती (एनसीडी) मधुमेह और बीपी की जांच कराने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सीएचसी अंतर्गत गांवों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचसी को जिम्मेदारी दी गयी है। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डा. संजय यादव ने समीक्षा के बाद स्क्रीनिंग स्थिती (एनसीडी) ठीक नहीं होने पर सात सीएचओ का एक माह का वेतन रोक दिया है। अधीक्षक के इस कार्रवाई से सीएचओ सहित स्वास्थ्य कर्मियों में खलबली मच गया है। अंत में अधीक्षक के नेतृत्व में प्रांतीय चिकित्सा संघ जिला ईकाई के संगठन की मजबूती व नये सदस्यों को जोड़ने को लेकर चर्चा किया गया।

सीएचसी पर लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में निःशुल्क महिलाओं का आपरेशन से प्रसव और ब्लड बैंक की सुविधा शुरू किया गया है। इसके साथ ही गांवों में 35 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का सीएचओ को स्क्रीनिंग स्थिती (एनसीडी) मधुमेह और बीपी की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। जिसमें लापरवाही बरतने पर गंजख्वाजा की सीएचओ रूची माथुर,डेढ़गांवा श्रेया केशरी, नसीरपुर पट्टन कुमारी प्रीति, सेवखर कला अर्चना पांडेय,पौरा भावना श्रीवास्तव, भोजापुर रीना श्रीवास्तव, और जमुनीपुर की शालिनी नंदा का रिपोटिंग मानक के अनुरूप कम होने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

अंत में प्रांतीय चिकित्सा संघ के तहत डा.संदीप गौतम और डा.नीलेश मालवीय को सदस्य बनाया गया। गैर जनपद से आये चिकित्सकों का आजीवन सदस्यता चंदौली में स्थानांतरण किया गया। मौके पर पीएमएस संघ के अध्यक्ष डा.आरबी शरण, सचिव डा. संजय यादव, डा. रविकांत सिंह, डा. देवेश, डा. उग्रसेन, डा.बीके प्रसाद सहित अन्य रहे।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा में तीन हजार छात्रों ने किया प्रतिभाग



**सकलडीहा।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा में जनपद के कुल 122 सैंपल्ड चयनित स्कूलों में संपन्न हुआ। इस सर्वेक्षण में जनपद के सैंपल्ड चयनित परिषदीय विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय, सीबीएसई तथा आईसीएससी से मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय के स्कूल कुल 3159 प्रतिभागी छात्र सम्मिलित रहे।

जनपद में सर्वेक्षण करने की संपूर्ण जिम्मेदारी डीएलसी परख व डायट प्राचार्य विकायल भारती एवं जिला विद्यालय निरीक्षक दलसिंगार यादव की संयुक्त रूप से रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह द्वारा परख सर्वेक्षण के कुशल संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर पर दो दिन पूर्व बैठक में समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया था। डीएलसी के सहयोग में दो एडीएलसी देवेन्द्र कुमार और डॉ रोशन सिंह को लगाया गया था।

प्राचार्य ने बताया कि जनपद के कुल 122 सैंपल चयनित विद्यालयों के कक्षा 3, 6 एवं 9 के कुल 3159 प्रतिभागी सर्वेक्षण में सम्मिलित हुए। स्कूलों में सर्वेक्षण कार्य संपन्न करने के लिए डीएलएड के प्रशिक्षु फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में और उनके साथ सीबीएसई द्वारा नामित ऑब्जर्वर लगाए गए थे। शासन के निर्देश के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिसके सदस्य वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी यादव, एडीएलसी देवेन्द्र कुमार, डॉ रोशन सिंह एवं डॉ बैजनाथ पाण्डेय प्रवक्ता द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर के स्तर पर आ रही समस्या का लगातार निस्तारण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान डायट प्राचार्य द्वारा राहुल इंटरनेशनल कॉलेज महुअर, बलुआ, चहनियां व कन्या जूनियर हाई स्कूल पपौरा, चहनियां का जायजा लिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी व डायट मेंटर द्वारा अपने विकासखंड के सर्वेक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम छह को

**चंदौली।** मिशन शक्ति अभियान 5 के अंतर्गत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन 06 दिसंबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे कलेक्ट्रेट में होगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की पीड़ित महिलाएं स्वयं उपस्थित होकर या मोबाइल नंबर 9794340651 के माध्यम से जिलाधिकारी से संवाद स्थापित कर सकती हैं। इस बाबत जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय चन्दौली द्वारा हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार चंदौली में किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की पीड़िता महिलाए एवं बालिकाएं, पाक्सो एक्ट, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या सुमंगला योजना, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में स्वयं उपस्थित होकर या डेडिकेट मोबाइल नम्बर-9794340651 पर संवाद स्थापित किया जा सकता है।

# एसडीएम ने निरीक्षण कर क्रय केंद्र प्रभारियों को फटकारा

जनसंदेश न्यूज

**इलिया।** उप जिलाधिकारी दिव्या ओझा ने बुधवार को सहकारी समिति खरौझा तथा तियरी के धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान धान खरीद में लेट लतीफी किए जाने पर सचिव तथा केंद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई। उपजिलाधिकारी सबसे पहले सहकारी समिति खरौझा पर बनाए गए धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करने पहुंच गई। जहां चार दिनों से किसानों का धान पड़ा रहने के बाद भी अब तक मात्र तीन किसानों का 122 कुंतल ही धान का खरीद किया गया था।

खरीद मात्र एक दिन पूर्व शुरू किए जाने पर सचिव सुदर्शन सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि वह अपनी आदत में सुधार लाएं और खरीद में तेजी लाएं। क्रमानुसार किसानों के धान की खरीद होनी चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कहा कि केंद्र पर तौल कराये धान को बाहर रखकर दिखाने की जगह निर्धारित गोदाम में रखवाने का कार्य करें। इसके बाद वह धान क्रय केंद्र तियरी पहुंची जहां धान खरीद में केंद्र प्रभारी विनय कुमार सिंह की लापरवाही देखकर वह भड़क गई, और उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कडी चेतावनी दिया। कहा कि इसके बाद भी धान खरीद में किसी प्रकार की सुस्ती पाई गई तो कारवाई तय है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने आती रहेगी। उपजिलाधिकारी का तेवर देखकर केंद्र प्रभारियों में हड़कंप की स्थिति मची रही।

# सफाई नहीं होने से झाड़ झंखाड़ से पटी नगवा नहर



**धानापुर।** क्षेत्र के किसानों में नहरों की साफ सफाई को लेकर आक्रोश है। क्योंकि नहरों और माइनरों की सफाई के नाम महज खानापूर्ति ही अब तक किया गया है। किसानों का आरोप है कि नहरों की साफ सफाई के नाम पर हर साल कागजों पर काम दिखाया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

नहरों की साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपया सरकारी मद से जारी होती है। बावजूद इसके क्षेत्र की अधिकांश नहरें झाड़-झंखाड़ व गंदगी-सील्ट से पटी हुई हैं। नहरों की यह वास्तविकता किसी से छिपी नहीं है। यह जगजाहिर है कि नहरों की सफाई दशकों से मात्र औपचारिकता भर होती है। कुछ ऐसा ही हाल नगवा नहर का है जिसे देखकर लगता नहीं है कि उसकी कभी सफाई हुई हो।

एक तो बीच में जमी कई फुट गड्ढे, दूसरा बीच में उगी झाड़ियां नहर के अस्तित्व को मिटा रही हैं। सफाई के अभाव में इस पुरानी नहर में 30 क्यूसेक पानी अपनी रफ्तार से खेतों तक नहीं पहुंच पाती। नहरों की हालत ये है कि बाहर से नहर अब नाली की तरह दिखती है। सात किलोमीटर लंबी यह नहर वर्तमान में अपनी ही दुर्दशा पर आंसू बहा रही है।

# 11 हजार की अंग्रेजी शराब बरामद

**डीडीयू नगर।** पिछले चौबीस घंटे में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने अलग अलग समय पर स्थानीय रेलवे स्टेशन से 11 हजार रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों तस्कर शराब बिहार ले जाने की फिराक में रहे। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर गश्त के दौरान एक युवक को 48 शीशी देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार राजकुमार भारतीया निवासी कुखुड़ी मांडा रोड प्रयागराज का मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। बरामद शराब की कीमत 5 हजार दो सौ रुपये है। इसी तरह बुधवार को प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर बने क्रूसेल के पास से एक युवक को 16 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सोन कुमार निवासी बख्तियारपुर, जिला पटना बिहार ने स्वीकार किया कि वह बिहार में शराब तस्करी करता है।

# चोरी की दो बाइक के साथ तीन को पकड़ा



**चंदौली।** प्रभारी निरीक्षक चन्दौली राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदौली पुलिस टीम ने तीन चोरों को दो चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार नवीन मण्डी चौकी के आगे दोनों मोटरसाइकिल रोकवा लिया। इस दौरान बाइक पर सवार तीन व्यक्तियो को घेरा बन्दी करके गिरफ्तार कर लिया गया।

इस बाबत कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई एक दिसंबर को चन्दौली कस्बा क्षेत्र से जो मोटर साइकिल चोरी हुई थी उसे चुराने वाले लोग अभी-अभी शंकर मोड चन्दौली से निकले है। जिसे लेकर वे लोग बिहार की तरफ जा रहे है। इसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने नवीन मंडी के पास वाहनों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी, तभी दो बाइक पर सवार तीन लोग आते दिखे, जिन्हें पुलिस ने रोककर पूछताछ किया और गाड़ी के कागजात तलब किए, जिस पर उक्त व्यक्ति वाहन के कागजात दिखाने में नाकाम रहे। पुलिस ने ई-चालान ऐप के माध्यम से सत्यापन किया तो वाहन संख्या यूपी 67 एई 0195 हीरो स्पेलेण्डर पल्स थाना चन्दौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 288/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित होना पाया गया।

उक्त वाहन पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बब्लू अग्रहरी पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी वार्ड नं0 14 गौतम नगर चंदौली बताया। वहीं वाहन संख्या यूपी 61 एएस 7941 पर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुन्दर विश्वकर्मा उर्फ राजकुमार विश्वकर्मा पुत्र बुल्लू विश्वकर्मा निवासी फुटिया थाना व जिला चन्दौली उम्र 23 वर्ष बताया। उक्त वाहन चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार उर्फ गोलु पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम सिकरी थाना कुदरा जिला कैमुर भभुआ बिहार बताया।

उक्त वाहन के चेचिस नंबर से चेक करने पर पता चला कि उक्त वाहन का वास्तविक पंजीयन नंबर बीआर 45 बी4839 है, जिसका स्वामी अयोध्या सिंह पुत्र हरिनारायण सिंह निवासी भेलमा औरैया थाना कुदरा जिला कैमुर भभुआ बिहार है। तत्पश्चात पकड़े गये तीनो व्यक्तियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गयी। पूछताछ में बब्लू अग्रहरी व सुन्दर विश्वकर्मा द्वारा बताया कि वाहन संख्या यूपी 67एई0195 एक दिसंबर को किदवई नगर थाना व जिला चन्दौली से चुराई थी व वाहन संख्या यूपी 61एएस7941 हिरो होण्डा पैशन प्रो के सम्बन्ध मे पूछा गया तो राजकुमार उर्फ गोलु द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी बिहार से चुराई गयी है। दोनों गाडी बिहार मे बेचने वाले थे।

## संक्षेप

### सैयदराजा उपचुनावः जांच में वैध मिले सभी प्रत्याशियों के पर्चे



**चंदौली।** सैयदराजा नगर पंचायत के चेयरमैन पद के उपचुनाव को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच हुई। निर्वाचन अधिकारी विराग पांडेय द्वारा प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए नामांकन पत्रों की जांच की गयी। जांच में सभी प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए। ऐसे में छह दिसंबर को नामांकन वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। इसके बाद 17 दिसंबर को मतदान और 19 दिसंबर को मतगणना कराई जाएगी। दूसरी ओर नामांकन करने के बाद उम्मीदवार जनता के बीच जाकर चुनावी जनसंपर्क को गति देने में जुट गए हैं। सैयदराजा चेयरमैन रहीं रीता मद्धेशिया की निधन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था, जिसके मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है, जिससे तहत तीन दिसंबर तक नामांकन की प्रक्रिया चली। उस दौरान कुल आठ प्रत्याशियों ने नामांकन कर चेयरमैन पद के लिए चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जाहिर की। उपचुनाव कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूर्ण की गयी, जिसमें सभी पर्चे वैध पाए गए हैं। यानी अब नामांकन वापसी पर सभी की निगाहें है, जो सैयदराजा चुनाव के समीकरण को बनाने व बिगाड़ने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। फिलहाल आठ प्रत्याशी अपने-अपने चुनावी तैयारियों को मजबूती प्रदान करने में जुटे हैं। चेयरमैन पद के लिए भाजपा प्रत्याशी आभा, कांग्रेस की शहनाज बेगम तथा छह लोगों ने निर्दलीय रूप से नामांकन किया हैं। नामांकन वैध पाए जाने के बाद चुनावी समर में उतरने वाले दावेदारों की तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने लगी हैं। छह दिसंबर को नामांकन वापसी के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।

### अनियमित विद्युत कटौती से जनजीवन बेहाल

**डीडीयू नगर।** भुपौली बिजली सब स्टेशन से जुड़े गाँवों और फीडरों को आपूर्ति होने वाली बिजली की दशा अत्यन्त दयनीय है। अघोषित बिजली कटौती से आम आदमी की दिनचर्या प्रभावित है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि घरों में बिजली से चलने वाले घरेलू उपकरण बेकार साबित हो रहे है। बिजली की बार बार कटौती से बिजली उपकरण भी खराब हो रहे है। दिन में बिजली के बारह से लेकर चौदह घंटे की कटौती ने इस महंगाई के दौर में सब्जी, आटे, दूध और दवाइयों का संरक्षण का हाल बुरा कर रखा है। यही नही पानी की सप्लाई तक बाधित रहती है। भुपौली से सप्लाई होने वाली बिजली का न तो कोई नियमित रोस्टर है और न ही इस बाबत जानकारी देने के लिए बिजली विभाग का कोई अधिकारी, जेई या लाइनमैन तैयार है। यहां तक कि जेई फोन तक नही उठाते है। बिजली विभाग की इस दुर्व्यवस्था से ग्रामीणांचल में 18 घंटे बिजली सप्लाई का सरकारी फरमान झूठा है। प्रदेश सरकार के लाख प्रयास के बाद भी बिजली विभाग सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहा है। बिजली विभाग की इस करतूत से ग्रामीणों में विभाग और सरकार के प्रति काफी असंतोष है।

### मुआवजा न मिलने से सड़क के किनारे के ग्रामीणों में रोष

**चहनियां।** चंदौली से तीरगाँवा मारूफपुर वाया सकलडीहा चहनियां मुख्य सड़क जो अब फोर लेन हाई वे के रुप में निमार्णाधीन है में सड़क किनारे के किसानों की गयी जमीन का मुआवजा एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न मिलने से स्थानीय लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। वहीं सक्षम अधिकारी मौन धारण किये हुए है। यातायात को सुगम बनाने के लिये तत्कालीन चंदौली सांसद सह केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय के प्रयास से 437 करोड़ की बजट से चंदौली जिला मुख्यालय से तीरगाँवा मारूफपुर वाया सकलडीहा चहनियां मुख्य मार्ग पर फोर लेन हाई वे का निर्माण चल रहा है। उक्त निर्माण कार्य में मारूफपुर, नदेसर सहित अन्य कई गाँवों के किसानों की जमीन सरकार द्वारा अधिग्रहित की गयी है। जिसके लिये मुआवजा देने की बात शासन द्वारा कहते हुए लेखपालों द्वारा सर्वे कराया गया था। किसानों से बकायदा आधार कार्ड और पासबुक की कॉपी जमा करायी गयी थी। किन्तु एक वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक मुआवजा नहीं मिलने से किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के एक्सचीयन सहित अन्य सक्षम अधिकारी इस सम्बन्ध में मौन धारण किये हुए है।

### 60 सीसी देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**इलिया।** पतेरी मोड़ तिराहे के पास से मंगलवार को देर शाम पुलिस ने 60 सीसी विंडसर लाइम देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि पुलिस पतेरी मोड़ के समीप चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी बड़े झोले में लेकर बिहार की तरफ जाता एक ब्यक्ति दिखाई दिया। उसे रोककर तलाशी ली गई तो झोले में 60 सीसी विंडसर देशी शराब 200 एम एल कुल 12 लीटर बरामद हुआ। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति रविन्द्र चौहान बिहार के थाना चांद के रामपुर गांव का निवासी है जो बिहार में बेचने हेतु शराब ले जा रहा था। जिसे पुलिस ने विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ घायल

**नौगढ़।** थाना क्षेत्र के गोड़टूटवा गांव के समीप नौगढ चकिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को अज्ञात वाहन के धक्के से मोटर साइकिल सवार अख्तर अली पुत्र उम्र लगभग 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे देख राहगीरों ने नौगढ़ थाना पुलिस को सूचना देकर के एंबुलेंस से अख्तर अली को जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया भेजवाया। शहाबगंज थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी अख्तर अली बुधवार को बाइक से नौगढ़ जा रहा था। रास्ते में गोड़टुटवा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही किसी वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे अख्तर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे देख राहगीरों ने नौगढ़ थाना पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस को मौके पर बुलाकर के गंभीर रूप से घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया भेजवाया।

### पांच दिवसीय निपुण कोर्स का हुआ शुभारंभ

**डीडीयू नगर।** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जनपद के तत्वाधान आयोजित पांच दिवसीय प्रवेश कोर्स व निपुण कोर्स लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज परिसर में शुभारंभ हुआ।उद्घाटन के अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर उदय मिश्रा व राजेश तिवारी प्रबंधक के द्वारा ध्वज फहराकर उद्घाटन किया। इस दौरान रोवरिंग का सिद्धांत बताया सेवा होता हैं, जिससे समाज सेवा देश की सेवा में रोवर रेंजर का बहुत बड़ा महत्व होता है। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट विधा से आपातकालीन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर डॉक्टर कामेश सिंह, रोवर प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार सिंह, रेंजर प्रभारी डॉक्टर भावना सिंह मौजूद रहे।स्काउट गाइड प्रशिक्षक महेंद्र कुमार के द्वारा रोवर के नियम प्रतिज्ञा सिद्धांत सेल्यूट बाया हाथ मिलाना चिन्ह आंदोलन के बारे में बताया। रोवर रेंजर के प्रति भागी राकेश यादव, विकास यादव, अंकित कुमार, पीयूष कुमार गौतम, रिया कुमारी, आकांक्षा पटेल, अनामिका पाल, रिया कुमारी आदि बच्चों ने प्रतिभा किया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने किया।

### विश्व दिव्यांगता दिवस पर संस्था ने महिलाओं में बांटे कपड़े



**चंदौली।** खुशी की उड़ान संस्था ने विश्व दिव्यांगता दिवस अवसर पर बुधवार को धुस खास तथा पास के अन्य गांव गिराव में दूरदराज रहने वाली जरूरतमंद महिलाओं, दिव्यांग महिलाओं, विधवा महिलाओ, तलाकसूदा ऐसी महिलाओं को चिन्हित करके उनको वस्त्र प्रदान किया। साथ ही सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया। संस्था की सारिका दुबे ने कहा कि गरीबी या समस्याओं को पूरे तरीके से समाप्त तो नहीं किया जा सकता, परंतु यथासंभव सहयोग करके जरूरतमंदों की समस्याओं को थोड़ा कम जरूर करने का प्रयास संस्था कररही है, ताकि इनके चेहरे पर मुस्कान लाया जा सके। ग्राम प्रधान दिनेश गोंड ने कहा कि यह संस्था और इसकी संस्थापिका इस गांव की बेटी ने सदैव इस गांव और जरूरत मंदों के लिए सराहनीय कार्य किये है, समय समय पर संस्था द्वारा सहयोग प्राप्त होता रहता है, मै भी गांव के विकास और इसे आदर्श गांव बनाने के लिए तत्पर रहता हूं तथा संस्था का सहयोग करता हूं। इस मौके पर सारिका दुबे का पूरा परिवार तथा खुशी की उड़ान संस्था के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया, और इन लोगों तक सामान पहुंचाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में श्रीधर दुबे, अन्नपूर्णा दुबे, पूर्व ग्राम प्रधान विजय मिश्रा, सुदीक्षा दुबे, चितेश्वर सेठ, सचिव रितिक कुमार, विकास गुप्ता, कृतिका दुबे, रितिक कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# स्पोर्ट्स



डुबलिन में महिला विश्वकप फुटबॉल क्वालीफायर में खेलती हुई खिलाड़ी।

## अंडर 19 एशिया कप

# भारत ने यूएई को 10 विकेट से हराया



### वैभव ने 46 बॉल पर 76 और आयुष ने 51 बॉल पर 67 रन बनाए

**शारजाह।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। शारजाह के मैदान पर यूएई ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम 44 ओवर में 137 रन ही बना सकी। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट लिए। वहीं जवाब में भारत ने बिना विकेट खोए 16.1 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए। वैभव ने 46 बॉल पर 76 और आयुष ने 51 बॉल पर 67 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाए। वैभव को पिछले क्ष्ढछ ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वहीं 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पहले दो मैच में फ्लॉप रहे थे। इस मैच में उन्होंने अपनी पहली ही बॉल पर सिक्स लगाया। वैभव ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 46 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। पारी में 6 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उन्होंने ओपनर आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर 97 बॉल में 143 रन जोड़े। वैभव ने छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया। वहीं आयुष म्हात्रे ने अपनी 67 रन की पारी में 4 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्होंने 38 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आयुष ने 51 बॉल का सामना किया और 131.37 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। इसके साथ ही वे क्ष्ढछ इतिहास में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए हैं। बिहार के खिलाड़ी का आईपीएल में इस सीजन से डेब्यू होगा। वैभव ने अंडर-19 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाया था। उन्होंने फर्स्ट क्लास में 12 साल की उम्र में डेब्यू किया था।

### 44 ओवर में ऑलआउट हुई यूएई की टीम

यूएई की पूरी टीम 137 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम 44 ओवर ही खेल पाई। यूएई की ओर से मुहम्मद रेयान ने सबसे ज्यादा 35 रन की पारी खेली जबकि ओपनर अक्षत राय 26 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट झटके, जबकि चेतन शर्मा और हार्दिक राज ने 2-2 विकेट लिए। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला।

**13 साल के वैभव ने 6 छक्के लगाए**

**आईपीएल में 1.1 करोड़ रुपए में लगी है बोली**

## बॉलीवुड न्यूज

### राज कपूर की अमर जादूगरी: सौ साल बाद भी शो जारी




**मुंबई।** लेजेंड्री राज कपूर की 100वीं जयंती पर आरके फिल्म्स, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, एनएफडीसी, एनएफएआई एंड सिनेमाज साथ मिलकर एक उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इसका शीर्षक 'राज कपूर 100 - सेलिब्रेटिंग द सेंटेनरी ऑफ द ग्रेटेस्ट शोमैन' है। यह तीन दिवसीय उत्सव 13 दिसंबर को शुरू होगा और 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में राज कपूर की 10 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। स्क्रीनिंग पीवीआर-इनॉक्स और सिनेपोलिस सिनेमाघरों में होगी, ताकि दर्शकों को यह सुनिश्चित हो सके कि देश भर में अत्याधुनिक स्थानों पर इस ट्रिब्यूट का अनुभव कर सकते हैं। उनकी फिल्मों में आजादी के बाद के भारत के आम आदमी के सपने, गांव और शहर के बीच का संघर्ष और भावनात्मक कहानियां जीवंत हो उठती थीं। आवारा (1951), श्री 420 (1955), संगम (1964) और मेरा नाम जोकर (1970) जैसी फिल्में आज भी सिनेमा प्रेमियों के दिलों में बसी हुई हैं। उनका प्रसिद्ध किरदार, चार्ली चैपलिन से प्रेरित एक 'आवारा', दुनिया भर में लोकप्रिय हुआ, खासकर सोवियत संघ में। राज कपूर को पद्म भूषण (1971), दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (1988) और कई फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आवारा और बूट पॉलिश जैसी उनकी फिल्में कांस फिल्म फेस्टिवल में भी शामिल हुईं, और जागते रहो ने कालोर्वी वैरी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में क्रिस्टल ग्लोब जीता। अभिनेता और फिल्म निमार्ता रणधीर कपूर का मानना है कि , "राज कपूर सिर्फ एक फिल्म निमार्ता नहीं थे, वे एक दूरदर्शी थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा की भावनात्मक परंपरा को आकार दिया। उनकी कहानियां केवल फिल्में नहीं, बल्कि भावनात्मक यात्राएं हैं जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं। यह उत्सव उनकी दृष्टि को हमारा छोटा सा ट्रिब्यूट है।"

### 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आया नया ट्विस्ट



**मुंबई।** समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित ये रिश्ता क्या कहलाता है की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, एक दिलचस्प कहानी और मजबूती से जोड़ी गई पटकथा के साथ। शो में समृद्धि शुक्ला (अभिरा), रोहित पुरोहित (अर्मान), और गर्विता साधवानी (रूहि) मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके अभिनय में रिश्तों और भावनाओं को इतनी खूबसूरती से दशार्या गया है कि वो दर्शकों के दिल से जुड़ जाता है। ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी फिलहाल अभिरा, अर्मान और उनके दक्ष के माता-पिता बनाने के इमोशनल सफर पर केंद्रित है। हाल ही में, मेकर्स ने एक दिलचस्प प्रोमो शेयर किया है, जिसमें आगे आने वाले हाई-स्टेक ड्रामा की तरफ इशारा किया गया है। प्रोमो में पोद्दार फैमिली में बच्चे के लिए होने वाली रस्मों की झलक दिख रही है, लेकिन जब अभिर (अभिरा का खोया हुआ भाई) वापस आता है, तब अभिरा और अर्मान की ज़िंदगी में और मुश्किलें आ जाती हैं। अभिर को बच्चे को मां के पास देने के लिए कहा जाता है, लेकिन वो दक्ष को अभिरा के बजाय रूही को दे देता है। टूटे हुए दिल के साथ अभिरा अर्मान से सच्चाई जानने की कोशिश करती है। ऐसे में अब, दर्शकों को एक इमोशनल और थ्रिलिंग सफर देखने मिलने वाला है, क्योंकि अभिरा, अर्मान और रूही की ज़िंदगी में बड़ा मोड़ आने वाला है।

### ऋचा चड्ढा व अली फजल की 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का प्रीमियर 18 को




**मुंबई।** प्राइम वीडियो, जो भारत का सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है, ने आने वाली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग प्रीमियर का ऐलान किया है। यह एक इंडो-फ्रेंच जॉइंट प्रोडक्शन है और एक बहुत ही सराही गई यंग अडल्ट ड्रामा है। इसे पुशिंग बटन स्टूडियो, डोल्से वीटा फिल्म्स और क्रॉलिन एंगल फिल्म्स के तहत ऋचा चड्ढा, क्लेयर चासग्ने और शुचि तलाती ने प्रोड्यूस किया है, जबकि अली फजल इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। गर्ल्स विल बी गर्ल्स दर्शकों को सपनों, आकांक्षाओं, भावनात्मक संघर्षों और आने वाली उम्र के लम्हों की एक रोमांचक यात्रा पर ले जाती है। यह ऋचा चड्ढा और अली फजल के पुशिंग बटन स्टूडियो का पहला प्रोडक्शन है। यह लेखक शुचि तलाती की डायरेक्टोरियल डेब्यू भी है और इसमें प्रीति पाणिग्राही और केसव बिनॉय किरॉन मुख्य भूमिकाओं में डेब्यू कर रहे हैं, जबकि मशहूर एक्ट्रेस कानी कुसरुटी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। गर्ल्स विल बी गर्ल्स 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर भारत में एक्सक्लूसिव रूप से प्रीमियर होगी। इसे अपनी वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान सनडांस फिल्म फेस्टिवल में दो अवाड्र्स मिले, जिसमें से एक टॉप अवार्ड, द ऑडियंस अवार्ड था, जो कि वर्ल्ड सिनेमा ड्रैमेटिक कैटेगरी में था। इसके बाद फिल्म का सफर जारी रहा और इसे सनडेंस में एक्टिंग के लिए स्पेशल ज्यूरी अवार्ड, लॉस एंजेलिस के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड ज्यूरी अवार्ड, जकार्ता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बियारिट्ज फि ल्म फेस्टिवल में बेस्ट फि ल्म का अवार्ड मिला, और ट्रांसिल्वेनिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म के लिए ट्रांसिल्वेनिया ट्रॉफी भी मिला।

### सचिन ने बेटी सारा को बनाया अपने फाउंडेशन की डायरेक्टर

मुम्बई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का फाउंडेशन (एसटीएफ इंडिया ) मुख्य रूप से गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल से जोड़ने का काम करता है की कमान अब उनकी बेटी सारा तेंदुलकर संभालेंगी। सचिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी बेटी सारा अब इस फाउंडेशन में डायरेक्टर के पद पर काम करेंगी। तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हो गई हैं। अब सारा भारत में खेल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल रही हैं। सचिन ने यह भी साझा किया कि सारा तेंदुलकर ने फाउंडेशन के कार्यों में अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

## विश्व चेस चैंपियनशिप : गुकेश और लिरेन ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला

सिंगापुर। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच कांटे की टक्कर जारी है। दोनों ने मंगलवार को ड्रॉ मैच खेला। फाइनल में लगातार चौथा गेम ड्रा रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरी, चौथी, पांचवीं और छठी बाजी भी ड्रॉ रही। चीन के 32 साल के लिरेन ने पहला गेम जीता था जबकि 18 साल के गुकेश ने तीसरा गेम अपने नाम किया था। 7वें गेम के दौरान सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश मजबूत स्थिति में थे, लेकिन चाइनीज स्टार ने शानदार बचाव करते हुए उन्हें ड्रॉ खेलने पर विवश किया। 72 चालों के बाद गुकेश एक प्यादे की बढ़त पर थे। इस ड्रॉ गेम के बाद दोनों खिलाड़ियों के पास एक समान 3.5-3.5 अंक हैं। 14 गेम के मुकाबले में पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी मुकाबले को जीत लेगा और वर्ल्ड चैंपियन कहलाएगा। टाइम और पोजिशन के लिहाज से बढ़त पर थे गुकेश गेम के दौरान गुकेश

### दोनों टीमों के 3.5-3.5 अंक, पहले 7.5 पॉइंट्स तक पहुंचने वाला वर्ल्ड चैंपियन बनेगा



समय और पोजीशन के लिहाज से भारी बढ़त पर थे। एक समय तो ऐसा लगा कि लिरेन फिर समय के आधार पर बाजी गंवा बैठेंगे। लेकिन उन्होंने 16 मिनट में 15 चालें चलनी थीं। 40वीं चाल में उनके पास हार से बचने के लिए सिर्फ 7 सेकेंड ही बचे थे। एक समय तो गुकेश भी समय के दबाव में फंस गए थे। उन्होंने 56वीं चाल तब चली, जब घड़ी में सिर्फ 2 सेकेंड बाकी रह गए थे। गुकेश अंत तक एक पैदल की बढ़त पर रहे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। 5 घंटे 20 मिनट तक चला मुकाबला 7वां मुकाबला 5 घंटे और 20 मिनट तक चला। पिछला मैच चार घंटे से ज्यादा समय तक चला था। यह फाइनल की अब तक की सबसे लंबी बाजी रही।

### अल-साद ने अल-नासर को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ में प्रवेश किया

दोहा। कतर के क्लब अल-साद ने सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में प्रवेश किया। ये जीत अल-साद के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मैच में उसके स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डों शामिल नहीं थे। रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया गया था। अल-साद ने हाफ टाइम के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं खेल समाप्त होने के कुछ मिनट पहले ही अल-नासर के रोमेन सैस ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अल-साद टीम को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसपर के एडम ओनास ने गोल कर उसकी बढ़त 2-1 कर दी। इस जीत से उत्साहित अल-साद के कोच फेलिक्स सांचेज ने कहा कि, ये एक मुश्किल मुकाबला था। हमने अल-नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रयास किये।

## कहीं भी खेल सकता हूं, बस प्लेइंग 11 में रहना चाहता हूं : केएल राहुल

**एडिलेट।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने एडिलेड टेस्ट से 2 दिन पहले कहा है कि वे किसी भी पोजिशन पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। बुधवार को राहुल से उनकी फेवरेट बैटिंग पोजिशन पर सवाल किया गया था। वे ओवल मैदान पर प्रैक्टिस के बाद मीडिया से बातचीत की।

32 साल के केएल राहुल से जब पूछा गया कि आप किस बैटिंग पोजिशन में सहज हैं तो उन्होंने कहा- 'कहीं भी...मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं बस प्लेइंग-11 में रहना चाहता हूं। टीम में आप मुझे कहीं भी फिट कर दीजिए। मैं बस टीम के लिए खेलना चाहता हूं। क्या

### 6 नवंबर से दूसरा टेस्ट मैच शुरू होगा



आपको आपकी बैटिंग पोजिशन के बारे में बताया गया है...? इस सवाल के जवाब में राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा- हां, लेकिन यह भी कहा गया है कि मैं आप लोगों से शेयर न करूं। वहीं केएल राहुल ने आगे बोलते हुए कहा- मैंने बैटिंग ऑर्डर में बदलाव के मेंटल चैलेंज से पार पा लिया है। मैंने कई स्थान पर बल्लेबाजी की है। इससे पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, न सिर्फ तकनीकी रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी। बल्लेबाजी क्रम बदलने से मैं सोचता था कि शुरूआती 20-25 गेंदों को कैसे खेलना है। मैं कितनी जल्दी आक्रामक हो सकता हूं? मुझे कितना सावधान रहने की आवश्यकता है? ये चीजें थीं जो शुरू में मुश्किल थीं। राहुल ने पर्थ टेस्ट में रोहित की गैरमौजूदगी में ओपनिंग की थी।

## जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम

**ब्रिसबेन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार से यहां मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में खेलेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का प्रयास इस मैच को जीतकर अच्छी शुरआत करना रहेगा। भारतीय टीम ने पिछले महीने ही न्यूजीलैंड को घरेलू एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराया। भारतीय टीम का रिकार्ड हालांकि ऑस्ट्रेलिया में अच्छा हनीं रहा है और उसे की सोलह एकदिवसीय में से चार में ही जीत मिली है। वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अब अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले अपने को अच्छे फार्म में लाना रहेगा। वहीं



भारत की बल्लेबाजी अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत पर आधारित रहेगी। मंधाना ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक एकदिवसीय में शतक लगाकर भारत को जीत दिलाई। अब मंधान पर इस सीरीज में अच्छी शुरूआत की जिम्मेदारी रहेगी। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री पहली बार एदिवसीय मुकाबला खेंलेगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरुंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकौर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया** : ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**कोच रमाकांत आचरेकर स्मृति समारोह**

## तेंदुलकर का हाथ थामकर कांबली भावुक हुए

**मुंबई।** कोच रमाकांत आचरेकर की स्मृति समारोह में सचिन तेंदुलकर अपने दोस्त विनोद कांबली से मिलते नजर आए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सचिन खुद से जाकर कांबली से हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर एक बार में कांबली यह समझ नहीं पाते हैं कि आखिर किसने अचानक से उनसे हाथ मिलाया है। इसके बाद कांबली, सचिन का हाथ नहीं छोड़ते हैं।

समारोह में कांबली, सचिन का हाथ कस कर थाम लेते हैं। फिर एंकर आता है और कांबली को हाथ छोड़ने को लेकर समझाता है। आखिर में फिर सचिन उनसे दूर हो जाते हैं। यहां कांबली के चेहरे पर निराशा नजर आती है। वहीं कांबली का 4 महीने पहले एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे चल नहीं पा रहे थे। वीडियो में कांबली एक बाइक के पास खड़े रहते हैं। फिर कुछ देर में लड़खड़ाने लगते हैं। एक व्यक्ति आगे बढ़कर सहारा देता है। 52 वर्षीय कांबली हार्ट संबंधी समस्याओं के अलावा डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। वे दवाएं ले रहे हैं।



**कांबली ने भारत के लिए 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 2477 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल, टेस्ट में 4 शतक के साथ उनके 1084 रन है**

### सचिन-कांबली मिले

उन्हें रेगुलर हॉस्पिटल जाना पड़ रहा है। कांबली को साल 2013 में दिल का दौरा भी पड़ चुका है। वहीं कांबली ने भारत के लिए 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 2477 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल है। टेस्ट में 4 शतक के साथ उनके 1084 रन हैं। वे भारत के लिए 1993 से 2000 तक खेले।

वे घरेलू क्रिकेट में आखिरी बार साल 2004 में नजर आए। कांबली ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 9665 रन बनाए। इसमें उनका हाईएस्ट स्कोर 262 रन है। वहीं कांबली और सचिन तेंदुलकर के बचपन के दोस्त हैं। दोनों ने मुंबई की मशहूर कांगा लीग में एकसाथ डेब्यू किया था। तेंदुलकर-कांबली ने स्कूल में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला था। दोनों ने शारदाश्रम स्कूल की तरफ से खेलते हुए 664 रनों की साझेदारी निभाई थी। वहीं इस साझेदारी में कांबली ने नॉटआउट 349 रन बनाए थे। यहीं से दोनों चर्चा में आए। तेंदुलकर ने 1988 में रणजी में डेब्यू किया था, जबकि कांबली को ये मौका एक साल बाद 1989 में मिला। वहीं कांबली की निजी जिंदगी भी कुछ खास सफल नहीं रही। उन्होंने पहली शादी एक क्रिश्चियन लड़की से की थी। नोएला नाम की लड़की से उनकी पहली शादी सफल नहीं हो सकी।

फिल्मी दुनिया की तरफ आकर्षित हो चुके कांबली का दिल फैशन मॉडल एंड्रिया हेविट पर आया। दोनों ने शादी की और अबतक साथ हैं। जून 2010 में एंड्रिया ने कांबली के बेटे जीसस क्रिस्टियानो को जन्म दिया। वहीं 13 मार्च 1996 को कोलकाता के ईडन गार्डन में भारत और श्रीलंका के बीच वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल था। श्रीलंका ने 251 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम एक समय 98 रन पर एक विकेट गंवाकर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सचिन के आउट होने के बाद टीम का बल्लेबाजी क्रम ढह गया।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए क्लासेन को बनाया कप्तान

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी हेनरिक क्लासेन को मिली है। दोनो ही टीमें 10 दिसंबर से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी। टी20 सीरीज में टीम को नियमित कप्तान एडेन मार्कराम के अलावा, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स की कमी खलेगी। ये सभी खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ अभी टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं।

मुख्य खिलाड़ियों के नहीं होने बाद भी दक्षिण अफ्रीकी टी20 टीम में काफी अच्छे खिलाड़ी हैं, जिसमें एनरिक नॉर्टजे और तबरेज शम्सी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के बाद पहली बार

### टीम में नॉर्टजे और शम्सी की वापसी



वापसी कर रहे हैं। वहीं ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे भी तीन साल के अंतराल के बाद टी20आई टीम में वापस आ गए हैं, उन्होंने आखिरी बार 2021 में खेला था। लिंडे सीएसके ळ20 चैलेंज के दौरान बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने 178.12 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए और 18.33 की शानदार औसत से नौ विकेट लिए।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, सभी 15 खिलाड़ी कैप्ड हैं, और हम बेहतर टीम का निर्माण करना चाहते हैं क्योंकि हम एक इकाई के रूप में आगे बढ़ना चाहते हैं। एडेन की अनुपस्थिति में हेनरिक टीम का नेतृत्व करेंगे। वह एक बहुत अनुभवी खिलाड़ी है जो खेल को अच्छी तरह समझता है । **दक्षिण अफ्रीकी टीम :** हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फेरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमेलाने और रस्सी वैन डेर डुसेन।



मुंगराबादशाहपुर के सिटी पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता लम्बी कूद लगाती प्रतिभागी।

# जौनपुर



# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिवार में शोक

**हादसा**

**जफराबाद के जमैथा गांव स्थित अखड़ों मंदिर के पास हुई घटना**

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के जमैथा गांव स्थित अखड़ो मंदिर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया।

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बालेमऊ गांव निवासी मोहित यादव बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे जौनपुर शहर से होते हुए वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह जफराबाद थाना क्षेत्र के जमैथा स्थित अखड़ो मंदिर के सामने पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार मोहित यादव को टक्कर मार दिया जिससे मोहित यादव (39) पुत्र भरत लाल यादव निवासी बालेमऊ, थाना गौराबादशाहपुर की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दिया। परिजन भी घटना स्थल पर आ गए। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया। वही घटना के बाद मौके से पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार हो गया है। घटना के बाद मोहित के परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही उक्त अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



मृतक युवक की फाइल फोटो

## विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सराय मोहिउद्दीनपुर अन्तर्गत जंगीपुर गांव में रिश्तेदारी में आये एक युवक की विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र स्थित पहाड़पुर बस्ती निवासी धर्मेन्द्र कुमार विन्द (24) जंगीपुर गांव निवासी लालचंद विन्द के यहां रिश्तेदारी में आया था। बुधवार सुबह वह मकान की छत पर चढ़ा था, ऊपर से गुजरे बिजली के तार को देख नहीं पाया और उसी खुले तार के सम्पर्क में आने से मौके पर हीं उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी, मृतक अविवाहित था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## चोरी की योजना बना रहे तीन अभियुक्त गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत आजमगढ़ मार्ग स्थित एक ढाबा के सामने चोरी की योजना बना रहे तीन आरोपितों को मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

नगर के आजमगढ़ मार्ग के कांशीराम आवास के समीप यादव ढाबा के सामने बुधवार की भोर में चोरी की योजना बना रहे चोरों को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने मुरादाबाद जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के अक्का बीकापुर निवासी वसीम पुत्र हसीन, मोनिस पुत्र मोहसिन व साबु पुत्र फूल हसन को 315 बोर एक अदद तमंचा, 315 बोर एक जिंदा कारतूस, लोहे की राड, कटर, छेनी आदि बरामद कर धारा 313 भारतीय न्याय संहिता व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों अभियुक्तों को चालान भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रदुम्न मणि त्रिपाठी, विनय सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश मिश्रा, मनीष कुमार मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीएम, एसपी ने बदलापुर महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण



**बदलापुर।** क्षेत्र के सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में 7 व 8 दिसम्बर को होने वाले दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव स्थल पर चल रही तैयारियों का जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा के साथ क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र द्वारा बैठक के बाद निरीक्षण किया गया। डीएम ने महोत्सव की स्थल की तैयारियों को हर बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सल्तनत बहादुर पीजी कालेज के हाल में होने वाले बैठक स्थल का भी जायजा लिया और सम्बंधित विभाग के अधिकरियों से बातचीत की। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अरबिंद सिंह को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान अच्छे से साफ सफाई तथा फागिंग की ब्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय?। मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा को विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी एवं मौके पर ही पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित कर सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने की बात कहा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, तहसील राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विनय इलेवन चनेथू ने क्रिकेट क्लब चौरी को दी पटखनी




**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महरछा टाइटंस किंग द्वारा 28 नवंबर से महरछा विद्यालय के पीछे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमें 16 टीमों ने प्रतिभाग लेकर अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी दिया। मुख्य मुकाबला मंगलवार 3 दिसंबर को विनय इलेवन क्रिकेट क्लब चनेथू एवं चौरी क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया जिसमें विनय इलेवन क्रिकेट क्लब चनेथू के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में चौरी क्रिकेट क्लब को पराजित कर दिया। विजेता टीम को 25 हजार और मेडल, उपविजेता टीम को 15 हजार एवं मेडल दिया गया मैन ऑफ द सीरीज को कूलर दिया गया समस्त ग्रामवासियों के सहयोग एवं अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर खेल मंत्री राजेश मिश्रा, जियालाल यादव, राहुल मौर्या, अनुपम मौर्या, क्रीड़ा अधिकारी रजत मौर्या, राहुल मौर्या शाक्य, गौरव शुक्ला, अर्पण सिंह, सूरज मौर्या, अखिलेश यादव, आकाश मौर्या, मुन्ना राकेश, हीरालाल राकेश, संचालनकर्ता सौरभ मौर्या, अभिषेक मिश्रा, अजय यादव, अंपायर विनोद पांडेय, आनंद पांडेय, विजय भान राकेश, कॉमेंटेटर आकाश सिंह, प्रशांत सिंह, शनि सिंह, पिच रिपोर्टर आलोक यादव, शिवम पांडेय, अतुल मिश्रा, विमल शुक्ला, वालेंटियर आशुतोष पांडेय, अनिकेत मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, आलोक मौर्या, शिवा मौर्या, मयंक यादव, हिमांशु यादव, प्रभांशू यादव, किशन मौर्या, रंजीत, रवि, अमन, यशवंत, नवीन, राघवेंद्र, चंदन, कृष्णा, मनीष, अजय यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित पीआरबी वाहन खाई में पलटने से बाल-बाल बचा



**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के जौनपुर-गाजीपुर मार्ग पर गंगौली गांव हनुमान मंदिर शिवाला के समीप 112 नंबर पीआरबी पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में चली गई। जिसमें सवार पुलिसकर्मी मामूली रूप से चुटहिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि 112 नंबर पीआरबी 2320 में हेड कांस्टेबल एवं महिला कांस्टेबल सवार होकर केराकत से देवकली की ओर जा रहे थे कि तभी साइकिल सवार स्कूली छात्रा को बचाने के प्रयास में पीआरबी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में चली गई। जिसमें सवार पुलिस कर्मियों को मामूली चोटे आने की बताई जा रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो खाई में एक पेड़ उनके लिए राहत का काम किया अन्यथा पुलिस की गाड़ी और भी नीचे जाकर पलटती तो एक बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### तीन के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज



**मछलीशहर।** कोतवाली पुलिस ने सूरत में अल्थम टेनामेंट कंपनी चलाने वाले सिकरारा थाना क्षेत्र के कसनहीं गांव के मूल निवासी राजकुमार जगुनाथ गुप्ता की तहरीर पर तीन लोगों पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है।राजकुमार जगुनाथ गुप्ता ने अपने तहरीर में आरोप लगाया है कि कौरहा पेट्रोल पंप के संचालक मनीष कुमार यादव उनकी पत्नी पूनम यादव और कटाहित गांव निवासी आजाद यादव द्वारा उक्त पंप का सौदा सवा करोड़ में किया गया। जिसमें कई बार में 15 लाख रुपया खाते में बयाना स्वरूप लिया गया। अब पंप की बिक्री के लिए कहा तो उक्त लोग मुकर गए और लिया गया पैसा भी वापस देने से मना कर दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश में आने पर जान से मार देने की धमकी दिया है। राजकुमार डर से अपने पैतृक गांव नहीं आ रहा है। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

### पिकअप के धक्के से छात्र घायल

**चंदवक।** स्थानीय बाजार के हरिहरपुर रोड पर पिकअप के धक्के से छात्र घायल हो गया। उसका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पिकअप को कब्जे में ले लिया है। मॉडर्न विंग्स स्कूल कोपा में अध्ययनरत हरिहरपुर निवासी अजय पांडेय का पुत्र प्रिंस को स्कूल बस लाकर बाजार में घर जाने के लिए उतारी। इसी दौरान पिकअप से धक्का लग गया जिससे उसको चोटें आ गई। इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। पिकअप पुलिस के कब्जे में है।

### नाबालिग किशोरी को भगाने के आरोपी का हुआ चालान

**सुइथाकला।** सरपतहां पुलिस द्वारा बुधवार को सुइथाकला गांव निवासी एक आरोपी का नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए चालान कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासी सन्दीप 18 पुत्र बेचन पर एक अल्पसंख्यक समुदाय की नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोप रहा। मामले में पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज तलाश कर रही थी जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

## बीपीएड में प्रवेश हेतु तृतीय काउंसलिंग 18 और 19 को

**आयोजन**

**एकलव्य स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से होगी काउंसलिंग**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीपीएड् पाठ्यक्रम सत्र 2024-2026 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष तृतीय शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग 18 एवं 19 दिसम्बर को एकलव्य स्टेडियम में प्रातः 9 से आयोजित होगी।

अब तक ऑनलाइन आवेदन कर चुके तथा प्रथम व द्वितीय दक्षता परीक्षा से छूटे हुए प्रवेश से वंचित पंजीकृत अभ्यर्थी भी उपरोक्त तिथियों में प्रतिभाग कर सकते है। बीपीएड प्रवेश के इच्छुक वे अभ्यर्थी, जो किन्ही कारणों से आवेदन नही कर सकें है, ऐसे अभ्यर्थियों के लिये 16 दिसम्बर 2024 तक के लिये रिक्त सीटों के सापेक्ष आवेदन हेतु पोर्टल खोला जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट की उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन कर, उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रवेश हेतु प्रतिभाग कर सकते है। उक्त दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी किये गये 10 बिन्दुओं के दिशा निर्देशों के अनुसार पालन करते हुए काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित हो। अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक नियम, निर्देश, आवेदन फार्म, प्रपत्र 'क' आदि विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.vbspu.ac.in पर उपलब्ध है।

## प्रबंध अध्ययन संकाय की परीक्षा का कुलपति ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय की विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2024-25 के दूसरे दिन बुधवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने आईबीएम परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा दोनों पालियों में आयोजित की गयी तथा कुल 324 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

दोनों पालियों में एमबीए, एमबीए (एग्री बिजनेस), एमबीए (ई-कॉमर्स), एमबीए (फाइनेंस और कंट्रोल), एमबीए (एचआरडी) तथा बीकॉम (ऑनर्स) की परीक्षाएं आयोजित की गयी। वर्तमान सत्र से विश्वविद्यालय परीक्षा व्यवस्था प्रणाली में व्यापक बदलाव करते हुए परिसर परीक्षा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विकसित तथा कुलाधिपति एवं उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित ईआरपी समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जा रहा है जो कि प्रदेश में पहली बार किया जा रहा है। सहायक केन्द्राध्यक्ष सुशील कुमार ने केंद्र पर व्यवस्था से कुलपति को अवगत कराया। कुलपति ने सभी कक्षाओं में चल रही परीक्षा का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में बने कण्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

उड़ाका दल के सदस्य में डॉ. रसिकेश, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह रहे। इस मौके पर अनुपम कुमार, मनोज कुमार त्रिपाठी, यशी सिंह, डॉ. अबू सालेह, डॉ. सुशील कुमार सिंह, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, मो. शहाबुद्दीन, डॉ. प्रवीन कुमार मिश्रा, डॉ. निशा पाण्डेय, डॉ. रितु विश्वकर्मा, डॉ. राकेश कुमार उपाध्याय, डॉ. अंजनी मिश्रा, मोहित भाटिया, दीपांजली गुप्ता बुशरा जाफरी, राजिंदर सिंह, पिंटू आदि उपस्थित रहे।

## दौड़ में अनन्या और लंबी कूद में शिवम व रुखसार रहे अव्वल



**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन कक्षा चार से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं के रेड, ब्लू, ग्रीन व येलो हाउसों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

खिलाड़ियों ने कबड्डी, दौड़, खो-खो, लंबी कूद व लंबी दौड़ में चार हाउस ने हिस्सा लिया। कक्षा 4 से लेकर 6 तक 100 मीटर दौड़ में मो. अयान प्रथम, अनन्या दुबे व विभा पांडेय द्वितीय तथा कक्षा 7 से लेकर 12 तक 200 मीटर दौड़ लड़कियों में कशिश गुप्ता प्रथम व इसप्रिहा यादव तथा लड़कों में शिवम विश्वकर्मा प्रथम, अनुज द्वितीय व शाद इब्राहिम तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 से 12 तक लंबी कूद लड़कियों में रूकसार प्रथम, जानवी द्वितीय व अदविका तृतीय तथा लड़कों में शिवम विश्वकर्मा प्रथम व मो. साहिल द्वितीय स्थान हासिल की। कक्षा 6 से लेकर 12 तक कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रीन व रेड तथा ब्लू व येलो हाउस में जमकर मुकाबला हुआ। जिसमें लड़कियों में येलो प्रथम व ब्लू हाउस द्वितीय तथा लड़कों में ग्रीन प्रथम व ब्लू हाउस द्वितीय स्थान पर रही। खो-खो प्रतियोगिता लड़के व लड़कियों में येलो हाउस का दबदबा रहा। विभिन्न खेलों में स्नेहांस यादव, सोनाक्षी, रुद पटेल, मयंक, मो. सहिल, कृष्णा, शिवम, शगुन व काव्या आदि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका अभिषेक मिश्रा व नीरज मिश्रा तथा कोच की जिम्मेदारी रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, रूपम, हिना खान, सुष्मिता, बबीता, मधु शुक्ला, कमलेश, प्रज्ञा सिंह, सुभाष चंद्र मिश्रा, सरोज बिन्द, अजीत सिंह, मृदुका सिंह व ज्ञान केशरी आदि लोगों ने खेल में सहयोग किया।

## बाराती युवक का हुआ चिकित्सकीय परीक्षण

**सुइथाकला।** दो दिन पूर्व अरसिया क्षेत्र में आयी हुई बारात में गाड़ी निकालने को लेकर पीटे गए एक बाराती युवक का बुधवार को पुलिस द्वारा स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। बताया जा रहा है कि अरसिया क्षेत्र में दो दिन पूर्व आयी हुई बारात में गाड़ी निकालने को लेकर बाराती पक्ष के ही दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें अम्बेडकर नगर जनपद के टांडा निवासी प्रवीण कुमार तिवारी 40 पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी पिटने से घायल हो गया। फिलहाल मामला पुलिस में जाने के बाद बुधवार को पुलिस द्वारा स्थानीय सीएचसी पर उक्त बाराती युवक का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। जिसमें चिकित्सक ने हालत ठीक न देखते हुए उसे रेफर कर दिया। मामले के बाबत थानाध्यक्ष से मोबाईल पर सम्पर्क साधा गया, लेकिन काल रिसीव नहीं हुआ।

## शांति समिति की बैठक में सतर्क रहने की दी गई हिदायत

जनसंदेश न्यूज



**जफराबाद।** बुधवार को थाना परिसर में आयोजित आगामी 6 दिसंबर को लेकर एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें अंडर ट्रेनिंग आईपीएस व प्रभारी सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव और सीओ सदर देवेश सिंह ने कहा कि 6 दिसंबर को किसी भी संप्रदाय द्वारा न ही उसे शौर्य दिवस और न ही मातम दिवस के रूप में इसे मनाया जाए।

सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की अफवाहे फैल रही हो तो उस चैनल को रोकने की जरूरत है न ही उसे फारवर्ड करने की। उस मैसेज को कतई फॉरवर्ड न करें और थाने को सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक जेपी यादव ने बैठक में आए हुए सभी लोगों को सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव से परिचय करवाया और उनके गांव, कस्बो इत्यादि के बारे में जाना और समस्याओं के बारे में पूछा।

इस अवसर पर रिशु सिंह, अरविंद सिंह नगर पंचायत कचगांव अध्यक्ष फिरोज खान, जफराबाद नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज खान, व्यापार मंडल अध्यक्ष उमाकांत गिरी, अखिलेंद्र सिंह, रमेश चंद्र जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. जेपी सिंह के नेतृत्व में कुलपति से मिला शिक्षक संघ



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह से महाविद्यालय के शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांगों को लेकर डॉक्टर जेपी सिंह सभी महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के पीएचडी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया हेतु विज्ञापन तत्काल निकालने, कार्यरत शिक्षकों को शोध हेतु निश्चित शुल्क रुपए 150000/ से कम करके रुपये 30000 हजार से 50000 हजार के मध्य करने, नए मानक को पूरा करने वाले शिक्षकों को शोध निर्देशक बनाए जाने हेतु आवेदन के लिए पोर्टल खोलना तथा जिन शिक्षकों को पीएचडी की डिग्री अवार्डेड है के अनुमोदन सहित तमाम लंबित मांगों को लेकर कुलपति से विस्तृत व तार्किक वार्ता किया गया। सभी शिक्षकों ने कहाकि परीक्षा को देखते हुए शीतकालीन अवकाश के मध्य आगे की छुट्टी में समायोजित किया जाए।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह द्वारा सभी माँगों पर अपनी सहमति देते हुए जल्द ही औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्णय लेने हेतु आश्वासन दिया गया है। शिक्षक संघ फुपुक्टा के प्रांतीय सदस्य डॉक्टर सुभाष चंद्र वर्मा, प्रांतीय सदस्य डॉ. इंद्रजीत सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष डॉक्टर रेखा त्रिपाठी, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री डॉ. जेके राव, संयुक्त मंत्री डॉ. पवन पांडे तथा कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार कसौधन, पुस्तकालय मंत्री डॉ. नीरज सिंह सहित तमाम शिक्षकों ने उपरोक्त मांगो का समर्थन किया।

## नगर पालिका का बनेगा मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर

**40 लाख रुपये की लागत से तीन बिस्वा आवंटित भूमि पर बनेगा केन्द्र**

**पहल**

- **नगर के सुल्तानपुर रोड स्थित सुरीस गांव में मिली भूमि**
- **सेंटर निर्माण से बढ़ेगी पालिका की आय**
- **विधायक रमेश सिंह का अथक प्रयास लाया रंग**

जनसंदेश न्यूज



**शाहगंज।** नगर पालिका को मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एमआरएफ) निर्माण हेतु रास्ता साफ हो गया। सुल्तानपुर रोड स्थित सुरिस गांव में तीन बिस्वा बंजर खाते की भूमि जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका को हस्तानांतरित किया गया है। विधायक रमेश सिंह के अथक प्रयास से उक्त भूमि व धनराशि आवंटित हुआ। मालूम रहे कि वर्षो से एमआरएफ की दरकार नगर पालिका को थी। लेकिन भूमि व धन के अभाव में पूरा नहीं हो रहा था।

फिलहाल एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया के निर्देश पर तहसीलदार आशीष सिंह ने दल बल समेत मौके पर पहुंच भूमि का चिन्हांकन कराया। ग्रामीणों के हल्के विरोध को सरकारी कार्य में बाधा न बनने की हिदायत दे समझा बुझाकर काम शुरू कराया। विधायक रमेश सिंह ने कहा कि नगर व क्षेत्र के विकास का पहिया चल निकला है। वर्षो से विकास से महरूम क्षेत्र को नई गति मिल रही है। इसके निर्माण कार्य से जहां स्वच्छ पर्यावरण हेतु ठोस मैटेरियल का निस्तारण होगा। वहीं पालिका की आय में वृद्धि भी होगा। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह बंटी ने कहा कि एमआरएफ सेंटर बन जाने से ठोस मैटेरियल के निस्तारण में मदद मिलेगी।

इस बाबत नपा अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी ने बताया कि सेंटर पर नगर पालिका वेयर हाउस, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी केन्द्र बनाया जाना है। निजामपुर स्थित कूड़ा डम्पिंग केन्द्र से ठोस मैटेरियल (लोहा प्लास्टिक आदि) लाया जायेगा। यहां पृथक्करण व निपटान होगा।

# निजीकरण के विरोध व तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त की मांग को लेकर प्रदर्शन

**आक्रोश**

आठ सूत्री मांगो को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज




**भदोही।** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले वामपंथी पार्टियों के नेताओं ने निजीकरण के विरोध व तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान नेताओं ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन विभाग के सहायक अभियंता धीरज मिश्र को सौंपा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से प्रदर्शन कर रहें संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष इंद्रदेव पाल ने कहा कि वाराणसी और आगरा विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण करने का पावर कॉरपोरेशन का निर्णय बिल्कुल अदूरदर्शी और जनविरोधी है। उन्होंने मांग की कि इस निजीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

यह निर्णय सरकार और कर्मचारियों के बीच किए गए समझौते का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेशन के घाटे को पूरा करने के लिए सरकार को 46130 करोड़ रुपए देने का वादा पूरा करना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा के मंत्री रामजीत यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को अपने वादे के अनुसार 300 यूनिट बिजली निःशुल्क देने की योजना को लागू करना चाहिए। उन्होंने स्मार्ट मीटर और मीटर लगाने के कार्य को रोकने की मांग की और कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को झूठे केस में फंसाकर परेशान नहीं किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने अघोषित बिजली कटौती बंद करने और बिजली विधेयक-2022 को रद्द करने की भी मांग की।इस अवसर पर बनारसी सोनकर, जगन्नाथ मौर्य, भूलाल पाल, भान सिंह, ज्वाला प्रसाद, ज्ञानप्रकाश,कबूतरा, घनश्याम,पंधारी यादव, केशव प्रसाद, चिंतामणि, बेचू लाल, रमेश कुमार, श्रीराम, काशीनाथ और नंदलाल प्रमुख रूप से शामिल थे।

# अतिक्रमण करने वाले 40 दुकानदारों को ईओ ने दी नोटिस व चेतावनी

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** सड़क के किनारे ठेला, तख्त आदि रखकर अवैध अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों पर पालिका प्रशासन सख्त रुख अख्तियार करते हुए

सड़क के किनारे अवैध रूप रखे गए तख्तों को अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने नपा कर्मियों से हटवाया व पालिका के सामने ओवर ब्रिज के नीचे ठेले पर व सड़क पर लगे फल, आलू, प्याज व सब्जी लगाने वाले 40 दुकानदारों का नाम पिता का नाम पता व मोबाइल नम्बर नोट कराते हुए इओ धर्मराज सिंह ने सभी को नोटिस दिया। बुधवार को दुकानदारों को अल्टीमेटम देते हुए ईओ ने कहा कि अगर कोई भी दुकानदार सड़क पर कब्जा किये हुए मिलता है तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चालीस दुकानदारों का नाम पता नोट कर ब्रिज के निचे बने वेंडर जोन में दुकानदारी के लिए जगह अलॉट किया जाएगा। इसके बाद जो भी दुकानदार पटरी पर कब्जा किये हुए मिला उनके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। इस मौके पर कर अधीक्षक अशोक कुमार मिथलेश, अवर अभियंता सिविल कृष्ण मोहन, अवर अभियंता जल रवि विश्वकर्मा, कर निरीक्षक ललित कुमार, साहबे आलम सहित कई नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन के निर्देश पर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत ज्ञानपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। ज्ञानपुर कोतवाली पुलिस ने तिनबरवा में हुई चोरी की घटना में शामिल चोर व चोर के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल हीरो एचएफ डीलक्स व एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। अक्कू कन्नौजिया निवासी चककिसुनदासपुर तीनवरवां थाना ज्ञानपुर के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को रात्रि चोरी हुई थी। वादी की सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा संख्या145/2024 धारा-303(2) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी के निर्देश के क्रम में मंगलवार की रात्रि में थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम नन्दापुर-तीनवरवां मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन चोर माया शंकर शर्मा पुत्र स्व. चुन्नीलाल शर्मा निवासी गजधरा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। सफलता प्राप्त करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, संजय गुप्ता, मंगरु यादव व अमृतांशु गौतम आदि शामिल रहें।

### रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार



**भदोही।** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिंगुरपुर में रास्ते के विवाद को लेकर दो पड़ोसी पक्षों द्वारा आपस में कहा-सुनी के दौरान लाठी-डंडा व ईट पत्थर से मार-पीट किया गया एवं गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट के प्रकरण में ज्ञानधर मिश्रा से प्राप्त सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध मुअसं-148/24 धारा-191(2), 115(2), 351(3), 125, 109(1) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए मेडिकल परीक्षण सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में बुधवार को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सोनू मिश्रा उर्फ संदीप मिश्रा पुत्र श्याम नारायण मिश्रा निवासी झिंगुरपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

### बरगदा हनुमान जी का भव्य श्रृंगार, किया गया सुंदर कांड का पाठ

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित बरगदा हनुमान मंदिर पर मंगलवार को भव्य श्रृंगार कर सुंदर कांड पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। पवनपुत्र का अलौकिक श्रृंगार के साथ शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर सुंदर कांड पाठ किया गया, समापन पर हवन पूजन के उपरांत पुजारी अज्जू महराज ने प्रसाद वितरित किया। पुजारी ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर विरेद्र मिश्रा, सिंटू शुक्ला, आशीष व अन्य मौजूद रहे।

### निजीकरण के जरिए पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का हो रहा षड्यंत्र

**नियामताबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल के विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण करने के फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी आह्वान के तहत पीडीडीयू नगर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री संबोधित मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड गुलाब चन्द ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बिजली के निगमों के घाटे का बहाना बनाकर जनता को गुमराह कर रही है और स्मार्ट प्रीपेड मीटर व निजीकरण के रास्ते अपने पूंजीपतियों को मुनाफे के लिए प्रतिबद्ध हैं।स्मार्ट मीटर व प्रीपेड मीटर के जरिए पहले से ही आम जनता मुश्किलों को झेल रही हैं अब बिजली के निजीकरण आम जनता के सामने बेतहाशा मुश्किलों को बढ़ाएगा और आम जनता खासकर गरीब, मजदूर, किसान को बिजली जला पाना मुश्किल हो जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार व उत्तर प्रदेश पवार कार्पोरेशन के द्वारा बिद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के फैसले से आम जनता को पूंजीपति अपने मुनाफे के लिए निचोड़ने का ही काम करेंगे। सरकार के इस फैसले का भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश पुरजोर विरोध करती है। और सरकार से मांग करती है कि जनता के हित में बिजली के निजीकरण का अपना फैसला तत्काल वापस ले। कार्यक्रम में मिठाई लाल, बुद्धिराम, जोखू, कांता, चरणदास, कन्हैया यादव, रामप्यारे यादव, शकुंतला देवी, शमशेर, गणेश आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। अध्यक्षता कमलेश कुमार व संचालन सतीश चन्द ने किया।

### चार पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**नौगढ़।** चकरघट्टा थाना पुलिस ने पशु तस्करी के आरोप में वांछित 04 पशु तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई किया है। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि चकरघट्टा थाने में पशु तस्करी के आरोप में वांछित मझगाई गांव निवासी गैंग लीडर राजेश यादव पुत्र रामजी व सहयोगी लालतापुर गांव के रहने वाले बसन्तू बियार पुत्र डंगर करन कुमार पुत्र शिवबरत जमसोत गांव के सवरू पुत्र लालता के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई किया गया है। सभी अभियुक्त चकरघट्टा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। जिनके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 83/2024 धारा 3(1) उ.प्र.गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत चकरघट्टा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। नौगढ़। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बुधवार को राजकीय महाविद्यालय सभागार में साइबर क्राइम से बचाव विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर क्राइम विशेषज्ञ पवन कुमार अनिल कुमार राहुल सिंह व मनोज कुमार ने वित्तीय व सोशल मीडिया साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बारे में सविस्तार जानकारी दिया। महाविद्यालय में अध्ययनरत शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आनलाइन पोर्टल व हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बतलाया। प्राचार्य डा. रमेश कुमार सिंह ने साइबर क्राइम से बचाव संबंधी जानकारी दिया। बताया कि जागरूक रहने पर ही साईबर क्राइम से बचा जा सकता है। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी रमेश चंद्र, डॉ.कृष्ण कुमार मौजूद रहे।

# रोजगार का चयन करते समय विशेषताओं के साथ रुचियों का ध्यान जरूरी

**सलाह**

कौशल विकास हेतु उन्नति विषय पर कार्यशाला का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्तावधान में छात्रों मे कौशल विकास हेतु उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज ने रोजगार सृजन के लिए तकनीकी कौशल, क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि रोजगार का चयन करते समय व्यक्तित्व की विशेषताओं के साथ-साथ रुचियों का ध्यान रखना चाहिए। जिससे कि अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके और आर्थिक विकास सुनिश्चित हो। वक्ता एवं ट्रेनर सौरभ पाण्डेय नें कहा कि रोजगार एवं समाज में सम्मान जनक स्थान पाने के लिए जरुरी है कि छात्रों को भाषा, तनाव प्रबंधन, नेतृत्व कौशल, समूह प्रबंधन, आदि पर ट्रेनिंग आवश्यक है। इस हेतु महाविद्यालय में 30 दिवसीय निःशुल्क कोर्स महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुजीत कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजकुमार सिंह यादव ने किया। कार्यशाला में प्राध्यापकगण डॉ. माया, डॉ. अनुराग सिंह, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ अनीश कुमार मिश्र, डॉ शिखा तिवारी, डॉ पूनम द्विवेदी, डॉ ऋत्विक रंजन सिंह, डॉ विनोद भारती एवं छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहें।

# एकमुश्त समाधान योजना का लें लाभ, ब्याज पूरी तरह माफः डीएम

**सुविधा**

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** जनपद के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना लागू होने से अधिभार में छूट मिलेगी। योजना का प्रथम चरण 15 से 31 दिसंबर, दूसरा चरण अगले वर्ष एक से 15 जनवरी और तीसरा चरण 16 से 31 जनवरी तक लागू होगा। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने प्रेसवार्ता कर विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 पर विधिवत जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विलंबित भुगतान अधिकार में छूट मिलेगी। उन्होंने जनपद के उपभोक्ताओं से अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और एकमुश्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा। विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत, और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी।

# कमर में अवैध असलहा खोंसकर रील बना रहे युवक का वीडियो वायरल

जनसंदेश न्यूज



**चंदवक।** क्षेत्र के एक गांव में पेड़ के पास अवैध असलहा कमर में खोंसकर रील बना रहे युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। दहशत फैलाने की नीयत से बनाएं गए वीडियो का जनसंदेश टाइम्स पुष्टि नहीं करता। दहशत फैलाने की नीयत से एक युवक का कमर में अवैध असलहा खोंसकर किसी से फोन से बात करते हुए रील बनाया गया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो लेवरुआं गांव के निकट का बताया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्त ने बताया कि किसी युवक का कमर में अवैध असलाहा खोंसकर वीडियो बनाने का मामला संज्ञान में नहीं है। संज्ञान में आने पर विधिक कार्रवाई की जाएंगी।

# जनपद में रोड कटिंग के संबंध में आयोजित हुई बैठक

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में जौनपुर के रोड कटिंग के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा मार्गों की कटिंग कर उनका रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है, इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय/ग्रामीण) को निर्देशित किया है कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही मार्गों को रि-स्टोर करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संबंधित से वित्तीय उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए वसूली की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा जल निगम के अधिशासी अभियन्ता एवं उनके ठेकेदारों को मार्गों की कटिंग की सूची उपलब्ध करायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों के अभियन्ताओं एवं कार्यदायी संस्था को उक्त बैठक के संबंध में पुनः आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय/ग्रामीण), राष्ट्रीय राज्यमार्ग के अधिशासी अभियन्ता, नगर निकाय के अधिशासी अधिकारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत, मण्डी परिषद, सिंचाई विभाग के अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बांगला देश में अल्पसंख्यकों पर हो रही घटना चिंताजनक

**गोपीगंज।** सर्व समाज जनहित पार्टी की बैठक बुधवार को कैंप कार्यालय नारायणी कटरा गोपीगंज मे हुई। जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यको पर हो रहे अत्याचार की निंदा की गई। उनकी सुरक्षा व धर्म स्थलो की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने कहा कि बंगलादेश मे आए दिन अल्पसंख्यको पर अत्याचार किया जा रहा है। चिन्हित कर उनका घर जलाया जा रहा हैं और देवी देवताओं के मूर्तियों को खंडित किया जा रहा है और वहां के बहन बेटियों के साथ आए दिन बलात्कार हो रहा है, लेकिन बांग्लादेश का अंतरिम सरकार यूनुस कट्टर पंथियों के खिलाफ के कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बैठक में केंद्र सरकार से इस पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। इस मौके पर धनेश पंडा, कैशर खान, सिंटू शुक्ला, घनश्याम कौशल, प्रमोद कुमार, रामबाबू व अन्य शामिल रहे।

# शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि की प्राप्ति

जनसंदेश न्यूज



**जंघई।** चनेथू पड़ान गांव में मुख्य यजमान सरोजा देवी एवं कमलेश पांडेय के निवास पर आयोजित संगीतमय शिव महापुराण अमृत कथा में बुधवार को समापन दिवस पर कथावाचक आचार्य सुधाकर मिश्र ने कथा सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है।

उन्होंने कहाकि भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवाँछित फल देने वाले हैं। श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल, वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक-दूसरे के सहायक बनते हैं जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं, वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते। शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर सकते हैं, शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। कहा कि इस अलौकिक शिवपुराण की कथा सुनना अर्थात पाप से विमुक्त होना है। शिव महापुराण में कथा को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे और श्रोता झूम उठे कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य भानु प्रताप मिश्रा, कैलाश नाथ पांडेय, केशव प्रसाद शुक्ल, नारायण दास शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, मुन्ना पांडेय प्रधान, गोपीनाथ पांडेय, आशाराम पांडेय पूर्व प्रधान, आचार्य मनमोहन पांडेय, सूर्यमणि शुक्ला, कृपाशंकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, विद्यामनि पांडेय, दरोगा पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, सुरेश पांडेय, विनोद पांडेय, लल्लन प्रसाद पांडेय, जयशंकर शुक्ला, अच्छेलाल पांडेय, धीराधर पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, छोटेलाल सोनी, बालकृष्ण पांडेय, सुशील उपाध्याय, पवन प्रीत, दीपक, मनीष, धीरज, महेश, रासुतोष, नीरज, विवेक, विनायक, आर्यन, अनुज पांडेय कृष्णा पांडेय एवं रुद्र पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# कोटेदारों ने कमीशन बढ़ाने के लिए उठायी आवाज



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न एवं चीनी का कमीशन बढ़ाने व मानदेय दिये जाने को लेकर बुधवार को काटेदारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार शासन के मंशानुसार राशन वितरण करते हैं, साथ ही कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदार प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क वितरण किया गया। कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुये सरकार के दिशा-निर्देशों में ई-पास मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया, जिसकी सराहना की गयी और उत्तर प्रदेश सरकार को भारत सरकार ने प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। उप्र के कोटेदार सरकार के निर्देशानुसार वितरण करते हैं। परन्तु कोटेदारों को लाभांश रु. 90 रुपए कुन्तल ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा रु. 200 प्रति कुन्तल, गोवा रु. 200, केरल रु. 200 गुजरात रु. 20000 मिनिमम इनकम गारंटी दिया जा रहा है।

मांग किया कि कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश व मानदेय देने की कृपा करें, जिससे इस महंगाई को देखते हुये कोटेदारों का भरण-पोषण सुचारु रूप से हो सके। अन्यथा की स्थिति में 5 फरवरी को समस्त राशन विक्रेता जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हससू सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष दयाशंकर निगम, विरेन्द्र कुमार दुबे, महेन्द्र कुमार यादव, गुलाब चन्द जायसवाल सहित तमाम कोटेदार नेता मौजूद रहे।

# दर्शना सिंह ने मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का उठाया मुद्दा



**चंदौली।** राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने शून्यकाल में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का मुद्दा उठाया। सांसद ने बताया कि भारत में चिकित्सा पर्यटन ने वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। यहाँ गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, सस्ती लागत और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का संगम इसे चिकित्सा पर्यटन के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाता है। आने वाले वर्षों में भारत इस क्षेत्र में और अधिक प्रगति करेगा।

भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी चिकित्सा पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत को चिकित्सा पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के पर्यटन स्थलों और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा दे रहा है। सांसद ने बताया कि भारत में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी जैसे पारंपरिक उपचार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

यह क्षेत्र न केवल यात्रा और पर्यटन को प्रोत्साहित करता है, बल्कि रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में भी योगदान देता है। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी कर अंतरराष्ट्रीय मरीजों के लिए बीमा कवरेज और कैशलेस चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। साथ ही, भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए बहुभाषी सेवाओं को भी विकसित करने की मांग की। भारत में चिकित्सा पर्यटन के तेजी से बढ़ते बाजार में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे प्रमुख शहर उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जहां अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# गांधीजी से हुए व्यवहार ने राजेंद्र प्रसाद को बदल डाला



**नेहरू से गहरे मतभेदों के बावजूद कैसे राजेंद्र बाबू लंबे समय तक राष्ट्रपति रहे**

*अब से सौ साल से भी ज्यादा समय पहले के भारत में राजेंद्र प्रसाद की जीवन शैली रईसों सरीखी थी। सम्पन्न घर के राजेंद नौकर-चाकरों से लैस रहते थे। उन्होंने कलकत्ता के नामी प्रेसीडेंसी कॉलेज में विज्ञान छात्र के रूप में दाखिला लिया था। और कलकत्ता यूनिवर्सिटी से सन 1904 में एफए की परीक्षा पास की थी और फिर वहीं से बीए में फर्स्ट डिवीजन हासिल किया था। पढ़ने में कुशाग्र थे और यही कारण था कि एक बार परीक्षा पेपर जांचने वाले ने लिखा था कि परीक्षा देने वाला परीक्षक से बेहतर है। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की आत्मकथा में जिक्र है कि परीक्षा में दस प्रश्न पूछे गए थे और छात्रों से कहा गया था कि वो किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दें। मैंने सभी 10 प्रश्नों के उत्तर लिखने के बाद लिखा था, उनमें से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर जाँच लीजिए। लेकिन राजेंद्र प्रसाद की महात्मा गाँधी से पहली मुलाकात की कहानी खासी दिलचस्प थी। राजेंद्र प्रसाद वकालत पास कर पटना के बहुत बड़े वकील बन गए थे। वो कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लेने कलकत्ता गए थे। राजेंद्र प्रसाद अपनी आत्मकथा में लिखते हैं, मैं वहाँ गाँधीजी की बगल में बैठा हुआ था लेकिन मैंने उनसे बातचीत की कोई कोशिश नहीं की क्योंकि मैं स्वभाव से थोड़ा शर्मीला था। वहाँ पर गाँधीजी से कांग्रेस के महासचिव बनने का प्रस्ताव किया गया लेकिन उन्होंने वो पद लेने से इनकार कर दिया, मुझे ये बात अच्छी नहीं लगी। वहाँ से गाँधीजी राजकुमार शुक्ल के साथ चम्पारण जाने के लिए पटना रवाना हुए और मैं पुरी चला गया। वे लिखते हैं, मैं राजकुमार शुक्ल का मुकदमा लड़ रहा था इसलिए वो गाँधीजी को पटना में मेरे घर ले आए। मैं उस समय अपने घर में नहीं था। जब शुक्ल ने मेरे नौकरों से कहा कि ये हमारे मेहमान हैं तो उन्होंने उन्हें बरामदे में उस जगह बिस्तर बिछाने की जगह दे दी जहाँ मुवक्किलों को ठहराया जाता था।*

गांधी के पौत्र राजमोहन गाँधी उनकी जीवनी मोहनदास में लिखते हैं, राजेंद्र प्रसाद के नौकरों को गांधी वेषभूषा से सभ्रांत व्यक्ति नहीं लगे इसलिए उन्होंने गांधी को न तो कुएं से पानी निकालने की इजाजत दी और न ही घर के अंदर का शौचालय इस्तेमाल करने दिया। तभी गांधी को ख़्याल आया कि लंदन में पढ़ने वाले मजहरुल हक भी उसी शहर में रहते हैं। उन्होंने उन तक संदेशा भिजवाया और वो गाँधी को लेने खुद अपनी कार में पहुंच गए। उसी रात उन्होंने गांधीजी को मुजफ़्फरपुर जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया। जब राजेद्र प्रसाद पटना लौटे तो उन्हें सारी घटना की जानकारी मिली। अगले ही दिन वो गांधी से मिलने मोतीहारी पहुंच गए। गांधीजी उस समय एक साधारण कुर्ता पहने हुए थे। शर्मिंदा राजेंद्र प्रसाद ने उनसे अपने नौकरों के व्यवहार के लिए माफी माँगी। उसके बाद चंपारण में जितने दिन गाँधी रहे राजेंद्र प्रसाद उनके साथ रहे। गांधी जी के साथ रहने से उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी में बहुत बदलाव आया। राजेंद्र प्रसाद अपनी आत्मकथा में लिखते हैं, 'मैं जाति नियमों का बहुत कड़ाई से पालन करता था और गैर-ब्राह्मण के हाथ का छुआ कुछ भी नहीं खाता था। धीरे-धीरे हम सब लोग साथ खाना खाने लगे। एक-एक करके हमने अपने सारे नौकर वापस भेज दिए। हम अपने कपड़े खुद धोते, कुएं से खुद पानी निकालते और अपने बर्तन भी खुद साफ करते। अगर हमें पास के गाँव जाना होता तो हम पैदल ही जाते। ट्रेन में हम हमेशा तीसरे दर्जे में सफर करते। हमने बिना पलक झपकाए अपने जीवन के सारे ऐशो-आराम छोड़ दिए थे। राजेंद्र प्रसाद की ख्याति पूरे देश में तब फैली जब बिहार में सन 1934 में भयंकर भूकंप आया। चारों तरफ भारी तबाही हुई और करीब-करीब सारी इमारतें ढह गईं। हजारों लोगों की मौत हुई और दसियों हजार लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। जैसे ही बर्बादी की खबर फैली सरकार ने उस इलाके के सारे राजनीतिक कैदियों को रिहा कर दिया। जवाहरलाल नेहरू पटना आए और फिर वहाँ से नुकसान का जायजा लेने मुंगेर गए। राजेंद्र प्रसाद लिखते हैं कि नेहरू ने अपने हाथों से इलाके को साफ करने और दबे हुए शवों को बाहर निकालने का बीड़ा उठाया। उन्होंने लिखा, हम पर काम का इतना बोझ था कि हमारा दिन सुबह चार बजे शुरू होता था। सारे प्रदेश का सड़क और रेल मार्ग से संपर्क टूट गया था। सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की थी। हमने कितने ही नए कुएं खुदवाए और कई नष्ट हो चुके कुओं की मरम्मत भी करवाई। इसके एक साल बाद 1935 में जब क्वेटा में भूकंप आया तो राजेंद्र प्रसाद को ही एक बार फिर राहत पहुंचाने की ज़िम्मेदारी दी गई। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सबसे लंबे समय, 12 वर्षों तक भारत के राष्ट्रपति रहे। 25 जनवरी, 1960 की रात को उनकी बड़ी बहन भगवती देवी का निधन हो गया। जब वो सिर्फ.19 वर्ष की थी तभी उनके पति का निधन हो गया था। तब से वो अपने छोटे भाई राजेंद्र प्रसाद के साथ रह रही थीं। कुछ घंटे पहले हुई उनकी प्रिय बहन की मौत के बावजूद राजेंद्र प्रसाद ने 26 जनवरी की सुबह गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली। परेड से लौटने के बाद उन्होंने अपनी बहन के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। जब राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति बने तो उस समय राष्ट्रपति का वेतन दस हजार रुपए प्रति माह हुआ करता था। उन्होंने शुरू से ही उसका आधा यानी सिर्फ.5000 रुपए वेतन लिया। बाद में उन्होंने उसको भी घटाकर सिर्फ.2500 रुपए प्रति माह कर दिया था। जब आजादी से पहले 2 सितंबर, 1946 को अंतरिम सरकार बनी तो जवाहरलाल नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद को खाद्य और कृषि मंत्री के रूप में अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। साल का अंत होते होते नेहरू ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल की सलाह पर कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष बनाने का फैसला किया। नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद को स्पष्ट कर दिया कि इस पद को ग्रहण करने से पहले उन्हें सरकार से इस्तीफा देना होगा क्योंकि नेहरू की नजर में संविधान सभा का अध्यक्ष कोई ऐसा व्यक्ति नहीं हो सकता जो सरकार में उनके अधीन पद पर काम कर रहा हो। राजेंद्र प्रसाद को ये तर्क पसंद नहीं आया था।

दुर्गा दास अपनी किताब फ़्रॉम कर्जऩ टू नेहरू एंड आफ़्टर में लिखते हैं, इसका नतीजा ये हुआ कि नेहरू-प्रसाद और पटेल के बीच तनाव पैदा हो गया। जब मामला सुलझ नहीं पाया तो इसे गांधीजी के पास ले जाया गया। गाँधी ने राजेंद्र प्रसाद को बुलवा भेजा और उनसे बात की और कहा कि उन्हें दो पदों पर नहीं रहना चाहिए। राजेंद्र बाबू को बात समझ में आ गई और उन्होंने तुरंत अपना इस्तीफा नेहरू को भेज दिया। कइयों को ताज्जुब हुआ कि राजेंद बाबू ने पद छोड़ने की बात पर नाराजगी क्यों जताई थी। गांधी जी के पुत्र देवदास ने निजी बात में कहा था कि राजेंद प्रसाद बाबू जैसा व्यक्ति भी सत्ता की चाह रख सकता है। उस दौरान नेहरू ने उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की पेशकश भी की लेकिन राजेंद्र प्रसाद ने इसे नामंजूर कर दिया क्योंकि उन्हें लगा कि उन्हें मंत्रिमंडल और संविधान सभा के अध्यक्ष पद से हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। नेहरू एक परंपरा शुरू करना चाहते थे कि अगर अगर देश का प्रधानमंत्री उत्तर से चुना जाता है तो राष्ट्रपति दक्षिण से होना चाहिए। इसको देखते हुए वो चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को देश का पहला राष्ट्रपति बनाना चाहते थे। नेहरू के सहायक रहे एमओ मथाई अपनी किताब रेमिनिसेंसेज ऑफ नेहरू एज में लिखते हैं, नेहरू राजेंद्र प्रसाद को पहला राष्ट्पति नहीं बनाना चाहते थे क्योंकि उनकी नजर में वो पुरातनपंथी और परंपरावादी थे। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद से बात करके उन्हें केंद्रीय मंत्री और योजना आयोग का अध्यक्ष बनाने की पेशकश की थी लेकिन राजेंद्र प्रसाद को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। नेहरू को कुछ दिनों में अंदाजा हो गया कि कांग्रेस के अधिकतर नेता राजाजी के पक्ष में नहीं थे क्योंकि जब 1942 में महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था तो राजाजी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

मथाई लिखते हैं, सरदार पटेल भी राजाजी का विरोध कर रहे थे। आखिरकार नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद को राष्ट्रपति बनाने का फैसला लिया, हालांकि राजाजी ने इसका बहुत बुरा माना। नेहरू और राजेंद्र प्रसाद के बीच वैचारिक दूरी 30 के दशक से ही शुरू हो गई थी जब सरदार पटेल, राजाजी और आचार्य कृपलानी ने नेहरू की समाजवाद की अवधारणा को समर्थन देने से मना कर दिया था।

सन 1950 में ये खाई और बढ़ी जब राजेंद्र प्रसाद ने कच्छ में ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण समारोह में जाने का फैसला किया। दुर्गा दास लिखते हैं, नेहरू ने इस आधार पर राजेंद्र प्रसाद के सोमनाथ जाने का विरोध किया कि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के प्रमुख के लिए किसी धार्मिक समारोह में भाग लेना उचित नहीं है। प्रसाद नेहरू के इस विचार से सहमत नहीं थे। उन्होंने कहा कि सोमनाथ एक आक्रांता के राष्ट्रीय विरोध का प्रतीक है। मैं एक धार्मिक व्यक्ति हूँ और मैं इससे अपने-आप को अलग नहीं कर सकता। राजेंद्र प्रसाद ने सरदार पटेल और नवानगर के जाम साहब की उपस्थिति में ये समारोह देखा। दुर्गा दास लिखते हैं, इस पर नेहरू नाराज हुए और उन्होंने सूचना-प्रसारण मंत्रालय को आदेश दिया कि इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद के दिए गए भाषण को प्रसारित न किया जाए। सन 1952 में जब काशी यात्रा के दौरान जब राजेंद्र प्रसाद ने पंडितों के पैर धोए तो इसे भी नेहरू ने पसंद नहीं किया। इस पर प्रसाद का जवाब था, देश का सबसे बड़ा व्यक्ति भी अध्येताओं की उपस्थिति में छोटा है। जब संसद में हिंदू कोड बिल पर बहस हुई तो राजेंद्र प्रसाद ने सांसदों को ये स्पष्ट कर दिया कि वो इसके विरोध में हैं। उन्होंने नेहरू को भी पत्र लिखकर कहा कि संविधान के अनुसार राष्ट्रपति संसद का हिस्सा होता है और वो जब भी चाहें संसद में प्रेसिडेंशियल बॉक्स में बैठ सकते हैं लेकिन नेहरू इससे सहमत नहीं हुए। नेहरू ने राजेंद्र प्रसाद को लिखा कि संसद का हिस्सा होने का अर्थ यही है कि वो साल में एक बार संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करें। संसद में प्रेसिडेंशियल बॉक्स सिर्फ. इसलिए बनाया गया है कि उसमें विदेशी मेहमान बैठ कर संसद की कार्रवाही देख सकें लेकिन नेहरू ने ये व्यवस्था भी करवाई कि राष्ट्रपति अपनी स्टडी में बैठ कर संसद के दोनों सदनों की पूरी कार्यवाही को सुन सकते हैं। इस सबका नतीजा ये हुआ कि नेहरू और राजेंद्र प्रसाद के बीच संबंध इतने ठंडे होते चले गए कि दोनों जरूरत पड़ने पर ही एक दूसरे से बात करते। धीरे-धीरे नेहरू का झुकाव उप-राष्ट्रपति राधाकृष्णन की तरफ होने लगा। नेहरू और राजेंद्र प्रसाद के संबंध औपचारिक होते चले गए लेकिन वो हर हफ़्ते राजेंद्र बाबू से मिलने जाते रहे और सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों से उन्हें अवगत कराते रहे। इन सबके बावजूद जब सन 1955 में नेहरू सोवियत संघ की यात्रा से लौटे तो राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का फैसला किया। ये सम्मान नेहरू को एक भोज के दौरान बिना किसी साइटेशन के दिया गया। जब राजेंद्र प्रसाद से इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ह्लनेहरू वास्तव में भारत रत्न हैं, क्यों न उन्हें औपचारिक रूप से भारत रत्न दे दिया जाए?

नेहरू नहीं चाहते थे कि राजेंद्र प्रसाद को दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना जाए। इस पद के लिए डॉक्टर राधाकृष्णन उनके दिमाग में थे। नेहरू का मानना था कि सात वर्ष तक इस पद पर रहने के बाद राजेंद्र प्रसाद स्वयं अवकाश ग्रहण करना चाहेंगे। लेकिन दूसरे नेताओं के दबाव में उन्हें राष्ट्रपति बनाया गया। राजेंद्र प्रसाद के विदेश जाने के किसी भी प्रस्ताव पर नेहरू बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया नहीं दिखाते थे। नेहरू का मानना था कि प्रसाद विदेश में भारत की आधुनिक धर्मनिरपेक्ष छवि नहीं प्रस्तुत करते। जब सेनाध्यक्ष जनरल थिमैय्या ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और नेहरू ने इसके बारे में राष्ट्रपति को नहीं बताया, खास तौर पर ये देखते हुए कि वो सेना के सर्वोच्च कमांडर भी थे। बाद में रक्षा मंत्री कृष्ण मेनन ने इसके लिए राजेंद्र प्रसाद से माफी भी मांगी। रिटायरमेंट के बाद राजेंद्र प्रसाद ने दिल्ली की जगह पटना में रहने का फैसला किया। 28 फरवरी, 1963 को राजेंद्र प्रसाद का पटना में निधन हुआ। उस समय वो गंगा किनारे कांग्रेस के पुराने प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में रह रहे थे।

# आरोपियों से सपाइयों की मुलाकात कराने के मामले में जेलर व डिप्टी जेलर सस्पेंड

**संभल हिंसा**

**योगी सरकार ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच का आदेश दिया था**



**मुरादाबाद।** संभल हिंसा के आरोपियों से जेल में सपा नेताओं की मुलाकात कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। मुरादाबाद जेल के जेलर विक्रम यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, सीनियर जेल सुपरिंटेंडेंट पर भी गाज गिरने की तैयारी है। सोमवार को सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन, ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खां और नौगावां सादात के विधायक चौधरी समरपाल सिंह समेत अन्य नेता जिला जेल पहुंचे थे। वहां उन्होंने संभल हिंसा के आरोपियों से मुलाकात की थी। इस घटना को लेकर शासन ने इसे गंभीरता से लिया और जांच के बाद जेल प्रशासन पर कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, इन नेताओं ने आरोपियों से करीब एक घंटे तक बातचीत की। बताया जा रहा है कि मुलाकात के दौरान कुछ जरूरी दस्तावेज और अन्य चीजों के आदान-प्रदान की भी आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद जेल प्रशासन पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा। सरकार ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच का आदेश दिया है। इस बीच, जेल प्रशासन ने भी सफाई दी है कि मुलाकात की अनुमति उच्च अधिकारियों के आदेश पर दी गई थी। हालांकि, पूरे प्रकरण पर शासन की नजर बनी हुई है और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की संभावना है।

## पीड़ित पक्ष को न्याय मिले



**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि संभल घटना की निष्पक्ष जांच चल रही है। विपक्षी नेताओं के संभल जाने पर उन्होंने कहा कि वह सिर्फ वोटों की फसल काटने वहां जाना चाहते हैं। स्थानीय प्रशासन ने वहां धारा 144 लागू लगा रखी है। मैं सभी नेताओं से अपील करता हूं कि शांति बहाल करने में प्रशासन की मदद करें। निष्पक्ष जांच होगी और न्यायिक आयोग भी मौके पर गया था। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित पक्ष को न्याय मिले और निष्पक्ष जांच हो यह हमारी प्रतिबद्धता है। पाकिस्तानी कारतूस मिलने के सवाल पर पाठक ने कहा कि इसकी उच्चस्तरीय जांच चल रही है। जब विदेशी कनेक्शन आ जाता है तो चिंता और बढ़ जाती है। हमारी सरकार के अधिकारी अपना काम कर रहे हैं, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. प्रवेश सिंह को विवि का मीडिया प्रभारी बनाने पर हर्ष

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलसचिव द्वारा डॉ. प्रवेश कुमार सिंह को विश्वविद्यालय का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। डॉ. सिंह को मीडिया प्रभारी बनाए जाने से हर्ष व्याप्त है। डॉ. प्रवेश कुमार सिंह श्री दुर्गा जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चण्डेश्वर में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। साथ ही डॉ. सिंह विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के सचिव के रूप में भी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। मंगलवार की देर शाम कुलसचिव विशेश्वर प्रसाद द्वारा जारी आदेश में डॉ. सिंह को अग्रिम आदेशों तक विश्वविद्यालय का मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद लगातार इन्हें बधाईयां मिल रही हैं। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़ा मीडिया कार्य बेहद अहम है। कम समय में विवि की गतिविधियों को मीडिया तक पहुंचाने के लिए ही डॉ. प्रवेश कुमार सिंह को यह जिम्मेदारी दी गई हैं, जिसे वह सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की तरह ही ऊचांईयां प्रदान करेंगे।

डॉ. प्रवेश कुमार सिंह ने कहा कि मुझे विश्वविद्यालय की गतिविधियों को तेज करने के लिए जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उस पर खरा उतरने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।बधाई देने वालों में डॉ. मनोज द्विवेदी, डॉ.हसीन अहमद, डॉ.संजय गौड, डॉ.रामबदन यादव, प्रो. मदनमोहन पांडेय, डॉ.धनश्याम दुबे, डॉ.रवीन्द्र कुमार पांडेय, डॉ. अलाउद्दीन, डॉ.आजाद, डॉ.अखिलेश, डॉ.राजेश, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. पंकज सिंह, डॉ.अतुल यादव, डॉ.जेपी यादव, वीरेंद्र दुबे, डॉ. सुजीत, प्रो गीता सिंह, प्रो. जूही शुक्ला, प्रो. बृजेश प्रजापति, डॉ.चन्द्र विकास, डॉ.अजीत प्रताप आदि शामिल हैं।

## संक्षेप

### ब्लॉक दिवस पर नहीं बैठे अधिकारी वापस लौटे फरियादी

मड़िहान। ब्लाक दिवस पर फरियाद लेकर पहुंचे फरियादी मीटिंग हाल बंद देख बैरंग वापस लौट गए। पटेहरा कला गांव निवासी अवधेश कुमार व सुरेश कुमार ने बताया कि पेयजल की बहुत किल्लत है। गांव के बोर से पानी ढोकर लाना पड़ता है। हर घर नल से जल योजना के तहत कनेक्शन तो दे दिया गया है पर आज तक लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंचा। जिसकी शिकायत लेकर बुधवार को ब्लॉक दिवस पर खंड विकास कार्यालय पहुंचे तो बाहर ही बताया गया कि बीडीओ साहब सचिव और टीए संग बैठक कर रहे हैं ब्लॉक दिवस नहीं लगा है। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए हर रोज कार्यालय में बैठे हैं किसी की कोई समस्या आती है तो उसका निदान कराया जायेगा।

### 19 दिसम्बर को आयोजित होगी अभिलेखा समाधान बैठक

मीरजापुर। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जारी अपने एक आदेश के तहत मझवां विधान सभा उप चुनाव में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का पूरे निर्वाचन के दौरान व्यय की गयी धनराशि के लेखे को दाखिल करने हेतु परिणाम घोषणा के 26वें दिन 19 दिसम्बर को जिला पंचायत सभागार कक्ष में पूर्वान्ह दस बजे से व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गयी है। मझवां विधान सभा उप चुनाव में चुनाव लड़ चुके समस्त प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्वाचन के दौरान व्यय की गयी धनराशि दिन-प्रतिदिन व्यय रजिस्टर एवं बिल वाउचर का मिलान कराते हुए समस्त अभिलेख लेखा टीम के पास ससमय एवं निर्धारित स्थान पर पहुंचकर जमा कराना सुनिश्चित करें।

### पारदर्शिता के साथ क्रय कर सुनिश्चित करें लक्ष्य की पूर्ति



**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को धान खरीद की प्रगति के दृष्टिगत धान क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि अब तक कुल 4162 किसानों से 27053 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 92 प्रतिशत किसानों को भुगतान किया जा चुका है। अपर जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के धान को पूरी पारदर्शिता के साथ क्रय करते हुए लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

### स्काउट के माध्यम से अनुशासित व चरित्रवान होंगे छात्र : प्राचार्य

मड़िहान। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य डा0 एसपी त्रिपाठी की देखरेख में बुधवार को मुख्य अतिथि उप प्राचार्य डा0 आर0के0 पाण्डेय की उपस्थिति में स्काउट गाइड के तीसरे दिन 64 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य ने बताया कि स्काउट के माध्यम से छात्र अनुशासित व चरित्रवान होंगे। आपदा में स्काउट गाइड के बच्चे पूरी निष्ठा के साथ लोगों की सहायता करते हैं। इन छात्रों को स्काउट के माध्यम से आपदा से बचाव के लिए कई तरह के गुण सिखाये जाते हैं। कार्यक्रम प्रभारी नईमुल्ला ने बताया कि स्काउट गाइड का यह पांच दिवसीय कार्यक्रम है। इस दौरान स्वेच्छा वर्मा, वेद मिश्र, अनामिका भारतीय, रामलखन समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### नियुक्ति पत्र वितरण आज

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती के माध्यम से पंचायती राज विभाग के चयनित 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों को जन प्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन 05 दिसम्बर सुबह 11:30 जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा।

### 18 दिसंबर को लखनऊ में शिक्षक दिखाएंगे ताकत

गाजीपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 18 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित धरना प्रदर्शन में जिले से भी अधिक संख्या में शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि प्रदेश व्यापी संघर्ष का चौथा चरण के तहत शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक (मा.), पार्क रोड, लखनऊ विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। जिसमें प्रमुख माँगो में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 12,18 व 21 को पुनः स्थापित किया जाए, तदर्थ शिक्षकों की बहाली, विनियमितीकरण एवं पूर्ण वेतन का भुगतान, वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन अनुमन्य किया जाए, शिक्षकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए, एनपीएस के रख-रखाव में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को समाप्त किया जाए, पुरानी पेंशन की बहाली, व्यावसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा एवं वेतन भुगतान, शिक्षकों की स्थानान्तरण नीति का सरलीकरण किया जाए, आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ, कोरोनाकाल में रोके गये भत्तों एवं अवशेषों के भुगतान सहित अन्य माँगों की पूर्ति करने के लिए शिक्षक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहा हैं।

# नक्सल उन्मूलन संबंधित विचारों को किया साझा



नौगढ़ थाना सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

**जनसंदेश न्यूज**

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर की अध्यक्षता में नक्सल बैठक का आयोजन बुधवार को थाना सभागार मे आयोजित किया गया। जिसमें नक्सल प्रभावित रहे 03 जनपद सोनभद्र चंदौली मिजार्पुर व पड़ोसी राज्य बिहार के कैमूर जिले के सुरक्षा बल अधिकारियो व तहसील नौगढ के शिक्षा स्वास्थ्य पी डब्लू डी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नक्सल उन्मूलन के बारे में विचारों को साझा कर संयुक्त कार्यवाही किए जाने की रणनीति तय की गई। उपजिलाधिकारी ने बताया कि थाना प्रभारी द्वय जेल से रिहा नक्सलियों पर पैनी नजर रखकर के नियमित क्षेत्र भ्रमण कर संविधान व समाज विरोधी कार्यों में संलिप्तता बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। थाने में आने वाले फरियादियों की फरियाद को पूरी तन्मयता से सुनकर आरोपों की तत्कालीन जांच कर दोषियों के विरुद्ध यथावोचित कार्रवाई किया जाय। सीओ आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि अपराधियों की धर पकड़ में संयुक्त कार्यवाही किया जाना चाहिए, जिससे अपराधियों को दूसरे थाना क्षेत्र व प्रदेश में भाग कर पुलिस पकड़ से बचने का मौका नहीं मिल सके। अन्य विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य क्षेत्र गांवों से शुरू होता है। अधीनस्थों को निर्देशित किया जाय कि किसी पर भी संदिग्धता प्रतीत होने या नक्सलियों की आवाजाही होने की जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी थाना पुलिस को सूचना दिया जाय। भरोसा दिया कि सूचना देने वाले का नाम व पता पूरी तरह से गोपनीय रखा जायेगा। बैठक में जनपद मिजार्पुर, सोनभद्र, चंदौली व बिहार राज्य के कैमूर जिले के पुलिस व पीएसी बल के अधिकारी मौजूद रहे।

## चयनित कलाकारों को बेगम अख्तर पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

**गाजीपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा/ठुमरी/गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक, जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो, को बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रु. 05.00 लाख (पाच लाख मात्र) की धनराशि एवं अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। पात्रता- कलाकार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिए, कलाकार की आयु 40 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए, अर्हताएॅ- कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि को भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिए, यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिए ह्यह्यबेगम अख्तर पुरस्कारह्यह्य का उद्देश्य दादरा, ठुमरी एवं गजल के क्षेत्र में विशेष प्रतिभावान विशिष्ट गायक को, जिसने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्ट आयाम स्थापित किया हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया हो, को सम्मानित करना है। पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इच्छुक कलाकार उपरोक्त आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर 25 नवंबर से 25 दिंसबर सायं 05.00 बजे तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय जवाहर भवन, नवम तल, लखनऊ-226001 के कार्यालय में जमा कर सकते है।

# महाकुंभ के नाम पर जनता के पैसे का हो रहा दुरुपयोग: लाल बिहारी



बौरी में पूर्व सांसद रामकिशुन के आवास पर कार्यकर्ताओं से रूबरू लाल बिहारी।

**नियामताबाद।** महाकुंभ के नाम पर जनता के पैसे का दुरुपयोग और बंदरबांट किया जा रहा है। इसके पीछे सिर्फ एक कारण है कि महाकुंभ में खर्च होने वाले धन की ऑडिट नहीं होती है। इस बार कुंभ में करीब साढ़े पांच हजार करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। उक्त बातें विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष और शिक्षक एमएलसी लाल बिहारी यादव ने बुधवार को विकासखंड के बौरी स्थित पूर्व सांसद रामकिशुन के आवास पर सपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार भाजपा की सरकार है। जिसकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है। कहा कि महाकुंभ के लिए के लिए एक हजार करोड़ का प्रावधान पहले से था। मूल बजट से साढ़े तीन हजार करोड़, अनुपूरक बजट से 600 करोड़ और केंद्र सरकार की ओर से 500 करोड रुपए की धनराशि महाकुंभ के लिए आवंटित की गई है। इस धनराशि में पूरी तरह से भ्रष्टाचार होगा, क्योंकि इसकी ऑडिट नहीं होती है। कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमा में गंगा नदी के किनारे रहने वाले लोगों को बिना किसी खर्च के गंगा स्नान, पूजा पाठ आदि करने की छूट है। लेकिन चूंकि सरकार को महाकुंभ के नाम पर पैसे का बंदरबांट करना है तो अधिक से अधिक धनराशि महाकुंभ के नाम पर खर्च की जा रही है। जो पैसा प्रदेश और देश के आयकरदाताओं और गरीब जनता का है। जिन चुनावी नारों के सहारे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी वे नारे आज के परिदृश्य में पूरी तरह से विलुप्त हो गए हैं। न ही लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा मिल रहा है, न ही किसानों को खाद, बीज, पानी समय पर मिल पा रहा है। इससे यह सिद्ध होता है कि प्रदेश का हर वर्ग सरकार की नीतियों से पूरी तरह से परेशान है। कहा कि सरकार की नीतियां सिर्फ पूंजीपतियों के लिए बन रही है। उन्हीं के लिए हर कार्य किया जा रहा है। कानून और व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह खराब है। आए दिन चोरी, हत्या, लूट, छिनैती आदि की घटनाएं आम हो गई है। इस मौके पर पूर्व सांसद रामकिशुन, पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव, प्रेमनाथ तिवारी, सुनील यादव देवता, बैजनाथ यादव, विक्की यादव, निरंजन यादव, श्याम नारायण, संजू यादव, सुदामा यादव आदि मौजूद रहे।